धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

झारखंड स्थापना दिवस समारोह का भव्य आयोजन, मंच से बोले सीएम हेमंत सोरेन

भगवान भरोसे नहीं, अपने बलबूते बनेगी पहचान

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि भगवान भरोसे नहीं अब झारखंड खुद अपनी पहचान बनायेगा। श्री सोरेन मंगलवार को राज्य स्थापना दिवस समारोह में बोल रहे थे। यह आयोजन मोराबादी मैदान में किया गया था। उन्होंने कहा कि राज्य अब गरीबी, अशिक्षा और अन्य चुनौतियों को पार करते आगे बढ़ रहा है। पिछले 21 वर्षों तक यह राज्य भगवान भरोसे छोड़ दिया गया था। जनता का आशीर्वाद रहा तो आने वाले समय में यह राज्य जरूर विकसित होगा। अभी जो विकास की डोर बनने लगी है, अगर वह टूटी तो फिर ढाक के तीन पात होंगे। अब हर हाल में गरीबी और दूसरे अभिशाप को दूर करने का संकल्प लिया है। हमारे पूर्वजों ने सदियों से झारखंड वासियों के हक, अधिकार और मांग को लेकर संघर्ष किया। यहां के लोगों के अस्तित्व और सम्मान के लिए अनेकों लड़ाइयां लड़ी। न कभी रुके न कभी थके। हम सभी के बीच दिशोम गुरु शिबू सोरेन मंच पर उपस्थित हैं। आदरणीय गुरु जी के नेतृत्व में अलग राज्य की परिकल्पना को पूरा किया जा सका था। झारखंड खनिज संपदा को लेकर देश और दुनिया में एक अलग पहचान रखता है।

समारोह में बोले सीएम

राज्य विकास की ओर बढ़ रहा है, इसे टूटने न दें, गरीबी के अभिशाप को मिटाने का संकल्प, 1000 बच्चों को दी गयी नौकरी, सुखाड़ राहत में किसानों को 3500 रुपये प्रति हेक्टेयर, 31 लाख किसान परिवारों को मिलेगा सूखा राहत का लाभ

गांव मजबूत होगा, तभी राज्य आगे बढ़ेगा : सीएम ने कहा, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना और अन्य के जरिये हर वर्ग को उनकी क्षमता के अनुसार लाभ पहुंचाने की कोशिश हो रही है। बगैर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किये राज्य आगे नहीं बढ़ेगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को देंगे मजबूती देना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। सीएम ने कहा कि गांवों के विकास के लिए कई प्रयास हो रहे हैं। अब गांव गांव में अफसर जाकर शिविर लगाकर समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। भौगोलिक बनावट भी इस राज्य की ऐसी है कि कोई पदाधिकारी गांव जाने से कतराता था। आज वे जा रहे हैं। आपके द्वार कार्यक्रम में 54 लाख आवेदन प्राप्त हुये। 45 लाख लोगों ने ये आवेदन दिए थे। इससे यह दिखता है कि गांव में कोई जाता ही नहीं था। 2021 में भी शिविर लगाया था। लाखों आवेदन उस समय भी आये थे। असल में विगत 20 सालों में गांवों की समस्याओं का निदान तो छोड़िये, कर्मियों का मनोबल टूटा हुआ था। आज उनका मनोबल बढ़ाते उनकी हौसला अफजाई की गयी है। राज्य में नियुक्तियां लगातार हो रही हैं। पूर्व में ना जाने कितने नौजवानों का भविष्य खराब हो गया। आजइस मंच से 1000 बच्चों को नौकरी दी गयी है। **(शेष पेज 11 पर)**

सीएम हेमंत ने राज्य वासियों को दी सौगात

झारखंड स्थापना दिवस पर मोरहाबादी मैदान में मंगलवार को भव्य आयोजन किया गया। राज्यपाल रमेश बैस के नहीं आने से सरकार ने राज्यसभा सांसद और झारखंड आंदोलनकारी दिशोम गुरु शिबू सोरेन को मुख्य अतिथि बनाया। इस मौके पर सीएम हेमंत सोरेन व सांसद शिबू सोरेन ने राज्यवासियों को सरकार की ओर से कई योजनाओं की सौगात दी है। कुल 7309 .58 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास और उदघाटन किया गया। साथ ही 609 इंजीनियर्स सहित अन्य को नियुक्ति पत्र भी सौंपा। इन योजनाओं को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि उनकी सरकार की प्राथमिकता पर्यावरण संरक्षण, किसानों की समृद्धि, युवाओं का कल्याण और ढांचागत सुधार करना है। इसे प्राथमिकता में रखकर सरकार उद्योग से जुड़ी कई नीतियों को लांच कर रही है।

हर खेत को पानी देना हमारा लक्ष्य : मुख्यमंत्री

सीएम ने कहा कि 20 वर्षों तक किसी भी सरकार ने राज्य की जनता की सुध नही ली। पहले राज्य में समय पर किसानों को बीज नहीं मिलता था, जिससे वे सही ढंग से खेती नहीं कर पाते थे। अब बीज मिल रहा है तो बारिश नहीं होने से विचित्र संकट की स्थिति बन गयी है। अगले 5 सालों में हर खेत को पानी उपलब्ध कराने की दिशा में उनकी सरकार योजना बन रही है। सुखाड़ की भरपायी के लिए किसानों को 3500 रुपये प्रति हेक्टेयर दिये जायेंगे। सीएम ने कहा, दिसंबर 2019 में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद राज्य ही नहीं, दुनियाभर में कोरोना महामारी का संकट खड़ा हो गया। इससे धैर्यपूर्ण तरीके से 2 सालों तक निपटने के बाद अब राज्य सामान्य होने को आगे बढ़ रहा था तो 250 प्रखंडों में सुखाड़ की स्थिति पैदा हो गयी है।

बच्चियां किसी सूरत में पढ़ाई नहीं छोड़ें

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक राज्य में शिक्षा मजबूत नहीं होने से लोगों को ठगा जाता रहा था। ऐसे में उनकी सरकार ने बच्चियों के लिए सावित्री बाई फूले योजना शुरू की। 18 साल की होने पर किशोरी बच्चियों को एकमुश्त 18 हजार रुपया मिलेगा। उन्होंने किशोरियों, बच्चियों से अपील करते कहा कि किसी भी स्थिति में पढ़ाई नहीं छोड़नी है। राज्य सरकार उनकी सहुलियत, रुचि के अनुसार हर तरह की पढ़ाई, तैयारी के लिए प्रोत्साहन राशि देगी। ऊंची पढाई के लिए अगर विदेश जाना हो तब भी सरकार स्कॉलरशिप के जरिये मदद देगी। यह देश का पहला राज्य है जहां के आदिवासी, दलित, पिछड़े बच्चे विदेशों में सरकारी मदद से पढ़ाई कर रहे हैं। अभी 20-25 बच्चे बाहर पढ़ाई कर रहे हैं। बच्चों की बेहतर पढ़ाई के लिये टीचरों की विशेष ट्रेनिंग आइआइएम में हो रही है।

बिरसा उत्कृष्ट विधायक चुने गये विनोद सिंह

स्पीकर की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया फैसला

रांची (खबर मन्त्र ब्यूरो)। झारखंड विधानसभा के स्थापना दिवस पर इस बार बगोदर से भाकपा माले विधायक बिनोद कुमार सिंह को उत्कृष्ट बिरसा विधायक का सम्मान दिया जायेगा। मंगलवार को स्पीकर रविन्द्र नाथ महतो की अध्यक्षता में यह निर्णय लिया गया। उत्कृष्ट विधायक चयन समिति में बिनोद सिंह के नाम पर सर्वसम्मति से मुहर लगी। बैठक के बाद स्पीकर ने यह जानकारी दी। चयन समिति में स्पीकर के अलावा वरिष्ठ विधायक स्टीफन मरांडी, प्रेस दीर्घा समिति के संयोजक आनंद मोहन शामिल थे। इसके आलावा पांच विस कर्मियों को भी स्व कपिलेश्वर प्रसाद उत्कृष्ट विधानसभा कर्मी के रूप में सम्मानित किया जायेगा। इसके लिए चयन समिति ने संयुक्त सचिव धनेश्वर राणा, हेमन्त चौरसिया, अजित कुमार, अमित कुमार दास, अनवरालुक हक के नाम का चयन किया है।

राज्य स्थापना दिवस पर झारखंडवासियों को जोहार

उलिहातू आना तीर्थ यात्रा के समान: राष्ट्रपति

भगवान बिरसा मुंडा को किया नमन

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची, खूंटी। भगवान बिरसा मुंडा की 147वीं जयंती के मौके पर संक्षिप्त दौरे पर रांची पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उलिहातू जा कर धरती आबा को नमन किया। उन्हें श्रद्धांजलि दी। बिरसा मुंडा के वंशजों से भी मिलीं और स्थानीय भाषा में बातें की। उनकी सभी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया। भगवान बिरसा के वंशज आज भी कच्चे मकानों में रहने को मजबूर हैं। उन्होंने राष्ट्रपति से पक्के मकान बनवाने की गुहार लगायी। रांची से हेलीकॉप्टर से राष्ट्रपति खूंटी के उलिहातू पहुंची थीं।

राज्य स्थापना दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी झारखंडवासियों को बधाई देते हुए जोहार से अभिवादन किया। साथ ही कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू आना उनके लिए तीर्थ यात्रा के समान है। राष्ट्रपति का कार्यक्रम यहां आधे घंटे का था। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद राष्ट्रपति मध्य प्रदेश रवाना हो गयीं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी उन्हें सम्मान के रूप में प्रतीक चिह्न दिया। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अन्नपूर्णा देवी, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह और अन्य अधिकारियों ने उन्हें विदाई दी।

वंशजों को समस्याएं दूर करने का दिया भरोसा : राष्ट्रपति को बिरसा मुंडा के वंशजों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। राष्ट्रपति ने उनकी सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है। राष्ट्रपति से मिलकर बिरसा मुंडा के प्रपौत्र सुखराम मुंडा काफी खुश हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति का स्वागत आदिवासी रीति रिवाज से किया गया। **(शेष पेज 11 पर)**

सीएम ने किया राष्ट्रपति का स्वागत

रांची। राष्ट्रपति बनने के बाद द्रौपदी मुर्मू का यह पहला दौरा था। रांची हवाई अड्डे पर राज्यपाल , सीएम हेमंत सोरेन, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने उनकी अगवानी की और पुष्पगुच्छ व शाल देकर स्वागत किया। गार्ड ऑफ ऑनर लेने के बाद राष्ट्रपति धरती आबा की जन्मस्थली उलिहातू पहुंचीं। उनके साथ राज्यपाल और सीएम ने भी की शिरकत की। अपने ट्वीट संदेश में राष्ट्रपति ने कहा, धरती आबा के गांव उलिहातू में जाकर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने का आज मुझे सौभाग्य मिला। भगवान बिरसा की जयंती के दिन, उनकी प्रतिमा का दर्शन करके, मैं स्वयं को धन्य महसूस कर रही हूं। मैं चाहती हूं कि यहां के लोग अपनी संस्कृति, परंपराओं और को संजोते हुए विकास के नये आयाम आयाम स्थापित करें।

पार्टी विधायकों की बैठक में सीएम ने की कई मुद्दों पर चर्चा

आज यूपीए विधायकों की बैठक भी बुलायी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सीएम हेमंत सोरेन ने मंगलवार की देर शाम आनन-फानन में पार्टी विधायकों की बैठक बुलायी। सीएम की अध्यक्षता में यह बैठक कांके रोड स्थित सीएम आवास पर हुई। झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह के बाद मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य को ले कर बैठक बुलायी गयी थी। बैठक में उत्पन्न राजनीतिक स्थिति पर रणनीति बनायी गयी। यह बैठक देर शाम करीब साढ़े आठ बजे तक चली। झारखंड की राजनीतिक स्थिति पर मंथन हुआ। संभवतः इडी द्वारा 17 नवंबर को सीएम से सवाल पूछे जाने के मसले पर भी चर्चा की गयी। बैठक में मुख्य रूप से सुदिप्य सोनू, चंपई सोरेन, जोबा माझी, सीता सोरेन समेत कई अन्य विधायक उपस्थित थे। सूत्रों के अनुसार यूपीए विधायकों की बैठक भी बुधवार को सीएम आवास में बुलायी बुलायी गयी है। वहीं बुधवार को ही कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम के आवास पर होगी बैठक विधायक दल की बैठक आहूत की गयी है।

दरअसल, राज्य स्थापना दिवस समारोह में राज्यपाल रमेश बैस नहीं पहुंचे, जबकि, राज्यपाल समारोह के मुख्य अतिथि थे। इस बार राष्ट्रपति के मना करने के बाद राज्यपाल ने भी बतौर मुख्य अतिथि मंच साझा करने से इनकार कर दिया। सीएम ने राजभवन जा कर उन्हें मनाने का भी प्रयास किया पर वे नहीं माने।

इडी ने सीएम की अपील नहीं मानी : इडी ने सीएम हेमंत सोरेन की अपील को मानने से इनकार कर दिया है। उन्हें 17 नवंबर को ही इडी दफ्तर में पेश होना है। **(शेष पेज 11 पर)**

राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स

झारखंड को दो गोल्ड समेत पांच पदक

रांची। भारतीय एथलेटिक्स संघ द्वारा असम के साई एथलेटिक्स स्टेडियम गुवाहाटी में संपन्न 37वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मंगलवार को आशा किरण बारला ने झारखंड को गोल्ड मेडल दिलाया। 11 नवंबर से खेली जा रही इस प्रतियोगिता के अंतिम दिन मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय एथलीट आशा बारला ने (बालिका, 20 वर्ष में) 2:08.85 सेकेंड का समय लेते हुए यह पदक हासिल किया। इस पदक के साथ इस प्रतियोगिता में झारखंड को दो स्वर्ण, दो रजत व एक कांस्य पदक समेत कुल 5 पदक मिले हैं।

झारखंड राज्य के स्थापना दिवस पर मंगलमय शुभकामनाएं।

डॉ अशोक कुमार नाग



समाजसेवी सह पर्यावरणविद्

कांके विधानसभा क्षेत्र, रांची

भगवान बिरसा मुंडा के समाधि स्थल पहुंचे राज्यपाल और सीएम, दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। राजधानी के कोकर स्थित भगवान बिरसा मुंडा की समाधि स्थल पर राज्यपाल रमेश बैस ने बिरसा मुंडा को उनकी समाधि पर पुष्पचक्र चढ़ाकर और उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसके बाद राज्यपाल ने मीडिया से बात की। दो मिनट तक सीएम के आने का इंतजार भी किये लेकिन एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के स्वागत को लेकर राज्यपाल वहां से निकल गये। उनका काफिला एयरपोर्ट के लिए निकला ही था कि मुख्यमंत्री का काफिला कोकर समाधि स्थल पहुंचा। इसके बाद हेमंत सोरेन भी धरती आबा के समाधि स्थल पर फूल चढ़ाकर तथा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भगवान बिरसा मुंडा को नमन किया। सीएम को भी राष्ट्रपति के स्वागत के लिए एयरपोर्ट और एयरपोर्ट से फिर बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू पहुंचना था, इसलिए मीडिया से बिना बात किये जल्दबाजी में रांची एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गये। भगवान बिरसा मुंडा की समाधि स्थल पर माल्यार्पण के बाद राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि झारखंड राज्य का विकास हो रहा है। आज का दिन झारखंड के लिए बहुत बड़ा दिन है। भगवान बिरसा मुंडा के समाधि स्थल पर पहुंचकर हमने भगवान बिरसा मुंडा से राज्य के विकास की कामना की।

झारखंड स्थापना दिवस मुख्य समारोह में सीएम हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को दी सौगात

राज्यहित में कई योजनाएं लॉन्च की, 609 अभियंता सहित कई को सौंपा नियुक्ति पत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य स्थापना दिवस समारोह में हेमंत सोरेन सरकार ने राज्यवासियों के लिए योजनाओं की सौगात दी है। इन योजनाओं को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि उनकी सरकार की प्राथमिकता पर्यावरण संरक्षण, किसानों की समृद्धि, युवाओं का कल्याण और ढांचागत सुधार करना है। इसे प्राथमिकता में रखकर सरकार उद्योग से जुड़ी कई नीतियों को लांच कर रही है। वहीं प्रतियोगिता परीक्षाओं और उच्च शिक्षा की पढ़ाई कर रहे लोगों को भी सरकार राहत देगी। इसके लिए सरकार ने कई योजनाओं को लागू किया है। ढांचागत विकास को लेकर कुल 7309.58 करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास और उदघाटन किया गया।

उद्योग विभाग की तीन नीतियों को किया गया लॉन्च

झारखंड विद्युत वाहन नीति- 2022 का उद्देश्य वर्ष 2030 तक राज्य में आईसीई इंजन आधारित वाहनों को विद्युत वाहनों की जगह लाना है। 2027 तक बैटरी के निर्माण के लिए एक वृहद परियोजना लाया जायेगा। इसी प्रकार, झारखंड इथेनॉल उत्पादन प्रोत्साहन नीति 2022 लॉच की गयी। राज्य में न्यूनतम जीवाश्म ईंधन और अधिकतम जैव इंधन के उपयोग को बढ़ावा देना है। वर्ष 2025 तक राज्य में इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल का प्रयोग 40 प्रतिशत तक करना है। इससे प्रदूषण रोकने के साथ-साथ महंगाई को भी नियंत्रित किया जा सकेगा। वहीं झारखंड औद्योगिक पार्क एवं लॉजिस्टिक नीति 2022 लॉच की गयी। सरकारी और निजी संस्थानों के सम्मिलित प्रयासों से औद्योगिक पार्क और लॉजिस्टिक पार्क बनाए जायेंगे। इससे उत्पाद और उत्पादकता के लिए अन्य राज्य पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं होगी। आय होने के साथ प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार का सृजन भी होगा।

मजबूत आधारभूत संरचना और जनहित की योजनाएं बयां करेगी विकास की तस्वीर

झारखंड स्थापना दिवस के मुख्य समारोह में 7309.58 करोड़ रुपए की 369 योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इसमें 147 योजनाओं का शिलान्यास हुआ जिसकी कुल राशि 5433.24 करोड़ रुपये है और 222 योजनाओं का उद्घाटन हुआ जिसकी कुल राशि 1876.34 करोड़ रुपये है। इन योजनाओं से राज्य के विकास की तस्वीर झलकेगी।

पथ निर्माण की योजना : पथ निर्माण विभाग में 1718.64 करोड़ की कुल 41 योजनाएं इसमें सबसे प्रमुख हैं। इनमें बिरसा चौक से धुर्वा गोलचक्कर तक कुल लंबाई 2.60 किमी फोर लेन का मजबूतीकरण, चौड़ीकरण और पुनर्निर्माण करना शामिल हैं। इसमें साइकिल ट्रैक एवं फुटपाथ शामिल है। धुर्वा गोलचक्कर से प्रोजेक्ट भवन बिल्डिंग तक कुल लंबाई 1.50 किमी के क्वालिटी में सुधार करना है। रांची-पुरुलिया सड़क में नामकुम आरओबी से अनगड़ा सेक्शन तक कुल लंबाई 17.7 किमी को फोर लेन चौड़ीकरण का काम है।

पेयजल एंव स्वच्छता की योजना : पेयजल एंव स्वच्छता विभाग में 931.31 करोड़ की लागत से कुल 17 योजनाएं हैं।

ग्रामीण कार्य की योजनाएं : ग्रामीण कार्य विभाग में कुल 47 करोड़ रुपए की लागत से 14 योजनायें हैं।

वहीं झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा 41 करोड़ की लागत से 16 करोड़ की योजनाएं हैं।

शैक्षणिक योजनाएं : रांची विश्वविद्यालय में पुस्तकालय निर्माण 2.50 करोड़ की लागत से 1 योजना शामिल है।

मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना : मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना के लिए ऑनलाइन पोर्टल को लॉन्च किया गया। पूरे डेढ़ माह तक जिला स्तर पर कैंप लगाकर अधिसूचित सूखाग्रस्त प्रखंडों के अधिकाधिक कृषक परिवार से आवेदन लिया जायेगा। मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत सुखाड़ प्रभावित प्रत्येक परिवार को 3500 रूपए अनुदान राशि उपलब्ध कराएगी।

गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना : प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना लॉच की गयी। इसके तहत 10वीं और 12वीं कक्षा उत्तीर्ण, डिप्लोमा छात्रों के लिए 10वीं कक्षा, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र व छात्राओं को उच्च शिक्षा, इंजीनियरिंग, मेडिकल, लॉ, आईआईटी की पढ़ाई में मदद करना है। अधिकतम 15 लाख की ऋण बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा। छात्रों को व्याज के रूप में केवल 4 प्रतिशत राशि का भुगतान करना होगा।

मुख्यमंत्री सारथी योजना : श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एंव कौशल विकास विभाग की मुख्यमंत्री सारथी योजना लॉच की गयी। युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से देना है। प्रखंड स्तर तक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। योजना में 18 से 35 वर्ष के युवाओं को लाभ होगा। आरक्षित श्रेणी के युवाओं की आयु सीमा 50 वर्ष तक होगी। प्रशिक्षण नि:शुल्क होगा। प्रशिक्षण के बाद तीन माह के अंदर रोजगार नहीं मिलने पर सरकार रोजगार प्रोत्साहन भत्ता देगी। भत्ता लड़कों को 1000 रुपये और लड़कियों, दिव्यांगों को 1500 रुपये प्रतिमाह होगा।

एकलव्य प्रशिक्षण योजना : एकलव्य प्रशिक्षण योजना के तहत संघ लोक सेवा आयोग, झारखंड लोक सेवा आयोग, केंद्रीय व झारखंड कर्मचारी चयन आयोग और बैंकिंग व रेलवे भर्ती बोर्ड की प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए नि:शुल्क कोचिंग देना है। कुल 27ए000 विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष लाभ देने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत इंजीनियरिंग, मेडिकल एवं अन्य व्यवसायिक संस्थानों में प्रवेश के लिए नि:शुल्क कोचिंग दिया जायेगा। कुल 8,000 विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष लाभ देने का लक्ष्य है।

नियुक्ति पत्र का किया वितरण : झारखण्ड अभियंत्रण सेवा अन्तर्गत कुल 609 नवनियुक्त इंजीनियर को नियुक्ति पत्र दिया गया है। इसमें पथ निर्माण विभाग में 228, जल संसाधन विभाग में 344, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में कुल 37 इंजीनियर शामिल हैं।नगर विकास एवं आवास विभाग अन्तर्गत कुल 16 लेखा पदाधिकारी, रांची के रिम्स अन्तर्गत कुल 320 परिचारिका को नियुक्ति पत्र दिया गया।आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में परिसंपत्तियों का हुआ वितरण। 13,90,164 लाभुकों को परिसंपतियो का वितरण किया गया। परिसंपत्ति की कुल राशि 1247.39 करोड़ रुपए है।

खबर एक नजर में

विपरीत परिस्थितियों में भी झारखंड विकास की राह पर : अविनाश पांडे

रांची। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा है कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद झारखंड प्रगति पथ पर अग्रसर है। श्री पांडेय मंगलवार को मोराबादी में आयोजित राज्य स्थापना दिवस पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में यूपीए सरकार बढ़िया काम कर रही है। अलग राज्य बनने के बाद से यहां जो बदलाव दिखने थे, नहीं दिखे। अब हेमंत सरकार बदलाव की दिशा में तेजी से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि 5 साल के लिए चुनी गयी सरकार को अस्थिर करने का प्रयास लगातार होता रहा है लेकिन, हेमंत सरकार लोक कल्याण की योजनाओं को लाने और पढ़ा लिखा युवा झारखंड तैयार करने में लगी है।

क्रांतिकारी वीर सपूत थे बिरसा मुंडा : राजेश

रांची। झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में स्वतंत्रता सेनानी, धरती आबा वीर बिरसा मुण्डा की जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनायी गयी। इस अवसर पर राजेश ठाकुर ने कहा कि बिरसा मुण्डा एक महान वीर योद्धा एवं झारखंड उलगुलान के एक कर्मठ क्रांतिकारी वीर सपूत थे। जिन्होंने झारखण्ड के लोगों, आदिवासियों की अस्मिता और पहचान के लिए एक सशक्त आंदोलन चलाया था। कार्यक्रम में केशव महतो कमलेश, अमुल्य नीरज खलखो, राजीव रंजन प्रसाद, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, मानस सिन्हा, संजय लाल पासवान, गजेन्द्र सिंह, नेली नाथन, सुरेन राम, शिव कुमार भगत, सतीश केडिया, प्रिंस सिंह, जगदीश साहु, प्रभात कुमार, उज्जवल तिवारी आदि कांग्रेसजन शामिल थे।

जल जंगल जमीन को बचाने के लिए भगवान बिरसा के रास्ते चलेंगे : भाकपा

रांची। भाकपा कार्यालय में राज्य स्थापना दिवस सह बिरसा मुंडा जयंती का आयोजन किया गया। राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि शहीद धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जल जंगल जमीन की हिफाजत के लिए अंग्रेजों से लड़ते हुए अपनी जान की आहुति दे दी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी उनके बताए रास्ते पर चलकर राज्य की संपदाओं को दोहन से बचाने के लिए जन आंदोलन तेज करेगी। अजय कुमार सिंह ने कहा कि राज्य के गठन के बाद 22 साल बीत गए लेकिन आज भी झारखंड में रहने वाले लोगों के सपना अधूरा है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य के छात्र नौजवान किसान मजदूर सभी को एकजुट कर राज्य में बड़ा आंदोलन खड़ा करेगी।

आशा ने दिलाया झारखंड को गोल्ड

37वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में झारखंड को दो गोल्ड, 2 रजत और 1 कांस्य पदक भी मिले

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भारतीय एथलेटिक्स संघ द्वारा असम के साई एथलेटिक्स स्टेडियम गुवाहाटी में संपन्न 37वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मंगलवार को आशा किरण बारला ने झारखंड को गोल्ड मेडल दिलाया। 11 नवंबर से खेली जा रही इस प्रतियोगिता के अंतिम दिन मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय एथलीट आशा

बारला ने (बालिका, 20 वर्ष में) 2:08.85 सेकेंड का समय लेते हुए यह पदक हासिल किया। इस पदक के साथ इस प्रतियोगिता में झारखंड को दो स्वर्ण, दो रजत व एक कांस्य पदक समेत कुल 5 पदक मिले हैं। आशा की उपलब्धि पर खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा, भारतीय एथलेटिक्स संघ के कोषाध्यक्ष सह झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मधुकान्त पाठक, झारखण्ड एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव सीडी सिंह, कोषाध्यक्ष आशीष झा, सीईओ एसके पांडेय, झारखंड एथलेटिक्स संघ के उपाध्यक्ष डॉ प्रभात शंकर, कोच सह साई सैग के प्रभारी बिनोद सिंह, कोच आशू भाटिया, योगेश यादव, प्रभात रंजन तिवारी सहित अन्य ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

भाकपा माओवादी पीएलजीए सप्ताह के तहत चलायेगा गुरिल्ला वार

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाकपा माओवादियों का केंद्रीय सैन्य आयोग अपनी खोई हुई जमीन को वापस पाने के लिए पूरे देश में गोरिल्ला वार तेज करने की रणनीति पर काम कर रहा है। इसके लिए भाकपा माओवादियों ने गोरिल्ला वार को तेज करने के लिए एक सर्कुलर भी जारी किया है। सर्कुलर में पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी यानी पीएलजीए की 22वीं वर्षगाठ पर देशभर में वर्ग संघर्ष और गुरिल्ला युद्ध को तेज करने का निर्देश दिया गया है। इसको देखते हुए अभी से ही झारखंड पुलिस अलर्ट पर है।

बता दें कि झारखंड सहित देश के दूसरे राज्यों में हाल के दिनों में पुलिस के आक्रमक कार्रवाई से माओवादियों को भारी नुकसान पहुंचा है। यही वजह है कि अब माओवादी एक बार फिर से गोरिल्ला संघर्ष के लिए लोगों को तैयार कर रहे हैं। माओवादी सेंट्रल कमेटी ने 2 से 8 दिसंबर तक पीएलजीए सप्ताह मनाने का आह्वान किया है। सर्कुलर में यह भी बताया गया है कि साल 2021 से लेकर 2022 तक मात्र 11 महीनों में उनके 132 साथी मारे गए हैं। सेंट्रल कमेटी ने दंडकारण्य के पारेवा मुठभेड़ में केंद्रीय कमेटी सदस्य दीपक समेत 27 माओवादियों की मौत का बदला लेने की बात कही है।

स्कूली शिक्षा सचिव ने राज्य के सभी डीसी और डीएसई को दिया निर्देश

हाईकोर्ट के आलोक में ही प्रारंभिक विद्यालय के शिक्षकों को प्रोन्नति दें

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार ने राज्य के सभी उपायुक्तों एवं जिला शिक्षा अधीक्षकों को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने हाईकोर्ट में प्रोन्नति से संबंधित दायर वादों के निष्पादन के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किया है। जिलों के उपायुक्त तथा जिला शिक्षक अधीक्षकों को सूचित किया गया है कि पद उपलब्ध होने पर ही विभिन्न ग्रेडों में प्रोन्नति दी जाए (वैचारिक सहित)। कनीय को प्रोन्नति देने के पूर्व यह आश्वस्त हो लें कि उनसे वरीय प्रोन्नति से वंचित नहीं हो रहे हैं। मानक वरीयता सूची संधारित हो जिसके आधार पर प्रोन्नति दी जा रही है। वरीयता सूची का प्रकाशन प्रत्येक वर्ष नियत समय पर की जाये। इसी आधार पर उपलब्ध पद के विरुद्ध प्रोन्नति दी जाए। निदेशालय के पत्रांक 422 का अनुपालन हो। प्रारंभिक शिक्षकों की प्रोन्नति पर निर्णय लेने को जिला शिक्षा स्थापना समिति सक्षम प्राधिकार है। इनका निष्पादन जिला शिक्षा स्थापना समिति के समक्ष रखते हुए किया जाए।

सचिव के इस निर्देश के आलोक में झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के अध्यक्ष आनंद किशोर साहू, महासचिव बलजीत कुमार सिंह एवं मुख्य सलाहकार दिनेश कुमार शुक्ला ने कहा कि प्रारंभिक शिक्षकों का निश्चय ही प्रोन्नति दिया जाना आवश्यक है। झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने उपायुक्तों एवं डीएसई से अपेक्षा की है कि निर्देश के आलोक में शिक्षकों को विभिन्न ग्रेडों में एवं प्रधानाध्यापक के पद को भरे जाने का आग्रह किया ताकि गुणात्मक शिक्षा को बल मिले।

BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI

5th FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING). KUTCHERY CHOWK, RANCHI -834001

OA CASE NO. 130 of 2022

BETWEEN

BANK OF INDIA, TANGAR BRANCH, TANGAR, RANCHI .....APPLICANT BANK

Vs

M/s ARTEE SALES AND MARKETING AND OTHERS ....DEFENDANTS

SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE) RULES, 1993

SR NO	DEFENDANTS	ADDRESSS
4	RAMNANDAN SAHU, S/O LATE JAGDISH SAHU	R/O VILLAGE : SUKURHUTU P.O : TANGAR, P.S. CHANHO DISTIRCT-RANCHI 835214.

Whereas, the Applicant has instituted an application u/s 19 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act 1993 against the Defendants for recovery of sum of

Rs.3405358.00 (Rupees ThirtyFour Lakh Five Thousand Three Hundred FiftyEight Only)

together with current and future interest, cost and for other reliefs.

The above mentioned Defendants) is/are therefore directed to **appear before the Registrar** in person or through an advocate or duly authorized agent, in support of his/ their defence to show cause on **20th day of December, 2022** at **10.30 A.M.** as to why the reliefs prayed for should not be granted and to file show-cause in the matter.

Take notice that in case of default, the application will be heard and determined in your absence.Given under my hand and seal of this Tribunal on this the **19th day of October, 2022.**

D.K. MAHATO
REGISTRAR

राज्यपाल ने स्थापना दिवस समारोह से बनायी दूरी, चर्चा का बना विषय

बिरसा समाधि स्थल पर मुख्यमंत्री के साथ जाने की वर्षों की परंपरा भी टूटी,भाजपा नेता भी रहे दूर

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जन्म दिवस पर रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में आयोजित राज्य स्थापना दिवस समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस अनुपस्थित रहे। इससे राजनीतिक हलकों में कयासों का बाजार गर्म होने लगा है। हर वर्ष बिरसा मुंडा की जयंती पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में इस बार परंपराएं टूटी हैं। अमूमन राज्य स्थापना काल से लेकर अब तक 15 नवंबर को प्रत्येक वर्ष राज्यपाल और मुख्यमंत्री साथ में कोकर रांची स्थित बिरसा मुंडा के समाधि स्थल पर जाकर पुष्प अर्पित करते रहे हैं और धरती आबा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं लेकिन इस बार राज्यपाल रमेश बैस और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अलग-अलग समय पर समाधि स्थल पहुंचे। पहले राज्यपाल रमेश बैस समाधि स्थल पहुंचे। उनके जाने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहंचे।

वहीं मोरहाबादी में आयोजित स्थापना दिवस समारोह से तो राज्यपाल अनुपस्थित रहे। जबकि वे इस समारोह के मुख्य अतिथि थे। मुख्य मंच पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री की बड़ी सी तस्वीर भी लगाई गई थी। समारोह में राज्यपाल की अनुपस्थिति के कारण दिशोम गुरु शिबू सोरेन को अंतिम समय में कार्यक्रम का मुख्य अतिथि घोषित किया गया।

हालांकि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रांची आगमन पर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर राज्यपाल रमेश बैस और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने साथ में राष्ट्रपति महोदय की अगुवाई की। फिर एक ही चौपर पर तीनों बैठकर बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू के लिए रवाना हुए। इसके बाद मोरहाबादी में स्थापना दिवस समारोह में शिरकत करने से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राजभवन गये। पीआरडी ने राजभवन में राज्यपाल को मुख्यमंत्री द्वारा गुलदस्ता सौंपते फोटो भी जारी किया, लेकिन वहां से कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री अकेले पहंचे। मीडिया और समारोह स्थल पर मौजूद लोग राज्यपाल का इंतजार कर रहे थे कि मंच से शिबू सोरेन को बतौर मुख्य अतिथि के नाम की घोषणा के साथ यह स्पष्ट हो गया कि राज्यपाल महोदय समारोह में शामिल नहीं हो रहे हैं।

यही नहीं आमंत्रण कार्ड में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, रांची संसदीय सीट के भाजपा सांसद संजय सेठ, भाजपा के राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू और भाजपा विधायक सीपी सिंह को सम्मानित अतिथि के रूप में समारोह में शामिल होने का निंमत्रण दिया गया था, लेकिन ये भी कार्यक्रम स्थल से नदारद रहे। इन घटनाओं के बाद अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। राजनीतिक हलकों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरु हो गयी हैं। लोग 17 नवंबर को लेकर तरह-तरह के कयास लगाना शुरु कर दिये। उस दिन कोई बड़ी राजनीतिक घटना हो, इससे इनकार नहीं किया जा सकता है। दरअसल 17 नवंबर को ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए ईडी दफ्तर बुलाया है। ईडी कार्यालय ने राज्य के डीजीपी से उस दिन ईडी कार्यालय के बाहर व्यापक सुरक्षा मुहैया कराने का आग्रह भी किया है। फिलहाल एक नई राजनीतिक घटनाक्रम को लेकर 17 नवंबर का पूरे राज्य को इंतजार है।

मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना
CMEGP
भू-राजस्व
मामलों का निपटारा
भू-लगान रसीद
कंबल वितरण
धोती, साड़ी, लुंगी वितरण
बिजली तथा पेयजल समस्याओं का निपटारा
किसान क्रेडिट कार्ड (के.सी.सी.)
फूलो झानो आशीर्वाद अभियान

हरा राशन कार्ड
सेवा के अधिकार अंतर्गत आवेदनों का निष्पादन
मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना

सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना
15 वें वित्त आयोग अंतर्गत योजना
सर्वजन पेंशन योजना
प्रवासी श्रमिकों/परिवारों का श्रमाधान में निबंधन
राशन कार्ड का आधार से लिंक
मनरेगा अंतर्गत हर गांव में न्यूनतम 5-5 योजनाओं का शुभारंभ
अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं के आवेदन

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार

पहला चरण : 12 से 22 अक्टूबर, 2022

दूसरा चरण : 1 से 14 नवम्बर, 2022

कुल आवेदन प्राप्त	कुल निष्पादन	कुल प्रक्रियाधीन
55,22,751*	36,27,559*	18,95,192*

*डाटा जानकारी 15/11/2022, 06:00 PM

स्रोत :- https://sarkaraapkedwar.jharkhand.gov.in/

राज्यभर में कार्यक्रम के जरिये राज्य सरकार पहुंची लोगों के द्वार। लाखों लोगों ने उत्साह के साथ अपने क्षेत्र में लगे शिविर से लिया विभिन्न योजनाओं का लाभ।

वर्ष 2021 के आंकड़े : कुल आवेदन प्राप्त - 35.95 लाख

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PRNO 282345 (IPRD) 22-23

स्पीड न्यूज

नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन का शुभारंभ

पांकी (पलामू)। थाना रोड हेल्थ केयर अस्पताल में नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन सह लेंस प्रत्यारोपण का उद्घाटन किया गया। मौके पर विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के निजी सहायक प्रो बच्चन ठाकुर, चिकित्सा प्रभारी डॉ रियाज अनवर, डॉ बिनोद कुमार, सांसद प्रतिनिधि सत्यप्रकाश पांडे उर्फ चुनमुन पांडे, विधायक प्रतिनिधि मनोज सिन्हा, बिरेंद्र मेहता, पप्पू मिश्रा, ओबीसी मोर्चा मीडिया प्रभारी जय किशोर प्रसाद, अस्पताल संचालक शशिभूषण पासवान उर्फ गुड्डू ने शुभारंभ किया। कहा कि मोतियाबिंद ऑपरेशन गरीबों के लिए लाभदायक होगा।

दो किमी लंबी सड़क की मरम्मत करायी

बिश्रामपुर (पलामू)। नगर परिषद के वार्ड एक के भलूही में दो किमी सड़क की मरम्मत मंगलवार को समाजसेवी गोपाल राम ने निजी खर्च से करायी। पहले ट्रैक्टर से मेटल मोरम गिरवाया। उसके बाद मजदूर लगाकर सड़क की मरम्मत करवायी। गोपाल ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में भी गली और नाली का पक्कीकरण नहीं हो पाया है। विकास के नाम पर अब तक जनता को सिर्फ छला गया है। मौके पर ई चंदन कुमार, विश्वनाथ राम, सत्येंद्र कुमार चंद्रवंशी, हरेंद्र ठाकुर, अनिल राम, सुनील विश्वकर्मा, नंदलाल कुमार, श्रवण चंद्रवंशी, राहुल ठाकुर, हरिनाथ प्रजापति थे।

सतबरवा में मनी धरती आबा की जयंती

सतबरवा पलामू। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस के साथ झारखंड के 22वां स्थापना दिवस सतबरवा ट्रेनिंग कॉलेज के प्रांगण में जिला परिषद सुधा कुमारी की अध्यक्षता में मनाया गया। संचालन सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। वक्ताओं ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा देश के आजादी के लिए 25 साल की उम्र में अपने प्राण की आहुति दी थी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, महामंत्री संदीप कुमार, वरीय भाजपा नेता बैजनाथ प्रसाद, जिला युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष पप्पू सिंह उर्फ ज्योति, पार्षद पति अजय उरांव थे।

प्रखंड अध्यक्ष ने किया माल्यार्पण

मेदिनीनगर/ पाटन। झारखंड मुक्ति मोर्चा पाटन प्रखंड अध्यक्ष के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा प्रखंड वासियों को झारखंड स्थापना दिवस की बधाई दी।

झारखंड की प्रेरणा व स्वाभिमान हैं बिरसा

मेदिनीनगर। रजवाडीह मवि में बिरसा भगवान की जयंती व झारखंड स्थापना दिवस मना। प्राचार्य परशुराम ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा झारखंड प्रदेश की प्रेरणा व स्वाभिमान हैं। विद्यालय में अवकाश के बाद भी प्राचार्य परशुराम तिवारी ने सहायक अध्यापक विजय ठाकुर व कुछ बच्चों के साथ उपस्थित होकर भगवान बिरसा की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। बिरसा जयंती पर राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आजसू ने श्रद्धांजलि सभा की।

समृद्धि की पाठशाला में मना बाल दिवस

मेदिनीनगर। नि:शुल्क चल रहे समृद्धि की पाठशाला के कचरवा शाखा और जनकपुरी शाखा में बच्चों के बीच बाल दिवस मनाया गया। चाचा नेहरू के बारे में बच्चे आज तक जो सुनते और पढ़ते आये उसे उन्होंने अपनी भावना व्यक्त की। पाठशाला में आये शुभम प्रसाद, रितेश कुमार, मिशन समृद्धि के सदस्य प्रो सरिता कुमारी, प्रो वंदना श्रीवास्तव, रंजीता, वीणा गुप्ता ने भी बच्चों के बीच आदर्श बातों को रखा। सभी सदस्य प्रेरणास्रोत हैं जो समाज के इन नौनिहालों के लिए नि:स्वार्थ और नि:शुल्क सेवा देने में तत्पर रहते हैं।

भाजपा ने मनायी बिरसा मुंडा की जयंती

मेदिनीनगर। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती भाजपा जिला कार्यालय में मनायी गयी। इस दौरान भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला। भाजपा ने उनकी जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पलामू जिलाध्यक्ष विजय नंद पाठक ने की। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र उपाध्याय ने किया। मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं चतरा जिला के प्रभारी विपिन बिहारी सिंह ने भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष अरविंद सिंह ने किया। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडे, अमित तिवारी, रेणुका पांडे, लवली गुप्ता जय दुबे, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष ज्योति पांडे, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, अजय सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष अविनाश सिन्हा छोटू, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनील पांडे, श्वेतांग गर्ग, रोहित शर्मा, आनंद सिंह, अभिमन्यु तिवारी, मनीष भिवानिया, पंकज शर्मा, दीपक सिंह, राकेश रंजन दुबे, प्रिंस सिंह, अभय सिंह आदि शामिल थे।

गोलीबारी में युवक गंभीर

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के करमाही टोला में बीती रात्रि गोली चालन की घटना में एक युवक को पेट में गोली लग जाने के कारण गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। शहर थाना के सब इंस्पेक्टर समीर तिर्की ने बताया कि बीती रात्रि को करमाही टोला में दीपक पाठक अपने घर के पास बीच सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनवा रहा था। जिसका विरोध दो युवकों ने किया और इस बीच विवाद हुआ, जिसमें गोली चालन की घटना घटी। इसमें प्रकाश भुइयां, सुनील भुइयां ने देसी कट्टा से गोली चलाया।जिससे दीपक पाठक के पेट में गोली लगी है। जिसको स्थानीय लोगों ने इलाज हेतु एमएमसीएच मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

जिले में मना राज्य स्थापना दिवस व भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

जिले की खुशहाली और संपूर्ण विकास के लिए सबकी सहभागिता बहुत जरूरी

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। राज्य स्थापना दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई। इस मौके पर पलामू जिला के प्रशासनिक अधिकारियों और पदाधिकारियों ने स्टेशन रोड पर स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रमंडलीय आयुक्त जटाशंकर चौधरी, डीआइजी राजकुमार लकड़ा, उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, एसपी चंदन कुमार सिन्हा, प्रशिक्षु आईएएस श्रीकांत विसपुते आदि ने माल्यार्पण किया। वहीं उपायुक्त श्री दोड्डे ने कहा कि आज झारखंड वासियों के लिए गौरवपूर्ण है क्योंकि आज ही के दिन भगवान बिरसा मुंडा की जयंती है और राज्य का स्थापना दिवस भी। उन्होंने कहा कि जिले की खुशहाली एवं संपूर्ण विकास के लिए सबकी सहभागिता जरूरी है।

आयुक्त और डीआइजी ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर आयुक्त जटाशंकर चौधरी एवं डीआइजी राजकुमार लकड़ा ने प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर के स्टेशन रोड स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। साथ ही राज्यवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। आयुक्त ने विशेषकर पलामू प्रमंडलवासियों को राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि झारखंड राज्य स्थापना दिवस आने वाले समय में झारखंड को और मजबूत करेगा। लोगों के लिए रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और यहां के लोग सुख समृद्धि के रास्ते पर बढ़ेंगे।

बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर महापौर ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास

➲ सभी के सहयोग से कार्य कर पायी : मेयर

खबर मन्त्र संवाददाता

पीसीसी पथ का शिलान्यास करतीं मेयर अरुणा शंकर व अन्य।

चैनपुर पलामू। महापौर अरुणा शंकर ने मंगलवार को शाहपुर बिरसानगर जाकर बिरसा मुंडा के प्रतिमा में माला अर्पण कर बिरसानगर क्षेत्र के लोगों को 96 लाख रुपया का पीसीसी पथ उपहार स्वरूप दिया। मौके पर महापौर ने कहा कि आप सभी से वादा किया था जिसे बिरसा जयंती के शुभ दिन निभाने आई हूं।

महापौर ने एक मास्क लाइट लगाने की भी घोषणा की। महापौर ने कहा कि आप सबो का स्नेह हमेशा मुझे मिला है जिसके बदौलत मैं काम कर पाई। आशा है आप सभी का प्यार मुझे भविष्य में भी मिलेगा। मौके पर पार्षद विजय चंद्रवंशी ने कहा कि यह रोड 2 माह के अंदर बनाकर तैयार कर दिया जायेगा। समारोह में काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

विशुनपुर पंचायत के मोकना बांध पर बनेगी पक्की नहर : बीडी राम

■ नौडीहा बाजार के सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सांसद बीडी राम ने सुनी ग्रामीण जनता की समस्याएं

खबर मन्त्र संवाददाता

कार्यक्रम को संबोधित करते पलामू सांसद विष्णु दयाल राम व अन्य।

नौडीहा बाजार (पलामू)। प्रखंड के पंचायत लालगाडा, लक्ष्मीपुर, विशुनपुर और नावाटांड़ पंचायत सचिवालय परिसर में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने ग्रामीणों की समस्या से रूबरू हुए। वहीं पर सांसद श्री राम ने कहा कि बारा मोड़ से सुल्तानी एन एच 98 तक सड़क निर्माण कार्य लगभग तीन माह के अंदर तक काम पूर्ण कराने की घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि विशुनपुर पंचायत के अंतर्गत मौकना बांध पर पक्का नहर निर्माण स्वीकृत करने की ग्रामीण जनता का भरोषा दिलाया। आपके द्वार कार्यक्रम मे लक्ष्मीपुर पंचायत के ग्रामीण जनता ने कोयल नहर परियोजना योजना के अंतर्गत विस्थापित के लाभुकों ने सांसद का विरोध प्रदर्शन किया। वहां के ग्रामीणों अपनी मांग पत्र सासंद को सौपा। मौके पर भाजपा नेता ईश्वरी पांडे, सांसद प्रतिनिधि श्री अमरेश कुमार श्रीवास्तव, अरुण कुमार सोनी, मुखिया जितेंद्र कुमार भारती, निर्मला देवी, मुखिया प्रतिनिधि आलोक यादव समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

वैभव सिंघानिया स्केटिंग जोन बनेगा : महापौर

खबर मन्त्र संवाददाता

पार्क में योगाभ्यास और प्राणायाम करतीं महिलाएं व अन्य।

कार्यक्रम में ये भी थे उपस्थित : मौके पर चेंबर महिला विंग की अध्यक्षा शर्मिला सुमी पतंजलि योगपीठ द्वारा प्रशिक्षित शहर की प्रसिद्ध योगा शिक्षिका ममता सिन्हा, राखी सोनी, वार्ड पार्षद प्रदीप अकेला निगम महापौर कार्यालय प्रभारी श्री अशोक सिंह चेंबर के महासचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल एक्टिव सदस्य रंजीत मिश्रा, निलेश अग्रवाल, सरदार टिंकू सिंह, रिंकू दुबे, राकेश कुमार एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

मेदिनीनगर। महापौर अरुणा शंकर गांधी मैदान में पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (महिला विंग) के नि:शुल्क योगा की शुरुआत महिलाओं एवं पुरुषों के बीच योगा मैट वितरण कर किया। मौके पर महापौर खुद सबों के साथ योगा करते हुए कहा कि जब मैं महापौर बनी थी तो पूरे निगम क्षेत्र में एक भी पार्क नहीं था जहां लोग सुकून की सांस ले सकते थे। बच्चे खेल सकते थे, महिलाएं टहल सकती थी, बुजुर्ग अपना समय बिता सकते थे और युवा एक्सरसाइज कर सकते थे। लेकिन अब गांधी मैदान जो उद्यान का रूप लेता जा रहा वहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। महिलाएं एवं पुरुष योगा कर रहे हैं और युवा ओपन जिम पर एक्सरसाइज। महापौर ने कहा कि गांधी उद्यान में जल्द बच्चों के लिए वैभव सिंघानिया की याद में वैभव सिंघानिया स्केटिंग जोन विंग, महात्मा गांधी के स्टेचू एवं फुआरा, नये रूप से अमेरिकन ग्रास युक्त बाग-बगीचे एवं बच्चों के लिए मल्टी प्ले स्टेशन का काम 15 दिनों के अंदर शुरू करा दिया जायेगा। महापौर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आज हमारे शहर में गांधी उद्यान के अलावे अंबेडकर पार्क में भी सैकड़ों लोग प्रतिदिन योगा एवं टहल रहे हैं। वहीं सैकड़ों लोग निर्माणाधीन मरीन ड्राइव जो बनने के बाद झारखंड का एक माइलस्टोन होगा का भी लुफ्त अभी से उठा रहे है। महापौर ने सबो से अपील की है कि यह सारे उद्यान आप सबों के लिए है इसके रखरखाव में हमारी मदद करें।

ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दिलाना ही प्राथमिकता

■ विधायक ने नव निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का किया उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

हरिहरगंज पलामू। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अररुआ कला गांव के समीप मंगलवार को विधायक कमलेश कुमार सिंह ने 30 बेड क्षमता वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। विधायक ने कहा कि इस स्वास्थ्य केंद्र के भवन के उद्घाटन के साथ ही क्षेत्र को एक बड़े अस्पताल की सौगात मिली है। आने वाले समय में इस क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा के लिए अन्यत्र जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि यहां जल्द अच्छे चिकित्सक और सारे सुविधा मुहैया कराना उनकी प्राथमिकता होगी।

इसके अलावा विधायक ने कहा कि हरिहरगंज क्षेत्र के लिए प्रत्येक वर्ष विधायक कोटा से एक करोड़ राशि विकास के लिए खर्च की जायेगी। उनका प्रयास पूरे विधानसभा क्षेत्र को चिकित्सा, सड़क, पेयजल, बिजली के मामले में अव्वल दर्जे पर पहुंचाना है। इस दौरान समाजसेवी संतोष प्रजापति सहित कई स्थानीय लोगों ने आवेदन देकर एनएच 98 किनारे स्थित सीएचसी के पुराने भवन को शहरी स्वास्थ्य केंद्र बनाने की मांग की। वहीं पिपरा प्रखंड विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान ने प्रखंड वासियों को स्वास्थ्य सुविधा दिलाने की मांग विधायक से की। कार्यक्रम का संचालन डीपीएम दीपक कुमार ने किया।

खास बातें : मौके पर प्रभारी सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार सिंह, बीडीओ जयप्रकाश नारायण, सीओ बासुदेव राय, सीएचसी चिकित्सा पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह, पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, डॉ राजेश कुमार, डॉ अरविंद कुमार, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, बीपीएम संजय सिंह, जिप सदस्य मंजू देवी, समाजसेवी राजेश राम, भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, राजीव रंजन, मुन्ना विश्वकर्मा, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, कमलेश यादव, प्रमोद रवि, सूरजमल राम, कृष्ण सिंह, बुधन सिंह यादव, महादेव यादव, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष राज गौरव, युवा प्रखंड अध्यक्ष गोलू सिंह, इरफान शाहिद, भोला गुप्ता, मुखिया विनय सिंह, फुटुक सिंह, अखिलेश मेहता, गंगा जायसवाल, विकास सिंह, हरिओम सिंह, सत्येंद्र पासवान, भीमसेन शर्मा, राजेश कुमार, राजकुमार सिंह, अनीस अंसारी, तौहीद अहमद, सत्यम सौरव, मो इस्लाम, मनोज गुप्ता, उदय सिंह, हीरालाल यादव, बबलू सिंह, उपेंद्र सिंह, राजेश्वर सिंह, एनबी दत्ता, अजीत सिंह, प्रमोद सिंह, रामजी पासवान, दिलीप चौधरी, जितेंद्र विश्वकर्मा, आबिद उर्फ मुन्ना सहित कई स्वास्थ्य कर्मी के अलावे समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

एनएमओपीएस पलामू की टीम ने मनायी बिरसा जयंती

सतबरवा पलामू। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जन्म दिवस पर नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम संगठन (एनएमओपीएस) के पदाधिकारियों ने स्टेशन रोड स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा को पुष्प हार देकर शत-शत नमन किया। मौके पर नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम संघठन के प्रांतीय मुख्य प्रवक्ता दिनेश शुक्ल, पलामू इकाई के संयोजक मनोज मेहता, संगठन सचिव अजय कुमार, कोषाध्यक्ष राम उपेंद्र पांडेय, जिला कमेटी सदस्य विनय कुमार, दीपक कुमार समेत दर्जनों शिक्षक वृंद ने भगवान बिरसा की प्रतिमा का माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

राजद नेता ने निजी खर्च से करायी पहुंच पथ की मरम्मत

बिश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर नगर परिषद के भोलाटांड़ गांव में एक कच्चा पहुंच पथ (उस्मान अंसारी के घर से राहुल के घर तक) जर्जर अवस्था में था। जिस पर पैदल चलना भी दूभर हो गया था। क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने वरीय राजद नेता सह निवर्तमान नप अध्यक्ष के प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी से इस पहुंच पथ की मरम्मत कराने की मांग रखी। मंगलवार को नईमुद्दीन अंसारी ने ट्रैक्टर से मेटल व मोरम गिरवाया। श्री अंसारी ने कहा कि सभी कार्य सरकार के ही भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। लोगों की परेशानी और दर्द बांटना ही मेरा उद्देश्य है। मौके पर श्याम बिहारी विश्वकर्मा, उसमान अंसारी, मो अली अंसारी, सफीक अंसारी, नूर आलम अंसारी, तबरेज अंसारी, संतोष चौधरी आदि थे।

पोता देवनारायण सिंह ने किया नीलांबर पीतांबरपुर समाधि स्थल का शिलान्यास

>> नुक्कड़ सभा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

नीलांबर पीतांबरपुर पलामू। शहीद नीलांबर पीतांबर के पैतृक गांव चेमो सनेया से शुरू कर उनकी शहादत स्थल नीलांबर पीतांबर तक दो दिवसीय यात्रा निकाली गई। रास्ते में शहीद बिरसा मुंडा की जयंती मेदिनीनगर व रामकंडा में मनायी गयी। केंद्र सरकार के कैबिनेट से प्रस्तावित वन संरक्षण संशोधन अधिनियम की प्रतियों को जलाते हुए, कंपनी राज के खिलाफ पुरजोर प्रतिरोध दर्ज कराया गया। नीलांबर पीतांबर, बिरसा मुंडा के देश में कंपनी राज नही चलेगा। इधर, शहीदों के परपोते देवनारायण सिंह ने समाधि निर्माण का शिलान्यास किया। जिसके बाद गांधी चौक पर नुक्कड़ सभा हुई। वक्ताओं ने कहा कि सरकारें हमारे शहीदों की शहादत को धूमिल कर उनकी लड़ाइयों को खत्म कर देना चाहती है।

एमएसए स्कूल का अर्धवार्षिक परीक्षाफल प्रकाशित

मेदिनीनगर। पोखराहा खुर्द स्थित एमएसए पब्लिक स्कूल में द्वितीय अर्धवार्षिक परीक्षा (सेकेंड टर्मिनल) परिणाम प्रकाशित किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों के साथ-साथ गुड हैंडराइटिंग, अधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को विद्यालय में आयोजित पैरेंट्स टीचर मीटिंग में उपस्थित सैकड़ों अभिभावकों के बीच विधायक आलोक चौरसिया और विद्यालय संस्थापक मों शफीक अंसारी ने पुरस्कार व मेरिट सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किये।

जनरल स्टोर में आग लगने से लाखों का सामान खाक

खबर मन्त्र संवाददाता

सतबरवा पलामू। थाना क्षेत्र के कसियाडीह के हलुवा चट्टान टोले में स्थित एक जनरल स्टोर में शनिवार की रात आग लगने से लाखों के सामान स्वाहा हो गये। दुकान मालिक नीतीश कुमार पिता राजकुमार साहू कसियाडीह के रहने वाले हैं। बताया जाता है कि रात 10 बजे दुकान बंद कर दुकान मालिक घर सोने चला गया था। लगभग डेढ़ बजे रात सूचना मिलने पर जब दुकान पहुंचा, तो घटना की सूचना तत्काल सतबरवा पुलिस को दी। पुलिस के नहीं पहुंचने पर मंगलवार की सुबह में पलामू एसपी को टेलीफोन पर सूचना दी। सतबरवा थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार राय, एएसआई कौशल किशोर दुबे दल बल के साथ मंगलवार सुबह करीब 8:30 बजे भुक्तभोगी की दुकान पहुंचे।

पीएम आवास : लाभुकों को कराया गृह प्रवेश

सतबरवा पलामू। प्रखंड के बोहिता पंचायत के सेहरा में झारखंड स्थापना दिवस के 22वीं वर्षगांठ व धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती पर एक दर्जन के करीब प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभूकों को गृह प्रवेश मंगलवार को कराया गया। मुखिया कलावती देवी, बीपीआरओ सुरेश ठाकुर, प्रखंड प्रमुख के प्रतिनिधि युगल किशोर राम, लाल बिहारी प्रसाद, वार्ड पार्षद सुनीता कुमारी ने पूजा अर्चना के साथ फीता काट कर गृह प्रवेश कराया। वहीं लाभुक को आवास की चाबी सौंपी। बीपीआरओ सुरेश ठाकुर ने बताया कि पीएम आवास के लाभुक सोनू साव, रामजन्म साव, उपेंद्र मोची, सुरेश साव, अजय साव, कृष्णा साव, रघु मोची, श्याम बिहारी मोची को प्रधानमंत्री आवास में गृह प्रवेश कराया गया।

ज्ञान मंदिर पब्लिक स्कूल में मना बिरसा जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। ज्ञान मंदिर पब्लिक स्कूल के प्रांगण में भगवान बिरसा की जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस समारोह विद्यालय परिवार की उपस्थिति में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ स्कूल के निदेशक विनोद कुमार मिश्र के द्वारा धरती आबा भगवान बिरसा की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीपोज्वलन से हुआ।

छात्राओं ने सुमधुर स्वागत गान की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात निदेशक ने भगवान बिरसा के जीवन संघर्ष एवं उनके आदर्शों को अपनाने की आवश्यकता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जल, जंगल, जमीन और जीवों के कल्याण के लिए बिरसा आजीवन संघर्ष करते रहे, प्राणी मात्र के प्रति दया का भाव ही उन्हें महान बनाता है। हमें उनके आदर्शों को जरूर अपनाना चाहिए।

विद्यालय के शिक्षक नरेंद्र तिवारी, मुकेश सिंह, अभिषेक पांडेय, अविनाश वर्मा, अरुण मिश्र, शिक्षिका सीमा सिन्हा, संगीता, सुमन, माही, लवली, एवं सीमा पांडेय ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में छात्रों ने झारखंड के अनेक मधुर गीत प्रस्तुत किये। संचालन शार्दुल सिंह ने किया। छात्र छात्राओं ने मेरा झारखंड इस विषय पर निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। सफल प्रतिभागियों को प्रबंधन की ओर से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समापन अरुण कुमार मिश्र के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने वार्ड नंबर 32 में किया जनसंपर्क

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। वार्ड नंबर 32 की सभी बुनियादी सुविधाओं को बहाल करने के लिए मैं कृतसंकल्पित रहूंगा। उक्त बातें भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने कही। श्री सिंह वार्ड नंबर 32 में घर घर यात्रा के क्रम में बोल रहे थे। श्री सिंह ने इस दौरान वार्ड नंबर 32 के दर्जी मुहल्ला के खराब पडे चापाकल को निजी खर्च से मरम्मत करने की बात कही।

श्री सिंह ने कहा कि वार्ड में विद्युतीकरण के सिमेंट पोल लगवाने के लिए विद्युत विभाग के पदाधिकारियों से मिलने की बात कही। श्री सिंह ने कहा कि अगर चुनाव में उन्हें आशीर्वाद मिला तो वार्ड की सभी समस्याओं के निराकरण के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि नगरनिगम के द्वारा 32 नंबर वार्ड में नहीं के बराबर सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया गया है। इस दौरान समस्त मुहल्लावासियों ने श्री सिंह माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर उनका भव्य स्वागत किया।

मौके पर जिला परिषद सदस्य अफजल अंसारी ताज मोहम्मद, इलियास खलीफा, असराफील, राशिद खलिफा, धीरज जयसवाल, राजेन्द्र, शम्मसुद्दिन खलीफा, शरवर खलिफा, फरीद खलिफा, आलो बीबी, ओरैता बीबी, रायरून बीबी, ताजो बीबी, अरशद, अरमान, अली फैजल सहित कई मुहल्लेवासी उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

धरती आबा को शौर्य संस्था ने किया नमन

जमशेदपुर। मंगलवार को स्वाधिनता संग्राम के युवा क्रांतिकारी जिन्होंने आदिवासी एवं वनवासी समाज के जल, जंगल, जमीन के अधिकार की लड़ाई लड़ते हुए मातृभूमि केलिए अपने प्राणों की आहुति दी, वैसे योद्धा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती के अवसर पर शौर्य संस्था ने बिरसानगर संडे मार्केट स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर नमन किया। संस्था के संस्थापक अमरजीत सिंह राजा ने बताया कि बिरसा मुंडा जी ने युवा अवस्था में अंग्रेजी हुकूमत को ललकारा था। अपनी मातृभूमि के रक्षार्थ एवं जल, जंगल, जमीन तथा अपने कुटुम्ब व मुंडारी पहचान की रक्षा करने हेतु युवा बिरसा मुंडा जी ने सन् 1895 में ब्रिटिश सरकार के खिलाफ 'उलगुलान' का आगाज किया और गिरफ्तार होने उपरांत कारागार में स्वास्थ में लगातार गिरावट के कारण सन 1900 ई को केवल 25 वर्ष की आयु में अपने माटी की रक्षा करते हुए शहीद हो गए। वह सदा युवाओं के एक प्रेरणास्रोत बन गये।

अरविंद बने टाटा स्टील के सुरक्षा विभाग के चीफ

जमशेदपुर। टाटा स्टील जमशेदपुर के चीफ सिक्योरिटी के तौर पर अरविंद कुमार सिन्हा को पदस्थापित कर दिया गया है। मंगलवार को कंपनी के एमडी टीवी नरेंद्रन पदस्थापन संबंधित सर्कुलर जारी कर दिया। अरविंद सिन्हा चीफ सिक्योरिटी के साथ-साथ रॉ मैटेरियल और ब्रांड प्रोटेक्शन के भी चीफ होंगे। बता दें कि इस पद पर पहले सीआरपीएफ में डीआइजी रहे गोपाल चौधरी तैनाथ थे जिन्होंने बेहतर कैरियर के लिए पद से इस्तीफा दे दिया था और कई माह से चीफ का पद खाली था। अरविंद सिन्हा को फिलहाल जमशेदपुर रॉ मैटेरियल के साथ-साथ प्रोटेक्शन का चीफ बनाया गया है। वे वीपी सीएस चाणक्य चौधरी को रिपोर्ट करेंगे और वे आइएल-2 स्तर के अधिकारी होंगे। अरविंद कुमार सिन्हा ने रांची यूनिवर्सिटी से डिग्री ली। इसके बाद वे एक्सएलआरआई से वर्ष 2021 में एचआरएम में एग्जूक्टिव डिप्लोमा डिग्री हासिल की। अपने 28 साल के प्रोफेशनल करियर में अरविंद सिन्हा 1994 से 2001 तक सीआरपीएफ में असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर काम कर चुके हैं। इसके बाद उन्होंने 2001 में एडीएम सिक्योरिटी के तौर पर टाटा स्टील में योगदान दिया। वर्ष 2002 में अरविंद सिन्हा को टाउन सिक्योरिटी का हेड बनाया गया । वे वेस्ट बोकारो केबी हेड मार्केटिंग व सिक्योरिटी के साथ-साथ लाइजन एवं एडमिनिस्ट्रेशन का अधिकारी रहे हैं। वर्ष 2018 में उनको डीजीएम प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेशन बनाया गया। इसके बाद 2019 में डीजीएम टाउन सर्विसेज बनाए गए थे ।अरविंद सिन्हा एक साफ-सुथरे, इमानदार, विनम्र और बेहद तेज तर्रार अधिकारी माने जाते हैं।

चांडिल डैम में दा सनसेट पॉइंट का हुआ उद्घाटन

चांडिल। बिरसा जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस पर धरती आबा बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित कर दा सनसेट पॉइंट का उद्घाटन चांडिल पंचायत के मुखिया मनोहर सिंह सरदार एवं रसुनिया के मुखिया मंगल मांझी ने संयुक्त रूप से किया। दा सन सेट पॉइंट में अब पर्यटकों को ठहरने के लिए कॉटेज की व्यवस्था दिया जायेगा। ठहरने के लिए पर्यटकों को पहले कॉटेज बूकिंग करना होगा।

साकची गोलचक्कर के पास भगवान बिरसा मुंडा की विशाल प्रतिमा के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते विधायक मंगल कालिंदी। बैठे हैं मंत्री चंपई सोरेन और टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी।

साकची : भगवान बिरसा मुंडा की 15 फीट ऊंची प्रतिमा का मंत्री चंपई सोरेन ने किया अनावरण

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। आई हॉस्पिटल के सामने विकसित बिरसा पार्क में स्थापित 15 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण बिरसा मुंडा की जयंती पर आज आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री चंपई सोरेन ने ने किया। इस मौके पर सोरेन ने कहा कि आज ऐतिहासिक दिन है। बिरसा मुंडा ने आदिवासियों की जमीन, जंगल और पानी बचाने के लिए अंग्रेजों से संघर्ष किया। इसके कारण हम भगवान की तरह बिरसा मुंडा की पूजा करते हैं। प्रतिमा लगाने के मसले पर आई अड़चन और फिर बाद में उसे सुलझाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि बिना संघर्ष के कभी कुछ नहीं मिलता। उन्होंने कहा की 20 साल तक झारखंड अपमानित हुआ है मानगो को जाम से बचाने के लिए पहले क्यों पहल नहीं हुई। आदित्यपुर के बंद कारखाने को क्यों नहीं खुलवाया गया। यह सब ऐसे सवाल हैं, जो पूर्व की सरकारों से पूछा जाना चाहिए। उन्होंने इन मसलों को सुलझाने के लिए राज्य

➲ **मंत्री चंपई सोरेन ने जयंती पर किया अनावरण**

के युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तारीफ की।

विशिष्ट अतिथि मंगल कालिंदी ने कहा कि जुस्को के सीनियर जीएम कैप्टन धनंजय मिश्रा वास्तव में कैप्टन हैं। जिन्होंने मात्र 10-12 दिनों में यह पार्क तैयार कर दे दिया। उन्होंने कहा कि झामुमो माटी की पार्टी है, शहीदों की पार्टी है। अलग राज्य के निर्माता दिशोम गुरु शिबू सोरेन एवं युवा हृदय सम्राट हेमंत सोरेन ने हमेशा शहीदों को सम्मान देने का काम किया है। वे तो पार्टी के साधारण सिपाही हैं, जिसके संघर्ष से आज यहां 18 फीट ऊंची भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा लगी है। उन्होंने टाटा स्टील को धन्यवाद दिया की उसने दरिया दिल्ली दिखाई और इतनी जल्दी पार्क तैयार कर उपलब्ध कर दिया।

टाटा स्टील के वीपी सीएसआर चाणक्य चौधरी ने कहा कि उन्हें इस बात की अधिक खुशी है कि आज हम भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर इकट्ठा हुए हैं। कुछ समय से मंत्री चंपाई सोरेन और विधायक मंगल कालिंदी से उनकी बातचीत हो रही थी। और उनमें इस बात पर सहमति बनी थी कि इस पार्क को किस तरह बनाना है। उन्होंने आश्वासन दिया कि शहर में और भी पार्क बनाए जाएंगे। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि उपस्थित लोग इस पार्क की व्यवस्था को बनाए रखने में मदद करेंगे। कार्यक्रम का संचालन जुस्को के सीनियर जीएम कैप्टन धनंजय मिश्रा ने किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में आदिवासी और शहर वासी मौजूद थे।

बिना भेदभाव हर झारखंडी का कल्याण कर रही है राज्य की सरकार : बन्ना गुप्ता

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। झारखंड राज्य अपने स्थापना का 22 वर्षगांठ मना रहा है। इस अवसर पर सिदगोड़ा स्थित टाउन हॉल, जमशेदपुर में जिला स्तरीय कार्यक्रम माननीय मंत्री स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, परिवार कल्याण एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड श्री बन्ना गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में सरकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओ के लाभुकों के बीच 50 लाख रूपए से ज्यादा की परिसंपत्ति का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत जॉब कार्ड वितरण, ऊअ ठवछट के एएढ घटक के तहत श्रण वितरण, पीएम स्वनिधि का लाभ, सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 3 लाभुकों को टेंट हाउस एवं होटल व्यवसाय के लिए श्रण, खरछढर अंतर्गत फुलो झानो आशीर्वाद योजना, क्रेडिट लिंकेज, मुद्रा लोन, वैक्सीन बॉक्स वितरण, श्रम विभाग की ओर से 2 महिलाओं को मृत्यु/दुर्घटना सहायता योजना एवं अंत्येष्टि सहायता योजना के तहत 1 लाख 10 हजार रूपए की सहायता राशि, व सामाजिक सुरक्षा विभाग की ओर से लाभुकों के बीच कंबल वितरण किया गया।

मंत्री बन्ना गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार झारखंडवासियों के हित में कई कल्याणाकारी योजनाएं संचालित कर रही है तथा बिना किसी भेदभाव के इसका लाभ लोगों को दिया जा रहा है। उन्होने बताया कि सर्वजन पेंशन जैसी योजना से बिना किसी जात, धर्म या वर्ग का भेदभाव किए सभी लोगों

एक महिला लाभुक को चेक सौंपते मंत्री बन्ना गुप्ता। बगल में लाभुक की गोद में बच्चे को दुलारती डीसी विजया जाधव। साथ में डीएफओ ममता प्रियदर्शी।

को जोड़ने का काम हमारी सरकार कर रही है । बालिकाओं के लिए सावित्री बाई फुले समृद्धि जैसी योजना है वहीं बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से जोड़ा जा रहा। उन्होने कहा कि झारखंड की इस रत्नगर्भा धरती के युवाओं एवं सभी वर्गों के हित को ध्यान में रखकर योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

वहीं जमशेदपुर में एमजीएम अस्पताल का जिर्णोद्धार हो या फ्लाईओवर निर्माण जैसी योजना, वर्तमान सरकार विकास कार्यों को धरातल पर उतारते हुए राज्य को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रही है। जिला उपायुक्त विजया जाधव ने बताया कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की योजनाओं का लाभ सुदूर व दुर्गम क्षेत्रों में निवासरत लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया गया । यह जिला बहुभाषी जिला है ऐसे में लोगों को उनकी भाषा में सरकार का संदेश पहंचाते हुए पंचायत स्तरीय शिविरों में आने के लिए प्रेरित किया गया जिसका परिणाम यह निकला कि हमारा जिला पूरे राज्य में सबसे ज्यादा लोगों तक पहुंच पाया। उन्होने बताया कि दो चरणों में आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 5.5 लाख आवेदन आए, उन्होने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि एक महीने के भीतर 95 फीसदी आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा।

हमारे आन-बान और शान के प्रतीक हैं वीर बलिदानी भगवान बिरसा मुंडा: काले

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। शहर की अग्रणी संस्था नमन द्वारा प्रत्येक वर्षों की भांति भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के पावन अवसर पर युवाओं को जागृत करने हेतु विशाल जागृति यात्रा निकाली गई। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में बिरसानगर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हजारों शहरवासियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर सम्मान यात्रा को गरिमामय एवं अनुशासित तरीके से सम्पन्न कराने में अपनी शानदार भूमिका अदा की। काले ने कहा कि जब तक ब्रह्माण्ड है तब तक ऐसे तमाम वीरों को जिन्होंने अपने देश की खातिर सब कुछ बलिदान कर दिया है इन सभी को याद किया जाता रहेगा और कृतज्ञ राष्ट्र इनको नमन करता रहेगा। ये सभी क्रांतिकारी हमारे रियल हीरो है। जनजातीय गौरव दिवस एवं झारखंड स्थापना दिवस की सभी को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि - बिरसा मुंडा ने प्रकृति, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ी। उनके बहुमूल्य योगदान ने हमें प्रकृति और पर्यावरण से प्यार करने की सीख दी है।

501 नगाड़े बजा कर हुआ आदिवासी सम्मेलन संवाद का शानदार आगाज

■ उद्घाटन समारोह में झारखंड के 21 आदिवासी समुदाय की संस्कृति दिखी

■ टाटा स्टील की मेजबानी में देश-विदेश से 2500 आदिवासी प्रतिनिधि ले रहे भाग

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर नाउ आदिवासी सम्मेलन संवाद का शुभारंभ आज टाटा स्टील की मेजबानी में गोपाल मैदान बिस्टुपुर में 501 नगाड़ों को बजाकर किया गया। सम्मेलन में देश भर से 180 जनजातियों के ढाई हजार से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं जिसमें 30 आदिम जनजाति के प्रतिनिधि हैं। संवाद के शुभारंभ में संथाली प्रार्थना की गई। प्रार्थना के गीत बोल जोहार जोहार मरांग बुरु जोहार जोहार...। इसके बाद सीतारामडेरा उरांव डांस टीम लड़के लड़कियों ने जावा लेकर डांस करते हुए स्टेज पर आए और प्रकृति को नमन किया। मौके पर टाटा स्टील के स्वतंत्र निदेशक दीपक कपूर, टाटा स्टील के विभिन्न और सीएफओ कौशिक चैटर्जी टाटा स्टील के बीपी चाणक्य चौधरी मंच पर आकर उनका मनोबल बढ़ाया।

उद्घाटन समारोह में आदिवासी नृत्य दल के साथ झूमते टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी।

संगठित समाज का निर्माण का संकल्प लेकर संघर्ष करना होगा : रामचंद्र सहिस

➲ **वर्तमान सरकार घोषणाओं और बयानबीरों को सरकार है**

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। मंगलवार को झारखंड स्थापना दिवस पर आजसू पार्टी द्वारा आयोजित भगवान बिरसा मुंडा के जयंती पर गोबिंदपुर स्थित रेलवे हॉल्ट मैदान में स्थापना दिवस सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। इस समारोह के अध्यक्षता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष निरंजन महतो ने किया जबकि संचालन प्रखंड सचिव शंभू श्रवन ने किया वही धन्यवाद मंगल टुडू ने दिया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा की पार्टी में आजसू पार्टी के नीति सिद्धांतो से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता लेने वाले सभी महिलाएं माताएं और बहनें के आलवे पार्टी में शामिल हो रहे। सभी युवा साथियों का हार्दिक अभिनंदन और स्वागत करते है। आज स्थापना दिवस राज्य का ऐतिहासिक दिन है। आज अबुआ दिसुम आबुआ राज का नारा दे उलगुलान करने वाले राज्य के अस्मिता और राज्य के सम्प्रभुता बचाने के लिए लंबी लड़ाई लड़ने वाले भगवान बिरसा मुंडा जी के जन्मजयंती पर नमन किया।

मंत्री बन्ना, डीसी व अधिकारियों ने किया भगवान बिरसा को नमन

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर माननीय मंत्री श्री बन्ना गुप्ता, जिला उपायुक्त विजया जाधव ने बिरसानगर स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। साथ ही झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्यवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

माननीय मंत्री ने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा हम सबों के आस्था एवं आशा के प्रतीक हैं, त्याग, तपस्या और बलिदान का उनका अमर इतिहास है । उन्होने किस तरह अपना बलिदान देकर इस धरती को बचाया है, कैसे हम जल जंगल जमीन को बचायें, झारखंड के लोगों का उन्नति हो, विकास हो इस दिशा में प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें। जिला उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने कहा कि धरती आबा का देश प्रेम और आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के विरुद्ध 'उलगुलान' हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उन्हें सादर श्रद्धासुमन अर्पित करती हूं। उन्होने समस्त राज्यवासियों को राज्य के स्थापना दिवस की भी शुभकामनायें देते हुए कहा कि आइए इस अवसर पर राज्य की चतुर्दिक कीर्ति एवं सर्वविध प्रगति की कामना करते हुए राज्य की समृद्धि में अपना सर्वस्व देने का प्रण लें।

राष्ट्रविरोधी ताकतों से झारखंड की समृद्ध संस्कृति को भारी खतरा, सतर्क रहने की जरूरत: रघुवर दास

➲ **पटमदा के कमलपुर पंचायत में भाजपा ने मनाई जनजातीय गौरव दिवस**

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा राज्य स्थापना दिवस एवं धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंगलवार को कमलपुर मंडल अंतर्गत बांगुडदा गांव में अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बिमल बैठा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने शिरकत की। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव मुख्यरूप से शामिल हुए। उपस्थितजनों ने आजादी के जंग के महानायक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान ग्रमीणों ने ढोल-नगाड़ों के संग पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का परंपरागत रूप से स्वागत किया।

पटमदा में जनजातीय गौरव दिवस समारोह में बोलते रघुवर दास।

वहीं, ग्रामीणों ने आजादी के वर्षों बाद भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के दौरान निशानेबाजी, हांडी फोड़ प्रतियोगिता एवं बच्चों के लिए दौड़ जैसे प्रतियोगिता आयोजित की गई।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने जनजातीय गौरव दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने झारखंड वासियों को 22वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं व्यक्त की। उन्होंने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजी हुकूमत और विदेशी धर्म संस्कृति के खिलाफ आंदोलन किया। जल-जंगल, जमीन और धर्म-संस्कृति की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। लेकिन आज भी राष्ट्रविरोधी शक्तियां राज्य की समृद्ध संस्कृति को नष्ट करने में लगी हुई है। उन्होंने जनजातीय गौरव दिवस पर झारखंड के आदिवासी वीर सपूतों को स्मरण करते हुए कहा कि आजादी की लड़ाई में भगवान बिरसा मुंडा, तिलका मांझी, सिदो कान्हू, चांद-भैरव, वीर बुधु भगत, पोटो हो समेत सैंकड़ों वीर सपूतों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपना सर्वस्व बलिदान दिया है।

एक नजर में

विधायक सरयू राय ने बिरसानगर में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

जमशेदपुर। भाजमो बिरसानगर मंडल पूर्वी एसटी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुरज हेंब्रम के नेतृत्व में विधायक सरयू राय ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 147 वीं जयंती के अवसर पर बिरसानगर संडे मार्केट स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। श्री राय ने अपने संबोधन में बिरसा मुंडा के त्याग और बलिदान को स्मरण करते हुए उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। श्री राय ने कहा की भगवान बिरसा मुंडा ने युवा अवस्था में ही अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ उलगुलान कर राज्य में नई क्रांति का आगाज किया था। राज्य को अंगेजों की गुलामी से मुक्त कराने के लिए उन्होनें कठीन लड़ाई लड़ी और देश के लिए अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया। आज हम उनके बलिदान को याद करते हुए बिरसानगर क्षेत्र के विकास की नई गाथा लिखने के लिए संकल्प लेते है। मौके पर भाजमो के रामनारायण शर्मा, संजीव आचार्या, कुलविंदर सिंह पन्नु, मनोज सिंह उज्जैन,चंद्रशेखर राव, विकास गुप्ता, राजेश कुमार प्रकाश कोया, अमित शर्मा समेत कापी संख्या में पार्टी कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

टाटा मोटर्स यूनियन ने किया भगवान बिरसा को नमन

जमशेदपुर। मंगलवार को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय में एक बैठक हुई। जिसमें आगामी 21 दिसंबर को होने वाले विशाल रक्तदान को सफल बनाने के लिए विचार विमर्श किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने किया। सबसे पहले अध्यक्ष एवं महामंत्री के द्वारा भगवान बिरसा के प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। तत्पश्चात बैठक की कार्रवाई आरंभ हुई महामंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज पुनीत अवसर है भगवान बिरसा जी की जन्म जयंती है और झारखंड का स्थापना दिवस है। इस दिवस पर हम एक पुनीत कार्य की तैयारी में आप सबको आवाहन करना चाहते हैं। पिछले वर्ष भी मजदूर नेता गोपेश्वर लाल दास जी के जयंती के अवसर पर 21 दिसंबर को विशाल रक्तदान हुआ था और इस बार पुनः आप सब के सहयोग से इसे सफल करना है। आप सब बारी-बारी से सफलता के लिए सुझाव दें। अध्यक्ष महोदय ने भगवान बिरसा को नमन करते हुए सभी के विचारों को सुना और विभिन्न कमेटी बनाकर विशाल रक्तदान शिविर को सफल करने की रणनीति बनाई। सभा का संचालन प्रकाश विश्वकर्मा ने किया धन्यवाद ज्ञापन अनिल शर्मा ने किया। सभा समाप्त होने के बाद सभी लोग बिरसा नगर स्थित भगवान बिरसा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने गए तथा उनकी प्रतिमा पर माला पहनाया।

नारायण आइटीआई में मनी बिरसा मुंडा की जयंती

जमशेदपुर। नारायण आईटीआई संस्थान लूपुंगडीह में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। मौके पर नारायण आईटीआई संस्थान के संस्थापक डॉ जटा शंकर पांडे ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस के रूप में भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती पूरा देश मना रहा है भगवान बिरसा मुंडा जल,जंगल,जमीन तथा अपने कुटुम्ब व मुंडारी पहचान की रक्षा करने हेतु सन् 1895 में ब्रिटिश सरकार के खिलाफ 'उलगुलान' का आगाज कर दिया और ब्रिटिश सरकार के सैनिकों को नाको चने चबाने को विवश किया उनके प्रेरणा से हम सब अपने कार्य के प्रति अग्रसरित होते रहेंगे। इस अवसर पर लूपुंगडीह पंचायत के मुखिया श्री भोला सिंह सरदार, उप मुखिया, लूपुंगडीह पंचायत के वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए। कॉलेज संस्थान के सदस्य प्रोफेसर सुदिष्ट कुमार, एडवोकेट निखिल कुमार संस्थान के शिक्षक श्री शांति राम महतो, श्री जयंत बनर्जी शिक्षकेतर कर्मचारी पवन कुमार, अजय मंडल, निमाई मंडल के साथ सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

विश्वकर्मा समाज ने धरती आबा को किया नमन

फोटो विश्वकर्मा समाज

जमशेदपुर। मंगलवार को सुबह 10.30 बजे झारखंड स्थापना दिवस के अवसर और धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती पर जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष रांमविलाश शर्मा की अध्यक्षता मे बिरसा नगर सन्डे मार्केट मे बिरसा मुंडा जी के प्रतिमा पर माल्याआर्पण किया गया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष रामविलाश शर्मा ने कहा कि आदिवासी समाज की दिशा और दशा को बदल कर नये सामाजिक एवम् राजनीतिक युग की शुरूआत करने वाले महान स्वतंत्रा सेनानी और भगवान बिरसा मुंडा जी के जयंती पर कोटि कोटि नमन। समाज के सहायक महामंत्री श्री राजकुमार शर्मा ने समस्त झारखंड वासियों को झारखण्ड स्थापना दिवस की बहुत बहुत बधाई दिया, एवम सभी को ये संदेश दिया कि संगठन को जोड़ के रखने और सभी के साथ साथ कैसे चला जाए वे हमे भगवान बिरसा मुंडा जी से लेना चाहिए। आज के कार्यक्रम मे रामविलाश शर्मा, सहायक महामंत्री राजकुमार शर्मा,प्रेम शर्मा, प्रदीप शर्मा, जय नारायण शर्मा आदि उपस्थित थे।

खबर मन्त्र

रांची. बुधवार. 16 नवंबर 2022

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

रिहाई की चर्चा

देश के युवा प्रधानमंत्री राजीव गांधी का तमिलनाडु के श्रीपेरुंबदूर में 21 मई 1991 को हुई राजीव गांधी की हत्या कर दी गयी थी। उस मामले में सजा पाये छह लोगों को जेल से रिहा कर दिया गया। गयाबहरहाल, वक्त के साथ भरे जख्मों के बाद गांधी परिवार अपने दुखों से ऊपर उठकर कहने का साहस कर सका कि उसने अपराधियों को माफ कर दिया है। और रिहाई का आधार यह भी था कि दोषी अपनी उम्र का बड़ा हिस्सा जेल में बिता भी चुके थे और कुछ असाध्य रोगों से भी पीड़ित थे। जैसे कि उम्मीद थी, मामले में राजनीतिक प्रतिक्रियाएं आ रही हैं, जो स्वाभाविक है क्योंकि इस दुख को पूरे देश ने महसूस किया था और गांधी परिवार के लिये इसे आसानी से भूलना संभव भी नहीं है। लब्बोलुआब यह कि शीर्ष अदालत का यह फैसला हमारी उदार न्याय व्यवस्था का उदाहरण है, जो दुनिया के कई देशों को न्याय के मानवीय पक्ष पर विचार करने को बाध्य करेगा। ऐसे में रिहा हुए लोगों का भी दायित्व बनता है कि इस उदार रिहाई के बाद समाज में उनका व्यवहार रचनात्मक हो। ताकि उनकी रिहाई पर फिर सवाल न उठ सकें। निस्संदेह, न्याय का चेहरा मानवीय व उदार होना चाहिए, लेकिन उसके दुरुपयोग की गुंजाइश भी नहीं होनी चाहिए। वहीं अदालत सतर्कता बरतते हुए ऐसे फैसलों को अपवाद स्वरूप ही रहने दे तो बेहतर होगा। इसकी वजह यह भी कही जा सकती है कि न्याय के फैसलों का तार्किक आधार ही होता है, न कि भावनात्मक। वहीं यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि दंड का मतलब सुधारात्मक होता है न कि अपराध के मुकाबले का दंड देना। बहरहाल, इस फैसले को जिम्मेदार लोकतंत्र की परिपक्व न्याय व्यवस्था के रूप में भी देखा जाना चाहिए। न्याय के मानवीय पहलू को ध्यान में रखकर भी सोचा जाना चाहिए।

रिकार्ड निर्यात

एक साल पहले की समान अवधि में निर्यात 63 करोड़ डॉलर रहा था। हालांकि, सरकार ने मई में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन कुछ देश, जो अपनी खाद्य सुरक्षा जरुरतों को पूरा करने के लिए गेहूं की मांग करते हैं, उनकी इस जरुरत को पूरा करने के लिए निर्यात करने की अनुमति है। मंत्रालय ने कहा, अप्रैल-सितंबर-2022 में गेहूं का निर्यात बढ़कर 148.7 करोड़ डॉलर का हो गया, जो अप्रैल-सितंबर-2021 में 63 करोड़ डॉलर का हुआ था। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण वैश्विक गेहूं की आपूर्ति गंभीर रूप से बाधित हो गई है। दोनों ही गेहूं के प्रमुख उत्पादक देश हैं। मंत्रालय ने यह भी कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के दौरान कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात 25 प्रतिशत बढ़ा।कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के उत्पादों का कुल निर्यात अप्रैल-सितंबर, 2022 में बढ़कर 13.77 अरब डॉलर का हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 11.05 अरब डॉलर का हुआ था। वर्ष 2022-23 के लिए, एपीडा द्वारा 23.56 अरब डॉलर का निर्यात लक्ष्य निर्धारित किया गया है और छह महीने की अवधि में 13.77 अरब डॉलर का निर्यात पहले ही हासिल कर लिया गया है। मसूर का निर्यात 13.5 करोड़ डॉलर से बढ़कर 33 करोड़ डॉलर हो गया। बासमती चावल का निर्यात भी अप्रैल-सितंबर, 2022 के दौरान बढ़कर 2.28 अरब का डॉलर हो गया, जो एक साल पहले 1.66 अरब डॉलर का हुआ था।गैर-बासमती चावल का निर्यात आठ प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3.20 अरब डॉलर का दर्ज किया गया। इसी तरह, पॉल्ट्री उत्पादों का निर्यात 83 प्रतिशत बढ़कर 5.7 करोड़ डॉलर का हो गया, जबकि डेयरी उत्पादों का निर्यात 58 प्रतिशत बढ़कर 34.2 करोड़ डॉलर का हो गया। यह एक सुखद संकेत है।

आखिर हमारे शहर कब होंगे जाम मुक्त

झारखंड राज्य बनने के समय अनेक पत्रकारों, अर्थशास्त्रियों और अन्य विशेषज्ञों ने कहा था कि झारखंड बहुत बड़ी संभावनाओं वाला राज्य बनेगा और अति उत्साह में रूर घाटी के समकक्ष बताया गया था । यह भी कहा गया था कि यह सबसे समृद्ध राज्य होगा जिसके पास अकूत खनिज संपदा है पर अस्थिर सरकारों, राजनीतिक प्रयोगों और अदूरदर्शिता के साथ परंपरागत पुरातन पंथी तदर्थवाद ने झारखंड की गति न सिर्फ धीमी कर दी बल्कि छोटी-छोटी समस्याओं में उलझा कर इसे एक ऐसा राज्य बना दिया जो आज भी इसके साथ अस्तित्व में आए राज्यों से न सिर्फ पीछे हैं बल्कि अकूत धन संपदा के बाद भी एक दरिद्र राज्य के रूप में जाना जाता है। नीतिगत मामलों की बात करें तो सबसे बड़ी भूल जो राजनेताओं और नीति निर्धारकों से हुई वह यह कि सारी विकास योजनाओं को शहर केंद्रित रखा गया जिस कारण छोटे कस्बों से लेकर राजधानी रांची तक भीड़ बढ़ती गई और साथ ही समस्याएं भी! कहीं भूगर्भ जल नीचे चला गया तो कहीं ट्रैफिक जाम की इतनी बड़ी-बड़ी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं कि सरकार के हाथ पैर फूल रहे हैं । वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में रिंग रोड, बाइपास जैसे उपाय किए जा रहे हैं लेकिन मौलिक विचार अभी तक किसी ने नहीं किया कि जब स्थान सीमित हो और आवश्यकताएं बहुत हों तो विकास को शहर केंद्रित न कर आसपास के क्षेत्रों तक बढ़ा देना चाहिए। इसका सटीक उदाहरण दिल्ली एनसीआर, नोएडा और गुरुग्राम है । बेंगलुरु, मुंबई जैसे महानगर भी अच्छी यातायात व्यवस्था के कारण डेढ़ 200 किलोमीटर तक से अपने कामकाजी लोगों को आने-जाने की सुविधाएं देते हैं और मुख्य शहर के ऊपर दबाव कम होता जा रहा है, साथ ही ग्रामीण क्षेत्र भी विकसित हो रहे हैं जिससे उनकी भी अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है और छोटे उद्योग धंधों या व्यवसाय से एक बड़ा उद्योग स्थापित हो रहा है ।

झारखंड की बड़ी समस्या यातायात की है अभी तो राजधानी रांची में कुछ फ्लाईओवर बनने शुरू हुए हैं जिन्हें आज से 20 साल पहले बनना चाहिए था इसी प्रकार पटना में मेट्रो शुरू होने जा रहा है , जयपुर में शुरू हो चुका लगभग सभी राजधानियों ने इस पर विचार किया लेकिन झारखंड कभी मोनोरेल तो कभी कुछ इस तरह के प्रयोगों से ना सिर्फ जनता के पैसे बर्बाद करता रहा बल्कि समय भी गंवाता गया। यदि दिल्ली एनसीआर से सीख लेकर झारखंड में मेट्रो शुरू कर दिया जाता और राजधानी रांची को डाल्टेनगंज, बोकारो, जमशेदपुर, धनबाद, चाईबासा और कोडरमा जैसे शहरों से धीरे-धीरे फेज वाइज जोड़ दिया जाता तो जैसे नोएडा और गुरुग्राम तेजी से विकसित हुए उसी प्रकार एक विकास की नई रोशनी चारों तरफ बढ़ सकती थी, लेकिन किसी ने इस पर विचार तक नहीं किया। इसी प्रकार नए सरकारी कार्यालय मुख्य शहरों में ही बनाए जा रहे हैं जिससे भूमि भवन की रजिस्ट्री इलाज और अन्य सरकारी कामकाज के लिए अनावश्यक रूप से शहरों के ऊपर दबाव बढ़ता जा रहा है। होना यह चाहिए था कि राजधानी रांची हो या कोई भी झारखंड का शहर उसे व्यवहारिक दृष्टिकोण के आधार पर धीरे-धीरे मुख्य शहर से बाहर की तरह विकसित करना चाहिए था जहां सरकारी कार्यालय खुलते वहां अपने आप शहरीकरण हो जाता, बाजार अपने आप विकसित हो जाते सरकारों को सिर्फ यातायात बिजली और सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करानी थी। इसी प्रकार जितनी भी सरकारें आईं उन्होंने पेयजल और अग्निशमन जैसी सुविधाओं के नवीनीकरण पर तो कार्य किया, पाइपलाइन बिछाई लेकिन दशकों पहले से जो जलापूर्ति के बड़े-बड़े स्त्रोत डैम आदि थे उनको कभी साफ तक करने की जहमत नहीं उठाई। इसकी वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में दूरदराज से पानी लाने जैसी व्यवस्था विकसित करनी चाहिए थी और दबाव कम करने के लिए जहां पानी हो वहीं पर शहरों को धीरे-धीरे विकसित करना चाहिए था, इन उपायों से बाहर से आने वाली बड़ी कंपनियां जो लाखों करोड़ों रुपए निवेश करने की इच्छा रखती है उन्हें भी सुविधा होती लेकिन यह सब करने के बजाय स्थानीय राजनीति में उलझ कर लगभग सभी सरकारें छोटे-छोटे मुद्दों पर ही केंद्रित रहीं।

बेंगलुरु, पुणे, चेन्नई जैसे अनेक शहर यहां तक कि बहुत हद तक कोलकाता भी आईटी क्षेत्र के कारण समृद्ध हुए हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि अपने यहां शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा की पूरी संभावनाओं के बावजूद बच्चे बाहर उच्च शिक्षा के बाद नौकरी के लिए पलायन कर न सिर्फ करोड़ों रुपए का राजस्व बाहर भेज रहे हैं बल्कि राज्य की प्रतिभाएं अन्य स्थानों पर जाकर उन राज्यों को समृद्ध कर रही हैं जिनमें शोषण की शिकार आदिवासी महिलाएं भी शामिल हैं। इस विषय पर गंभीरता से कार्य करने के बजाए बाहर से आने वाले निवेशकों को प्रोत्साहित नहीं किया गया या उनसे मोलभाव जैसे रणनीति ही ज्यादा चलती रही जिस कारण झारखंड वह गति नहीं पकड़ पाया जो इसे पकड़ना चाहिए था।

इसमें कहीं न कहीं भ्रष्टाचार, नियत में खोट और अदूरदर्शिता थी और सबसे बड़ा कारण तदर्थवाद था ।

अगर कहीं सड़क बनानी है तो सड़क बनाने का आदेश दे दिया गया उसके बाद लोगों को याद पड़ा कि नाली नहीं है तो सड़क काटकर नाली बनाई गई उसके बाद याद पड़ा कि उसने पाइप लाइन बिछाना था तो फिर से सड़क खोदी गई उसके बाद याद पड़ा कि गैस पाइपलाइन की आवश्यकता है, केबल की आवश्यकता है ! इस प्रकार बिना शोध के, बिना चिंतन के अंधाधुंध विकास और तदर्थवाद के कारण वे कार्य न सिर्फ कई गुना महंगे हो जाते हैं बल्कि एक ही काम को कई कई बार कर करदाताओं के पैसे बर्बाद किए जाते हैं और नए कार्य करने के लिए हमारे पास संसाधनों की कमी हो जाती है।

अभी भी समय नहीं बीता है यदि संक्षिप्त के साथ-साथ दीर्घकालीन योजनाएं बनाई जाएं और विशेषज्ञों को बुलाकर उनकी राय ली जाए, अध्ययन किया जाए कि अन्य राज्यों ने किस प्रकार अपने को समृद्ध किया है तो बहुत कुछ किया जा सकता है।

-सुनील सिंह बादल

इसमें कहीं न कहीं भ्रष्टाचार, नियत में खोट और अदूरदर्शिता थी और सबसे बड़ा कारण तदर्थवाद था . अगर कहीं सड़क बनानी है तो सड़क बनाने का आदेश दे दिया गया उसके बाद लोगों को याद पड़ा कि नाली नहीं है तो सड़क काटकर नाली बनाई गई उसके बाद याद पड़ा कि उसने पाइप लाइन बिछाना था तो फिर से सड़क खोदी गई उसके बाद याद पड़ा कि गैस पाइपलाइन की आवश्यकता है, केबल की आवश्यकता है !

खास बात

हिंदी की समृद्धि यात्रा को स्वीकार करें

जीवीएस शास्त्री

हिंदी की समृद्धि की यात्रा अनवरत जारी है। सूचना क्रांति और आधुनिक तकनीक ने उसे विस्तार ही दिया है। कहने में संकोच नहीं होना चाहिए कि राजाश्रय में हिंदी की हनक बढ़ी है। लालकिले से लेकर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन तक में जब प्रधानमंत्री देश-दुनिया को हिंदी में संबोधित करते हैं तो उन्हें ध्यान से सुना जाता है। केंद्र सरकार की तमाम योजनाओं और नीतियों का नामकरण हिंदी वाले शब्दों में नजर आता है। बीच में राज्यों से संवाद को लेकर भी एक पहल हुई थी, जिसे राजनीतिक विरोध के चलते वापस लेना पड़ा था। बहरहाल, हिंदी में देश की आत्मा बसती है। देश के दक्षिण और पूर्वोत्तर में लोग भले ही हिंदी में पारंगत न हों, मगर वे फिर भी संवाद करने की कोशिश जरूर करते हैं। इस दिशा में फिल्मों व टीवी ने बड़ी भूमिका निभायी है। यह अतिशयोक्ति होगी कि कोई कहे कि वह हिंदी नहीं जानता। धाराप्रवाह न बोल सके, लेकिन टूटी-फूटी ही बोले, मगर संवाद कायम जरूर कर सकता है। कई बार ऐसे रोचक प्रसंग सामने आते हैं कि रूस, अफ्रीका और यूरोपीय देशों के लोग हिंदी न जानते हुए भी हिंदी गानों को निर्दोष उच्चारण में दोहराते हैं।

कमोबेश दक्षिण भारत, कश्मीर व पूर्वोत्तर से आने वाले प्रतिभागी टीवी के गीत-संगीत के कार्यक्रमों में स्पष्टता से हिंदी शब्दों का उच्चारण करते हैं। सही मायनो में देश को एकता के सूत्र में पिरोने वाली भाषा की दरकार आजादी के बाद से ही रही है। यह लक्ष्य पूरा हो भी जाता, यदि इसको लेकर राजनीति न होती। इंटरनेट और मोबाइल फोन में हिंदी वर्णमाला की सुविधा ने हिंदी में संवाद की सुविधा को विस्तार दिया है। लेकिन चिंता इस बात की भी है कि हिंदी के व्याकरण और शुद्धता की लगातार अनदेखी की जा रही है। नयी पीढ़ी की संक्षिप्तीकरण की पहल के चलते हिंदी की दशा की चिंता होती है। वहीं पत्र-पत्रिकाओं का अंग्रेजी मिश्रित हिंदी का मोह यदाकदा परेशान करता है जब खबरों व लेखों के शीर्षकों को पढ़ते वक्त अवरोध पैदा होता है। बहरहाल, हिंदी को पांडित्यपूर्ण भाषा बनाने से परहेज भी होना

ब्रह्मार्षि विश्वामित्र

धर्म-प्रवाह

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस

विश्वरथ अहंकार से वशीभूत हो जायेगा। अहंकार से छुटकारा उसे समाधि का अनुभव नहीं दिला सकता है। काश उसे ये पता होती कि ब्रम्हज्ञान के लिये किसी ब्रम्हज्ञानी को मन-बुद्धि समर्पित करनी होती है। अपने अहंकार को ब्रम्हज्ञानी के अहंकार से मिलाना पड़ता है। ब्रम्हज्ञानी को धारण कर उसका होकर जगत से व्यवहार करता है। ब्रम्हज्ञानी को पूर्ण रूप से धारण कर लेने पर जो प्रेम हृदय में प्रकट होता है, उससे अज्ञान का नाश होता है। इस प्रकार अज्ञान का नाश होने से पुनः न तो वासना के प्रभाव में आकर वह दुनिया में फंसता है और न ही अहंकार उसे सताता है। जो मन, बुद्धि जो जीव से बंधन में फंसाने वाला काम करवा रहा था वही मन बुद्धि अब उसका सहयोगी हो जाता है।असली ब्रम्हज्ञान ब्रम्हज्ञानी को मन-बुद्धि समर्पित कर उसे प्रेम करके पाया जाता है।

यह बार्तालाप विश्वरथ सुन रहे थे। वे ग्लानि से भर उठे। ओह मैं इतने महान पुरुष की हत्या करने आया था। तलवार हाथ से गिर गया। वे कुटिया के अंदर जाकर महर्षि विशिष्ठ के चरणों पर साष्टांग गिर कर बोले जन्म-जन्म का महापतित विश्वरथ आज गुरु चरणों को समर्पित है। महर्षि वशिष्ठ बोले- उठो ब्रम्हर्षि विश्वामित्र तुम संपूर्ण विश्व के मित्र हो। आज से तुम जगत में विश्वामित्र के नाम से जाने जाओगे।

महर्षि विश्वामित्र बोले आज से मेरा शेष जीवन गुरु चरणों को समर्पित है। अब आज्ञाधीन सेवा करना ही मेरा कर्तव्य है। कहिए क्या सेवा करूं।

(ब्रम्ह विद्यालय सह आश्रम)

देश में 100 मेडिकल और नर्सिंग कॉलेज की पहल मोदी सरकार ने कर दी है। सिर्फ देशवासियों को ही नही विदेशियों को भी लाभ होगा। #मेडिकल् टूरिज्म और रोजगार बढ़ेंगे।

-महेश पोद्दार

रोचक ट्वीट

स्कूल और छात्रावास का जीर्णोद्धार, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, छात्रवृत्ति में 2-3 गुना बढ़ोत्तरी, आदि के साथ झारखण्ड के हमारे बेटे-बेटियों को सुनहरा भविष्य प्रदान कर रही राज्य सरकार।

- हेमंत सोरेन, सीएम

बच्चे बागों में खिली उस कली की तरह होते हैं...जिनकी परवरिश बहुत प्यार और नरमी से करनी चाहिए। कुछ ऐसे थे देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित श्री जवाहरलाल नेहरू या यूं कहें बच्चों के 'चाचा नेहरू'।

- राहुल गांधी

बाइस साल के झारखंड को अभी भी प्रगति की तलाश

परशुराम तिवारी

स्थापना दिवस

आज से बाईस वर्ष पूर्व झारखंड के अस्तित्व में आते ही उम्मीदों और आकांक्षाओं के हिचकोले खाते यहां के लोग खुशी से झूम उठे थे। लंबी अवधि बीत जाने के बाद भी राजनीतिक दांवपेंच में सरकारें झारखंड हक में स्थानीय नीति तक तय नहीं कर पायीं हैं। अब कहीं जाकर 1932 के खतियान को स्थानीयता का आधार बनाया गया है जिस पर राजनीतिक दलों में मतैक्य नहीं है। इन विडंबनाओं के कारण इन बाईस सालों में यहां के बेरोजगारों को निराशा ही हाथ लगी है। झारखंड में आदिवासी समुदाय के विकास का कोरस गान प्रायः सर्वत्र सुनाई देता है मगर धरातल पर कुछ खास नजर नहीं आता। आदिवासियों के विकास के लिए जनजातीय भाषाओं को बढ़ावा देना लाजिमी है। झारखंड में दजार्नाधिक जनजातीय भाषाएं बोली जाती हैं। इन जनजातीय भाषाओं के बीच भी हिन्दी सम्पर्क भाषा का काम करती है। पर पिछले दिनों जनजातीय व क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने के नाम पर हिन्दी की उपेक्षा करने का मामला सामने आया है। अगर यह गैर इरादतन ही है तब भी इससे हिन्दी भाषी विद्यार्थी निशाना बन रहे हैं। यह कदम राज्य के हित में कतई नहीं है।

शिक्षा की बात करें तो यहां भी स्थिति उत्साहवर्द्धक नहीं है। जिस तामझाम से निःशुल्क व अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम -2009 विद्यालयों में लागू किये गये थे,वे सिर्फ नारा बनकर रह गये। छात्र के अनुपात शिक्षक एवं सुदृढ़ बुनियादी ढांचा मुहैया कराने के प्रावधान संचिकाओं में धूल फांकते रह गये। जो शिक्षक कार्यरत हैं उन्हें भी गैर शैक्षणिक कार्यों मुक्त करने का संकल्प पूरा नहीं हो सका। सरकार की हर महत्वाकांक्षी योजना में शिक्षक लगा दिये जाते हैं। ऐसे में शिक्षकों के लिए शिक्षण द्वितीय प्राथमिकता हो जाती है। राज्य में शिक्षा पदाधिकारियों की भी दिनोदिन कमी होती जा रही है। शिक्षा विभाग के अनेक पद अतिरिक्त प्रभार से चलाये जा रहे हैं। इस परिस्थिति में पदाधिकारियों पर कार्य का बोझ तो बढ़ता ही है, उन्हें बहाने बनाने का अच्छा अवसर भी मिल जाता है। शिक्षा के अधिकार अधिनियम की बात अभी हो ही रही थी कि नयी शिक्षा नीति-2020 का आगमन हो चुका है। जाहिर है कि इसमें कई प्रावधान प्रथमतः लागू किये जायेंगे।

सरकारी प्रारंभिक विद्यालयों में पहली बार तीन वर्षों की प्री-स्कूली शिक्षा लागू किया जाना है। इसके बाद बच्चे प्रथम कक्षा में जायेंगे। इसी प्रकार कक्षा-षष्ठ से व्यावसायिक शिक्षा शुरू करने की बात है। इन प्रावधानों की चर्चा तो हो रही है,पर इसके लिए कार्य योजना का कहीं अता पता नहीं है। तैयारी के बिना इसे लागू करने की सिर्फ घोषणा फलदाई नहीं हो सकेगी।

सरकार कई कल्याणकारी योजना चला रही है। मगर भ्रष्ट तंत्र के आगे अच्छी अच्छी योजनाएं दम तोड़ देती हैं। कहने में संकोच नहीं है कि अफसरों को उत्तरदाई अधिक बनाये जाने की आवश्यकता है। उनकी कुर्सी जनता के प्रति जबावदेही है न कि दर्प के दिखावे की वस्तु।राज्य में बहुत कुछ है। उसके ईमानदार संयोजन की आवश्यकता है। राजनीति है तो वोट की भी बात होगी। उनकी संख्या पर भी नजर रहेगी।

पर यह ध्यान रहना चाहिए कि स्वच्छ प्रशासन, त्वरित निर्णय क्षमता एवं न्यायप्रियता से ही सरकारें जनता के दिल में जगह बना पाती हैं।समय का चक्र है, चलता ही रहेगा, किन्तु यह एक अप्रिय सत्य है कि विकास के बाईस साल के शोर शराबे में हताश जनता को आज भी प्रगति के सच्चे तेवर की तलाश है।

(लेखक अध्यापक व स्वतंत्र लेखक हैं।)

कार्टून वर्ल्ड

साभार: कार्टून मूवमेंट

लेटर टू एडिटर

खतरनाक खिलौने

खिलौनों का एक खतरनाक पहलू भी है। भारतीय गुणवत्ता परिषद की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में आयात होने वाले 66.90 प्रतिशत खिलौने बच्चों के लिए खतरनाक हैं। एक अध्ययन में क्यूसीआई ने पाया कि अनेक खिलौनों में मौजूद मैकेनिकल और केमिकल जाचों में गुणवत्ता की कसौटी पर खरे नहीं उतरे। चीन से आये खिलौने पर कड़ी नजर हो।

- सुमित, गढ़वा

एमएसपी जरूरी

साल 1964 में पहली बार तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के नेतृत्व में खाद्य-अनाज मूल्य समिति का गठन हुआ। 1964 में ही दिसंबर माह में इस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी। इसके बाद 1966-67 में पहली बार गेहूं और धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया गया। किसानों के हित में न्यूनतम मूल्य जारी रहना चाहिए यह जरूरी है।

- सुनील झा, हजारीबाग

22 साल में राज्य की शिक्षा के स्तर पर विमर्श

सत्येन्द्र

विशेष

राज्य में शिक्षा सर्वव्यापी बनाने का प्रयास लगातार होता रहा है। मगर जिस तेजी से इसके परिणाम आने चाहिए थे, वो देखने को नहीं मिला।

झारखंड राज्य तो बना लेकिन शैक्षणिक माहौल में कोई विशेष परिवर्त्तन नहीं हुआ। सरकार द्वारा प्रदत्त व्यवस्थाएं स्कूल कॉलेजों में खानापूर्ति बनकर अपने मूल उद्देश्य से भटकता चला गया। यही वजह है कि निजी विद्यालयों का झारखंड में तेजी से प्रचलन शुरू हुआ, जिसके आगे सरकारी विद्यालय आज भी अस्तित्व बचाकर रखने के लिए संघर्ष कर रहे है। आज भी इन सरकारी स्कूलों से बड़ी संख्या में बच्चों का ड्रॉप आउट होता है, जो सरकार के लिए बड़ी चुनौती है।

क्या कहते हैं आंकड़े

झारखंड शिक्षा विभाग के आंकड़ों के अनुसार राज्य स्थापना वर्ष यानी 2000 में राज्य में 16022 सरकारी स्कूल थे। वहीं 2020 में इनकी संख्या दोगुनी से अधिक यानी 35442 हो गए। समय के साथ सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या में भी बढ़ोतरी होती चली गई। वर्ष 2000 में करीब 27 लाख झारखंड के बच्चे सरकारी स्कूलों में नामांकित थे, वहीं 2020 में इनकी संख्या 45 लाख पर पहुंच गई। राज्य गठन के बाद खुलने वाले स्कूलों पर नजर दौरायें तो 2009-10 में 300, 2010-11 में 285, 2011-12 में 294, 2013-14 में 121, 2016-17 में 189 सरकारी स्कूल खोले गए। इसके अलावा 203 कस्तूरबा स्कूल, 89 मॉडल स्कूल, 57 झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय खुले हैं। इसके साथ 576 हाई स्कूल को प्लस टू विद्यालय में अपडेट किया गया है।

2030 तक शत-प्रतिशत साक्षरता का लक्ष्यः झारखंड में साक्षरता का दर की बात करें तो प्रदेश में महिला साक्षरता दर का प्रतिशत पुरुषों की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ी है। आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो वर्ष 2001 में झारखंड की कुल साक्षरता दर 53.50 फीसदी थी जबकि पुरुषों का साक्षरता दर 67.3 प्रतिशत और महिलाओं का 38.8 था। वर्ष 2011 में झारखंड की कुल साक्षरता दर में 12.8 फीसदी की बढ़ती हुई, साक्षरता बढ़कर 66.4 फीसदी हो गयी। इस दौरान पुरुषों की साक्षरता में 9.50 प्रतिशत और महिलाओं की साक्षरता दर में 16.50 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। 2018 की बात करें तो राज्य की साक्षरता दर 73.20 था। जिसमें पुरुषों की साक्षरता दर 81 प्रतिशत और महिलाओं की 66.20 फीसदी थी।

वर्तमान समय में राज्य में साक्षरता दर 73 फीसदी अनुमानित है। 2030 तक शत प्रतिशत साक्षरता का अलग निर्धारित किया गया है। जिसके तहत नव भारत साक्षर अभियान की शुरूआत की गई है, जिसमें 15 या उससे अधिक आयु वर्ग के लोगों को साक्षर बनाया जाएगा। नव भारत साक्षर अभियान में महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक वर्ग पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई है। इसके साथ ही वैसे जिला जहां महिला साक्षरता दर 60 फीसदी से कम है, उन जिलों को प्राथमिकता के आधार पर साक्षर करने की तैयारी शिक्षा विभाग की है। वर्तमान हेमंत सरकार ने शिक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए शिक्षकों की बहाली पर जोर दिया है और पारा शिक्षकों की वेतन बेहतर भी।

(खबर मन्त्र के वरीय संवाददाता हैं।)

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

बिरसा मुंडा के सपनों को पूरा करना हमारा दायित्व : प्राचार्य

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। जुबिली कॉलेज भुरकुंडा एनएसएस एक व दो संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को भारत माता के महान सपूत व एकीकृत बिहार-झारखंड के अग्रणी क्रांतिवीर और महानायक भगवान बिरसा मुंडा जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. आरके दास ने दीप प्रज्जवलित व बिरसा मुंडा के तस्वीर पर माल्यार्पण कर की। मौके पर आदिवासी जनजाती से जुड़े कई कार्यक्रमों को विद्यार्थी द्वारा प्रस्तुति दी गई। मौके पर प्राचार्य डॉ.आरके दास ने कहा कि बिरसा मुंडा के अधूरे सपने को पूरा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धाजंलि होगी।

कार्यक्रम में मौजूद प्राचार्य व अन्य

उन्होंने भगवान बिरसा के त्याग व बलिदान को अपने जीवन में उतारने की बात कही। इससे पूर्व कॉलेज के शिक्षक व विद्यार्थी प्राचार्य प्रो. आरके दास के नेतृत्व में बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए बिरसा मुंडा अमर रहे का नारा बुलंद किये। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो.अर्जुन कुमार मिश्रा, प्रो. आलोक कुमार, प्रो. मनोज कुमार, डॉ.महेंद्र पांडेय, प्रो.राजेश कुमार, डॉ.पी पांडेय, डॉ.एकेएस झा, डॉ. एसएन पांडेय, डॉ. बालकृष्ण, तारा शंकर, प्रीति, सुजल, दीप, कंचन, सोनी, सबिता सहित दर्जनों विद्यार्थी मौजूद थे।

बीएम मेमोरियल स्कूल में झारखंड स्थापना दिवस समारोह का हुआ आयोजन

बड़कागांव। प्रखंड के बीएम मेमोरियल स्कूल में 15 नवंबर झारखंड के स्थापना दिवस भगवान बिरसा मुंडा की जयंती सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का अध्यक्षता प्राचार्य कैलाश कुमार व संचालन शिक्षक पिंटू कुशवाहा ने किया। समारोह में सर्वप्रथम झारखंड के वीर शहीदों को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। वहीं बाल दिवस के मौके पर आयोजित खेल में अव्वल स्थान लाने वाले सभी विद्यार्थियों को मेडल सहित शिक्षण सामग्री देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय निदेशक संदीप कुशवाहा ने कहा कि कई वीरों ने अपनी जान की आहुति दी है तब जाकर झारखंड का स्थापना हुआ है। झारखंड आज पूरे 22 साल का हो चुका आप सभी बच्चे अच्छे से पढ़ाई लिखाई कर झारखंड के भविष्य को उज्जवल बनाएं तभी झारखंड अलग होने का सही मतलब निकलेगा।

मौके पर उपस्थित छात्र व अन्य

जूडो प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

रामगढ़। रामगढ़ जिला जूडो संघ के तत्वाधान में मंगलवार को गोरियारीबाग स्थित द टेंपल ऑफ वॉरियर्स में एक दिवसीय जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के राजीव जयसवाल व बतौर विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार सह युवा समाजसेवी अमित कुमार सिन्हा, सिंह खालसा संघ के अध्यक्ष परमजीत सिंह, संघ के अध्यक्ष विजय मेवाड़, सचिव शशि पांडेय, संजय सोनकर, सुमित कुमार एवं डॉ सुनील कश्यप ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में रामगढ़ जिला व इसके आसपास के क्षेत्रों से कुल 75 खिलाड़ियों ने भाग लिया। मौके पर राजीव जयसवाल ने कहा की रामगढ़ जिला के युवाओं में इस प्रकार से खेल के प्रति बढ़ते रुझान को देख कर यह प्रतीत होता है की रामगढ़ जिला भी बड़े खिलाड़ियों को पैदा करने की क्षमता रखता है। वहीं, अमित सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि खेलकूद का हमारे जीवन में बहुत महत्व है।

शहरी क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत बढ़ायें मतदाता : डॉ आरके दास

जुबिली कॉलेज में मतदाता साक्षरता क्लब का हुआ गठन

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। राज्य निर्वाचन आयोग झारखंड के निर्देशानुसार जुबिली महाविद्यालय भुरकुंडा में मतदाता साक्षरता क्लब का गठन मंगलवार को प्राचार्य डॉ. आरके दास के संरक्षण में किया गया। मौके पर प्राचार्य श्री दास ने मतदाता साक्षरता क्लब के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि महाविद्यालय में जिन छात्र-छात्राओं का नाम मतदाता सूची में अंकित नहीं है वे अपना नाम

क्लब गठन के मौके पर मौजूद प्राचार्य व छात्र-छात्राएं

महाविद्यालय के मतदाता साक्षरता क्लब के सदस्यों की सहायता से मतदाता सूची में अंकित करा लें। 17 वर्ष की आयु तक के छात्रों का प्रपत्त छह भरा जा सकता है। उन्होंने निर्वाचन आयोग की इस चिन्ता से भी छात्रों को अवगत कराया कि शहरी क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत दिन-ब-दिन घटते जा रहा है। मतदाता साक्षरता क्लब का यह भी दायित्व होगा कि शहरी क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत बढ़े। इस क्लब में आरती कुमारी समाजशास्त्र (प्रतिष्ठा) समस्त्र चार एवं 11वीं के दीप कुमार को कैम्प्स एम्बेसडर के रूप में नामित किया गया है। साथ ही प्रियंका कुमारी, निव्या कुमारी, महक कुमारी और नेहा कुमारी को मतदान साक्षरता क्लब का सदस्य नामित किया गया है।

सरकार कर रही है गरीबों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य: सुधा देवी

खबर मन्त्र संवाददाता

रजरप्पा। चितरपुर प्रखंड क्षेत्र के सुकरीगढ़ा एवं चित्तरपुर पश्चिमी पंचायत में सोमवार को आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जिप अध्यक्ष सुधा देवी व विशिष्ट अतिथि के रूप में चितरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी उदय कुमार, एमओ मंजू कुमारी, मुखिया दिल्ली देवी, पंसस आसु देवी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर जिप अध्यक्ष ने कहा की राज्य सरकार गरीबों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। इसी के तहत सरकार आपके द्वार

कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। ग्रामीण इन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें और स्वावलंबी बने। उन्होंने आगे कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद लोगों को कई महत्वपूर्ण जानकारी भी दी जा रही है। इस दौरान यहां कई लोगों के समस्याओं का ऑन द स्पॉट निबटारा भी किया गया। साथ ही यहां वृद्ध महिला, पुरुष व दिव्यांगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल महतो ने किया। चितरपुर पश्चिमी पंचायत स्थित ईदगाह मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जोरदाग में बिरसा मुंडा की मूर्ति का किया गया अनावरण

मूर्ति का अनावरण करते लोग

केरेडारी। केरेडारी प्रखंड के ग्राम जोरदाग आगर टोला में पाहन नरेश मुंडा ने फीता काटकर आदिवासी क्रांतिकारी बिरसा मुंडा की मूर्ति का अनावरण किया। इस अवसर पर जेएमएम के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, प्रमुख सुनीता देवी, दक्षिणी क्षेत्र जिला परिषद अनिता सिंह, उतरी क्षेत्र गीता देवी, मुखिया संघ के अध्यक्ष महेश प्रसाद साव ने बारी बारी से सम्बोधित करते हुए। बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डाला। श्री बेदिया ने कहा बिरसा मुडा के जीवन से संघर्ष एवं देश प्रेम की भावना की प्रेरणा मिलती है। प्रमुख सुनीता देवी ने कहा कि आदिवासियों को शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक प्रयास करने चाहिए तथा आदिवासी समाज को शिक्षित बनाकर देश की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनी चाहिए,और उन्होंने कहा केरेडारी प्रखंड में आदिवासी क्रांतिकारी बिरसा मुंडा की पहली प्रतिमा का अनावरण किया गया है।

10 सूत्री मांग को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन

चरही। जनता मजदूर संघ के बैनर तले मंगलवार को चरही महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष 10 सुत्री मांग को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया ' जिसका नेतृत्व क्षेत्रीय अध्यक्ष द्वारिका सिंह औ? संचालन क्षेत्रीय सचिव दुश्यंत पटेल ने किया।संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि प्रबंधन 15 दिनों के अंदर हमारी मांगों को पूरा नहीं करती है,तो आंदोलन किया जाएगा।प्रबंधक के सौपे मांग पत्र में लिखा गया है कि राष्ट्रीय वेतन समझौता 11 जल्द लागू किया जाए।आउटसोर्सिंग/एमडीओ मोड़ में खदानों को चलाना सिमित किया जाय।कोल इंडिया में गैर कार्यकारी कर्मियों को नई भर्ती किया जाय। ठेका मजदूरों का कार्य अवधि 8 घंटे सुनिश्चित किया जाए। धरना-प्रदर्शन में मुख्य रूप से खोखा सिंह, दुष्यंत पटेल, सुरेश प्रसाद महतो, शिव शंकर सिंह, राजकुमार, दामोदर पांडेय, छोटू महतो, शौकत अली, संतोष कुमार सिंह, कुलदीप कुमार, गोविन्द,संतोष यादव,रविंदर कुमार, पुरोसोतम प्रसाद, सुरेश कुमार महतो, हीरालाल, काजल, अशोक, रोहित, आशा देवी, फूलमती देवी, राम कुमार मांझी, कमलेश कुमार,त्रिभुवन नायक सहित संघ के लोग शामिल थे।

शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेल-कूद जरूरी: सत्यवंती देवी

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। बुध बाजार दोतल्ला पंचायत में खेलो झारखण्ड 22-23 के तहत कन्या मध्य विद्यालय भुरकुंडा के सफल खिलाड़ियों को बाल दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया गया। पंचायत की मुखिया सत्यंवती देवी ने विद्यालय में आयोजित 50, 100, 200, 800 मीटर दौड़, गोला फेक, चक्का फेक, म्यूजिकल चेयर, बोरा रेस, बिस्कुट रेस आदि प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले

खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए

खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों को खेल-कूद में भी रूचि रखनी चाहिए। खेल-कूद शारीरिक व मानकिस विकास होता है। साथ ही भविष्य में आगे बढ़ने का अवसर भी प्राप्त होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाध्यापक रवीश कुमार, शिक्षिका अनीता तिवारी, सीमा देवी, रेखा देवी, रीता कुमारी, अनीता, शुभलक्ष्मी आदि का विशेष योगदान रहा।

ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध संघर्ष का प्रतीक है भगवान बिरसा मुंडा का धनुष : मिलिंद परांडे

खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़। विश्व हिन्दू परिषद द्वारा चलाये जा रहे राष्ट्रव्यापी चिंतक अभियान के तहत 15 नवंबर को 3:00 बजे भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे मौजूद थे। अंतरराष्ट्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे का सुभाष चौक के दुर्गा मंदिर में भारत माता एवं भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का

मंच पर अतिथि

शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचलन बजरंग दल के जिला सयोजक भगीरथ पोद्दार ने किया। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मुख्य अतिथि ने कहा भगवान बिरसा मुंडा एक धर्म योद्धा थे। जिन्होंने ब्रिटिशों के दमनकारी नीतियों तथा ईसाई मिशनरियों के शड़यंत्रों के विरुद्ध सशस्त्र संघर्ष किया। उन्होंने कहा भगवान बिरसा मुंडा का धनुष अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने का प्रतीक है। वही, उनका जनेऊ सामाजिक समरसता का प्रतीक के रूप में है। उन्होंने कहा भगवान बिरसा मुंडा ने स्वयं रामायण एवं भागवत गीता अध्ययन व अभ्यास किया । कहा कि वे अपने परंपरा एवं संस्कृति के रक्षार्थ निरंतर संघर्ष करते रहे। कहा आज देश जनजातीय गौरव दिवस मना रहा है। देश के अनेक जनजातीय महापुरुषों ने ब्रिटिश ईसाई एवं मुस्लिमों के विरुद्ध लड़ाई में शेष हिंदू समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष किया था। अभियान के प्रांत सयोजक मनोज पोद्दार ने कहा 6 नवंबर से 20 नवंबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत पूरे देश में जहां एक करोड़ से अधिक हिंदुओं को हित चिंतक बनाने का लक्ष्य रखा गया है । वहीं, अभियान के तहत रामगढ़ में 2200 लोगों को हित चिंतक बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

स्पीड न्यूज

भलुआ जंगल में रक्षाबंधन का किया गया आयोजन

टाटीझरिया। प्रखण्ड के बेरहो स्थित भलुआ जंगल मे हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पेड़ पौधे को बचाव के लिए रक्षाबन्धन किया गया। रक्षाबंधन के दौरान सुधा कुमारी ने वन संरक्षण पेड़ पौधे बचाव को लेकर गीत भी प्रस्तुत किया। उपस्थित लोगों ने पेड़ पौधे में रिबन बांधकर रक्षाबंधन करने का शंकल्प लिया।

अंबा प्रसाद ने पथ निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

बड़कागांव। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के बलोदर से गोबरदाहा तक लगभग 5 .50 किलोमीटर पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास दिन सोमवार को विधायक अंबा प्रसाद के कर कमलों द्वारा किया गया। ज्ञात हो कि विधायक द्वारा अनुशंसित एवं लगातार किए गए प्रयासों के बदौलत काफी सड़कों के निर्माण की स्वीकृति कई विभागों के द्वारा हुई है। विधायक अंबा प्रसाद ने सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में इस सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र के हर हिस्से में बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के चारों ओर सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है,आने वाले दिनों में अधिक से अधिक सड़क पास करवाने का काम किया जाएगा।

हाथियों के झुंड ने चहारदीवारी तोड़ी, फसलों को किया बर्बाद

दारु। प्रखंड क्षेत्र में हांथीयों का झुंड सोमवार की रात्रि को जिनगा में राजू यादव,पप्पू यादव,प्रिंस यादव, सुरेश यादव की मुर्गी, बकरी फार्म को तोड़ते हुए खेतो में लगे धान की फसलों को रौंदते हुए बर्बाद कर दिया। हांथीयों कि सूचना पाकर जिनगा के ग्रामीण काफी सक्रिय थे जिस कारण हाँथी भीड़भाड़ वाले बस्ती में प्रवेश नही कर पाए। ग्रामीणों की सजगता से हांथीयों का झुंड वापस रामदेव खैरिका होते हुए सरौनी के जंगल मे पहुँच गए। हांथीयों ने वापस जाते समय रामदेव खैरिका के उमेश यादव,सरदार महतो,लोचन मिस्त्री की चारदीवारी तोड़ दिया। यहां हाँथी जिस रास्ते से आये थे वापस उधर ही चले गए। ग्रामीणों को इस बात का भी डर है कि कहीं हाँथी वापस लौटकर उनके गांव वापस ना आ जाये।

झामुमो कार्यालय में मनी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

भुरकुंडा (रामगढ़)। झारखंड मुक्ति मोर्चा भुरकुंडा कार्यालय में मंगलवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इसकी शुरूआत भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई। साथ ही उनके बताए मार्ग पर चलने संकल्प लिया गया।

बलकुदरा पंचायत में मनी धरती आबा वीर बिरसा मुंडा की जयंती

भुरकुंडा (रामगढ़)। बलकुदरा पंचायत के ए गेट टुमलटोंगरी में मंगलवार को धरती आबा भगवान वीर बिरसा मुंडा की जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। साथ ही बिरसा मुंडा के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया।

जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

भुरकुंडा (रामगढ़)। सौंदा डी पंचायत में मंगलवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर दर्जनों जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुखिया उपेंद्र शर्मा व पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय द्वारा बिरसा मुंडा के तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद 10 दिव्यांगों को रेलवे पास का वितरण किया। साथ ही 100 जरूरतमंदों के बीच ठंड से बचाव को ले कंबल बांटा गया। मौके पर वार्ड सदस्य किरण देवी, रीना देवी, नरेंद्र कुमार, अरविंद ओझा सहित दर्जनों लाभुक मौजूद थे।

एक नजर में

नाई समाज का अनुमंडल स्तरीय मिलन समारोह का हुआ आयोजन

बरही। बरही वन विश्रामागार में नाई समाज का बरही अनुमंडल स्तरीय एक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष गोविंद ठाकुर ने किया। इस दौरान समाज को सकारात्मक दिशाओं तक ले जाने, समाज से दहेज कुप्रथा को हटाने, नशा प्रथा को दूर करने सहित अन्य नकारात्मक विषयो से मुक्ति दिलाने की बात हुई। साथ ही नाई समाज का अनुमंडल स्तरीय समिति गठित करने की सहमति बनी, जिसको लेकर चुनाव प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि संगठन के अनोखी ताकत है। इसलिए सबसे पहले संगठन को मजबूत करने कु जरूरत है। मौके पर पंसस जीतू ठाकुर, सुबोध ठाकुर, पप्पू ठाकुर, युवराज ठाकुर, कालीचरण ठाकुर, विजय शर्मा आदि उपस्थित रहे।

झारखंड के गौरव का नाम है भगवान बिरसा मुंडा : मो क्यूम

बरही। झारखंड राज्य के स्थापना दिवस के मौके पर प्रखंड अंतर्गत विजैया चौक पर बड़े हर्षोउल्लास के साथ झारखंड स्थापना दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व जिप प्रतिनिधि मो कयूम ने बिरसा मुंडा के कार्यो को याद करते हुए कहा कि वे झारखंड के इतिहास में एक गौरवशाली व्यक्ति थे।उनका इतिहास त्याग तपस्या और बलिदान का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने जल जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजो से लोहा लेते हुए अपनी प्राण की आहुति देकर इस धरती को बचाया है। ऐसे वीर को अपना देश ही नही पूरी दुनिया नमन करता है। इस कार्यक्रम में बरही उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, पूर्व जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि मो कैयूम, विनोद राणा शुशील कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

झारखंड स्थापना दिवस पर मुखिया ने किया पीएम आवास का उदघाटन

टाटीझरिया। प्रखंड के झरपो पंचायत मुखिया शिबुप्रसाद सोनी के हाथों रिबन काटकर झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर सोना पोखर मुहल्ला में दो प्रधानमंत्री आवास का उद्घाटन किया गया । लाभुकों में अजय महतो पिता बैजनाथ महतो ,सविता देवी पति राजू महतो है। वही भराजो पंचायत की मुखिया स्वास्तिका पांडेय के द्वारा भी अमनारी गांव के पीएम आवास लाभुक ललिता देवी पति असोक राम के नूतन आवास उद्घाटन कर लाभुक को गृह प्रवेश करवाया गया। इस अवसर पर लाभुकों में काफी उत्साह देखा जा रहा था।

जीएम इंटर महाविद्यालय में मनाया गया झारखंड स्थापना दिवस

इचाक। जीएम इंटर महाविद्यालय, इचाक में मनाई गई धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस। सर्व प्रथम भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। हर साल 15 नवंबर को झारखंड स्थापना दिवस मनाया जाता है। 15 नवंबर 2000 ई. को छोटनगपुर क्षेत्र को बिहार के दक्षिणी हिस्से से अलग किया गया था और इसे झारखंड नाम से एक अलग राज्य के रूप मे जन्म दिया गया। बिरसा मुंडा की जयंती पर राज्य की स्थापना की गई है। इस वर्ष राज्य अपना 22वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रभारी पंकज कुमार ने कहा की झारखंड राज्य भारत के उत्तर पूर्वी भाग में स्थित है और इसे जंगल ऑफ फॉरेस्ट या बुशलैंड भी कहा जाता है। भारतीय इतिहास में बिरसा मुंडा एक ऐसे नायक थे जिन्होंने भारत के झारखंड में अपने क्रांतिकारी चिंतन से 19वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में आदिवासी समाज कि दशा और दिशा बदल कर नवीन सामाजिक और राजनीतिक युग का सूत्र पात किया।

डीएवी रजरप्पा में मनाया गया बाल दिवस

रजरप्पा। डीएवी पब्लिक स्कूल रजरप्पा में 14 नवंबर को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 133वीं जयंती के अवसर पर बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य हिमांशु कुमार झा, सभी शिक्षकझ शिक्षिकाओं एवं बच्चों की उपस्थिति में नेहरू जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम आरंभ हुआ। कार्यक्रम के दौरान बच्चे अलग-अलग पोशाकों में सुंदर दिख रहे थे। बच्चों ने बाल दिवस पर नृत्य, गीत, भजन एवं भाषण आदि प्रस्तुत किए। विद्यालय प्राचार्य हिमांशु कुमार झा ने देश के प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की जीवनी और आजादी में दिए गए योगदान की जानकारी बच्चों को दी। उन्होंने कहा कि नेहरूजी को बच्चों से अधिक स्नेह था। वे बच्चों के भविष्य को सँवारने में तत्पर रहते थे।

हर हाल में गरीबों को ठंड से बचाया जायेगा : मनोज राम

भुरकुंडा (रामगढ़)। बुधबाजार दोतल्ला पंचायत भवन में भगवान बिरसा मुंडा की 147वीं जयंती पर मंगलवार को दर्जनों जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम ने भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर माल्यार्पण कर की। इसके बाद मनोज राम व मुखिया सत्यवंती देवी ने दर्जनो लोगों के बीच कंबल का वितरण करते हुए कहा कि हर हाल में गरीबों को ठंड से बचाया जायेगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही और कंबल की व्यवस्था कर गरीब-जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा जायेगा।

बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई

मांडू। मांडू चट्टी पंचायत सचिवालय में झारखंड के जन नायक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुख्य मांडू चट्टी पंचायत मुखिया अनीता देवी ने गरीब असहाय महिला एवं बुजुर्गों के बीच 150 कंबल का वितरण किया । कार्यक्रम का संचालन मांडू चट्टी पंचायत सेवक प्रभु नाथ महतो ने किया।

पतरातू में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती व झारखंड स्थापना दिवस मनाया गया

पतरातू। पतरातू प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती व झारखंड स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया. इस अवसर पर बीडीओ हलदर कुमार सेठी, सीओ शिव शंकर पांडेय समेत अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर माल्यार्पण किया। बीडीओ हलदर कुमार सेठी ने कहा कि सशक्त, शिक्षित एवं संगठित समाज के निर्माण के लिए धरती आबा बिरसा मुंडा के विचारों और उनके साहस, संघर्ष को आत्मसात करना होगा। यही उनके प्रति नेक और अटूट श्रद्धांजलि होगी। सीओ शिव शंकर पांडेय ने कहा कि देश की आजादी में बिरसा मुंडा का बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। समाज के विकास के लिए उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की आवश्यकता है। इस दौरान जरूरतमंदों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया।

स्पीड न्यूज

गुमला : धरती आबा को भाजपा ने दी श्रद्धांजलि

गुमला। झारखंड के महानायक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 147 वीं जयंती एवं झारखंड राज्य का 22 स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा गुमला की ओर से बिरसा मुंडा एग्रो पार्क एवं पार्टी कार्यालय में भगवान बिरसा मुंडा को माल्यार्पण कर नमन किया गया। पार्टी कार्यालय में जिला अध्यक्ष अनूपचंद्र अधिकारी ने श्रद्धासुमन अर्पित कर जिले वासियों को स्थापना दिवस की बधाई दी। झारखंड के जनक अटल बिहारी वाजपेई के सपनों का झारखंड समृद्ध होने की कामना की। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहु, वरिष्ठ नेता भूपन साहु, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय मिश्रा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सह जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा, गायत्री देवी, दिनेश सिंह समेत अनेक प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कांग्रेस ने बिरसा मुंडा को किया नमन

गुमला। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर मंगलवार को बिरसा मुंडा पार्क स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष रमेश कुमार के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने श्रद्धांजलि दी।रमेश कुमार ने कहा कि बिरसा मुंडा ने साहस की स्याही से पुरुषार्थ के पृष्ठों पर शौर्य की शब्दावली रची। उन्होंने कहा कि भारतीय जमींदारों और जागीरदारों तथा ब्रिटिश शासकों के शोषण की भट्ठी में आदिवासी समाज झुलस रहा था। बिरसा मुंडा ने आदिवासियों को शोषण और यातना से मुक्ति दिलाने के लिए उन्हें संगठित करना आवश्यक समझा। मौके पर अकील रहमान, मुरली मनोहर प्रसाद, आशिक अंसारी, रामनिवास प्रसाद, रामेश्वरी उरांव, गुलाम सरवर, सीता देवी, अमृता भगत, अरूण गुप्ता, सबीर आलम उपस्थित थे।

कोर्ट नोटिस

अशोक उरांव तथा अन्य ...वादी
बनाम
श्रीमती मीरा देवी तथा अन्य...प्रतिवादी
नोटिस बनाम
प्रतिवादी संख्या
1. प्रताप उरांव पिता स्व. शनि उरांव
2.विश्राम उरांव पिता स्व. सुका उरांव
3.सीताराम उरांव पिता स्व. सुका उरांव
4.बंधु उरांव पिता स्व. जाबदी उरांव
5.जीता उरांव पिता स्व. जाबदी उरांव
सभी निवासी ग्राम जुरिया थाना एवं जिला लोहरदगा झारखंड।
बजरिये इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है। कि वादी ने आपलोगों के विरूद्ध उपरोक्त ओ.टी.एस. इस न्यायालय में दाखिल किया है, जिसकी सुनवाई की तिथि दिनांक 03.12.22 समय 10.30 बजे पूर्वाहन में तय की गयी है। इसके पूर्व आपलोगों को नजारत के माध्यम से तथा स्पीड पोस्ट द्वारा सूचना दी जा चुकी है। अतः आप उक्त तिथि को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम उपस्थित होकर वाद की समुचित पैरवी करें, अन्यथा आपके अनुपस्थिति में वाद की कार्यवाही एकपक्षीय कर दी जायेगी।

कोर्ट नोटिस

कुर्बान अंसारी ...शिकायतकर्ता
बनाम
बदला ऑटो मोबाईल्स तथा अन्य ...विपक्षी
नोटिस बनाम प्रतिवादी
बजरिये इस नोटिस के द्वारा आपलोगों को सूचित किया जाता है कि शिकायतकर्ता ने आपलोगों के विरूद्ध उपभोक्ता वाद इस न्यायालय में दाखिल किया है, जिसकी सूनवाई की तिथि दिनांक 17.11.22 को समय 10.30 बजे पूर्वाहन में तय की गयी है। इसके पूर्व आपलोगों को निबंधित डाक द्वारा सूचना दी जा चुकी है। अतः आपलोग उक्त तिथि को स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर वाद की समुचित पैरवी करें, अन्यथा आपलोगों की अनुपस्थिति में वाद की कार्यवाही एकपक्षीय कर दी जायेगी।

धरती आबा के बताये रास्ते पर चलें : उपायुक्त

राज्य स्थापना दिवस पर जिला प्रशासन ने लाभुकों के बीच 12 करोड़ की परिसंपत्ति का किया वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

महिला को ट्रैक्टर की चाबी देते गुमला के उपायुक्त सुशांत गौरव।

गुमला। झारखंड के 22 वें स्थापना दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर मंगलवार को नगर भवन गुमला में जिला स्तरीय परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से उपायुक्त सुशांत गौरव, जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा, नगर परिषद अध्यक्ष दीपनारायण उरांव सहित कई प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान कुल 12 करोड़ की परिसंपत्तियों का वितरण लाभुकों के बीच किया गया। मौके पर उपायुक्त सुशांत गौरव ने उपस्थित लोगों से भगवान बिरसा मुंडा के रास्ते में चलने का आह्वान करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा अपने जीवन काल में सबके अधिकार एवं स्वाभिमान के लिए लड़े। अपने पूरे जीवन काल में उन्होंने कभी शराब को हाथ नहीं लगाया और न ही अंध विश्वास के भ्रम में पड़े। उनकी याद में यदि उनके किसी एक गुण को भी हम सभी अपने अंदर ले आए तो समाज का कल्याण स्वयं ही हो जाएगा। अब जनता को लाभुक की श्रेणी से निकलने की आवश्यक है। सरकार पर आश्रित नहीं बल्कि अपने आप को काबिल बनाने में अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने में फोकस करने की आवश्यकता है। परिसंपत्ति वितरण के दौरान सामाजिक सुरक्षा कोषांग अंतर्गत सांकेतिक रूप से 5 लाभुकों को पेंशन सर्वजन योजना एवं 5 लाभुकों के बीच कंबल वितरण किया गया। वहीं जिला आपूर्ति विभाग से राशन कार्ड एवं धोती साड़ी योजना से 30 लाभिकों के बीच परिसंपत्ति वितरण किया गया।

जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 20 लाभुक किशोरियों को वितरण किया गया। जेएसएलपीएस के द्वारा स्वयं सहायता समूह चक्रीय निधि के 144 समूहों के बीच सांकेतिक रूप से 26,40, 000 रुपए का चेक दिया गया जिसमें प्रत्येक समूह को 15000 रुपए की राशि दिए जाएंगे।वही सामुदायिक निवेश निधि से 971 लाभुकों को जोड़ कर उनके निवेश हेतु 5 करोड़ 94 लाख राशि प्रदान की जाएगी। इसके अलावा बैंक लिंकेज, महिला मंडली के बीच ट्रैक्टर एवं कृषि यंत्र का वितरण किया गया। साथ ही चना बीज वितरण ,केसीसी वितरण , मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के लाभुकों के बीच भी परिसंपत्ति का वितरण किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी व कर्मियों को भी उपायुक्त पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसी सुधीर कुमार गुप्ता, एसडीओ सदर रवि जैन , जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा , उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, नप अध्यक्ष दीपनारायण उरांव , पीडी आईटीडीए इंदु गुप्ता, सीएस राजू कच्छप , डीसी एलआर सुषमा नीलम सोरेंग, नप पदाधिकारी संजय कुमार , समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा , डीएसओ गुलाम शमदानी के अलावा कई वरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

भगवान बिरसा मुंडा का सपना हो रहा है साकार

- 52 करोड़ रुपये की लागत से लोहरदगा में बनेगा समाहरणालय
- नंदिनी जलाशय की होगी मरम्मत
- 44.64 करोड़ रुपये की परिसंपत्ति का वित्त मंत्री ने किया वितरण

अब जनता को मिल रहा अधिकार : रामेश्वर उरांव

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। समाहरणालय परिसर मैदान जिला प्रशासन द्वारा बिरसा मुंडा जयंती और राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि योजना सह वित विभाग, के मंत्री वाणिज्यकर विभाग एवं खाद्य,सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मंत्री सह स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि झारखंड विकास की राह पर दौड़ रहा है। 15 नवंबर 2000 का झारखंड से वर्तमान झारखंड में बहुत फर्क है। आज चारों ओर विकास हो रहा है। भगवान बिरसा मुंडा का सपना साकार होता दिख रहा है। श्री उरांव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जिन उद्देश्यों को लेकर अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी, आज उनका सपना पूरा हो रहा है। आज जनता को उनका अधिकार मिल रहा है। यह गरीबों की सरकार है, आम जनता की सरकार है।

श्री उरांव ने कहा कि जब से वर्तमान राज्य सरकार का गठन हुआ है तब से गरीबों के लिए कई योजनाएं सरकार ला चुकी है। जिन किसानों को उनके उपजाये हुए धान का मूल्य नहीं मिल रहा था उन्हें अब झारखंड सरकार 20.50 रुपए प्रति किग्रा की दर से उनका धान खरीद रही है। जिला में होंगे कई नये काम : श्री उरांव ने कहा कि लोहरदगा जिला में विकास के कई कार्य होने जा रहे हैं। जल्द ही 52 करोड़ रुपए की लागत से नया समाहरणालय निर्माण का कार्य प्रारंभ होगा। नंदिनी जलाशय की मरम्मति के लिए 58 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हो चुकी है। इसकी मरम्मति के बाद नये नहरों का निर्माण होगा। पुराने नहरों की मरम्मति होगी। फलस्वरूप सिंचाई कार्य में तेजी आयेगी। पानी की समस्या दूर होगी और फसल लहलहाएगा। 100 बेड का नया अस्पताल भी बनेगा। बनेगा आदिवासी सांस्कृतिक केंद्र : जिला में आदिवासी सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है। सदर प्रखण्ड में दो स्थानों, सेन्हा और भण्डरा प्रखंड में भी आदिवासी सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है। विभिन्न विभागों को मिलाकर कुल 44.64 करोड़ रुपए की राशि की परिसंपत्ति का वितरण किया गया। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत 1012 किशोरियों को स्वीकृति पत्र और दो दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल दिया गया।

कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, बिशुनपुर विधायक प्रतिनिधि सुखदेव उरांव, रोहित उरांव, जिला परिषद सदस्यगण समेत अन्य जनप्रतिनिधि, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

लोहरदगा में राजधानी एक्स. का ठहराव जल्द : डीआरएम

लोहरदगा। लोहरदगा में राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव जल्द होगा। इस बात के संकेत रांची रेल मंडल के डीआरएम प्रदीप गुप्ता ने लोहरदगा में पत्रकारों से बात करते हुए दीं। श्री गुप्ता ने कहा लोहरदगा में राजधानी एक्सप्रेस के ठहराव को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि लोहरदगा के रेल यात्रियों को जल्द ही खुशखबरी मिलेगी। राजधानी एक्सप्रेस के रुकने को लेकर प्लेटफार्म को उस लायक बनाने का कार्य जारी है। डीआरएम ने लोहरदगा स्टेशन में रात में अंधेरे को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि इसकी जानकारी लेकर जल्द समुचित व्यवस्था करा दिया जाएगा।साथ ही मेमू ट्रेन में बोगी बढ़ाने को लेकर कार्य चलने को बात भी कही।डीआरएम प्रदीप कुमार गुप्ता मंगलवार को रेलवे की तमाम इकाइयों के आला अधिकारियों के साथ लोहरदगा-रांची टोरी रेल मार्ग के पिस्का, टांगरबसूली, नरकोपी, नगजुआ, आकाशी, लोहरदगा, बड़की चांपी और बोदा का निरीक्षण पर आए थे। इन्होंने हिंडालको की बॉक्साइट साइडिंग और लोहरदगा रेलवे स्टेशन के साथ-साथ इस रेलमार्ग के अन्य रेलवे स्टेशनों का भी निरीक्षण किया। स्पेशल ट्रेन से पहुंचे डीआरएम यात्रियों से मिले और उनकी समस्याएं सुनी। इस रेल मार्ग पर नई ट्रेनों के संचालन की बात पर डीआरएम ने कहा कि यह रेलवे लाइन बन गई है तो इसका पूरा उपयोग होना चाहिए। इससे झारखंड की जनता को लाभ मिलेगा।

तीन किलो गांजे के साथ बस चालक व कंडक्टर गिरफ्तार

घाघरा। घाघरा पुलिस ने तीन किलो गांजे के साथ गिरफ्तार बस चालक व कंडक्टर को मंगलवार को जेल भेज दिया है। इस संबंध में एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, थानेदार अमित कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि झारखंड स्थापना दिवस पर राष्ट्रपति के आगमन को लेकर पुलिस अधीक्षक के द्वारा सीमावर्ती थानों में 24 घंटे चेक नाका लगाने का आदेश प्राप्त हुआ था। जिसके आलोक में घाघरा थाना के समक्ष चेक नाका लगाया गया था। इसी दौरान घाघरा थाना को गुप्त सूचना मिली कि राउरकेला से घाघरा होते हुए गया बिहार जाने वाली रश्मि बस संख्या बीआर 02पीबी 7786 में कंडक्टर एवं ड्राइवर के द्वारा छुपाकर गांजा ले जाया जा रहा है। उक्त सूचना के आधार पर वरीय पदाधिकारी को इसकी जानकारी देते हुए टीम गठित कर घाघरा थाना के मुख्य द्वार पर रश्मि नामक यात्री बस को रोका गया। बस में तलाशी लेने पर डिक्की में रखे हुए खैनी के बोरे में छिपा कर रखा हुआ दो गांजा का पैकेट बरामद किया गया। जिसे तौलने पर गांजा का वजन 3.3 किलो हुआ। जिसके बाद गया जिला के आमस थाना निवासी कंडक्टर मुन्ना खान उर्फ हुसैन अली व गया जिला का डोभी गांव निवासी बस चालक श्याम सिंह को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया गया।

खेल में कैरियर की अपार संभावनाएं : डीआइजी

चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल रन्हे घाघरा में अंतर विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

घाघरा। चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल रन्हे घाघरा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतर विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के डीआईजी रविंद्र भगत, विशिष्ट अतिथि बीडीओ विष्णु देव कच्छप, विधायक प्रतिनिधि संजीव उरांव, विद्यालय के निदेशक विजय साहू ने बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। सीआरपीएफ के डीआईजी रविंद्र भगत ने अंतर विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद अनिवार्य है। खेल में भी कैरियर की अपार संभावनाएं हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर झारखंड के बालक बालिका अपनी छाप छोड़े हैं। एथलेटिक्स हॉकी तीरंदाजी में झारखंड का नाम रोशन हुआ है। यदि आपको भी राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आना है तो अनुशासन के साथ कड़ी मेहनत करनी होगी। किसी भी परिस्थिति में लक्ष्य से ना भटके। मंजिल आपको जरूर मिलेगी। विशिष्ट अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप ने कहा कि बिरसा मुंडा यूं ही भगवान नहीं कहलाएं मात्र 25 वर्ष की जीवन अवधि में उन्होंने देश और समाज के लिए अपना जीवन निछावर कर दिया । आज के बच्चे देश के भविष्य हैं आप पढ़ाई और खेल दोनों में ध्यान दें। विधायक प्रतिनिधि संजीव उरांव ने कहा कि बच्चे अनुशासन में रहकर प्रतियोगिता में भाग लें और नशा पान से दूर रहें। प्रतियोगिता के 16 सौ मीटर की रेस में बालिका वर्ग में प्रथम प्रीति कुमारी, द्वितीय पूर्णिमा कुमारी तृतीय फुलमनी कुमारी रही। वही विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुखिया अंगनी उरांव, रानी उरांव, संतोषी कुमारी, शिला कूजुर, संजय कुमार सिंह, शिक्षक चैत टोप्पो, सुशील कुमार, मुकेश मणि पाठक, अजय कुमार साहू,संजय उराव,लाल साहू सहित कई विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

खेल से खुलता है उज्वल भविष्य का द्वार : अमित

- झारखंड स्थापना दिवस पर मिशन बदलाव ने कामडारा में कराया फुटबॉल टूर्नामेंट

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। कामडारा प्रखंड के मिशन मैदान में मिशन बदलाव द्वारा बिरसा जयंती सह राज्य स्थापना दिवस पर पंचायत स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन जिला प्रेस एसोसिएशन के महासचिव दुर्जय पासवान, कोषाध्यक्ष दीपक वर्मा, मुकेश सोनी, मिशन बदलाव के राज्य संयोजक भूषण भगत, थानेदार कौशलेंद्र कुमार व जिला परिषद के सदस्य दीपक कंडुलना ने फीता काट कर किया। मौके पर मिशन बदलाव द्वारा खिलाड़ियों को जर्सी दिया गया। मिशन बदलाव के अमित कुमार ने कहा कि खेल से उज्वल भविष्य का द्वार खुलता है। खेल को सिर्फ हार जीत की भावना से नहीं खेंले। बल्कि लक्ष्य बनाकर खेले। कठिन मेहनत करने से लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मिशन बदलाव अच्छा काम कर रहा है। आप लोग मिशन बदलाव से जुड़कर क्षेत्र में अच्छा काम करें। वहीं दुर्जय पासवान ने कहा कि समय बदला, तो अब कामडारा में बदलाव आ रहा है। एक समय था जब उग्रवादी घटनाओं के कारण कामडारा क्षेत्र सुर्खियों में रहता था। परंतु अब उग्रवाद के बादल छटे तो कामडारा में बदलाव आ रहा है। युवा आगे बढ़ना चाहते हैं। ऐसे में मिशन बदलाव गुमला के युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहा है। अगर कामडारा के युवा पढ़ाई के लिए रांची या फिर दूसरे राज्य जाना चाहते हैं तो मिशन बदलाव मदद करेगा। मिशन बदलाव कोई राजनीति संगठन नहीं बल्कि समाजिक संगठन है। इधर फुटबॉल खेल में उदघाटन मैच रेड़वा पंचायत बनाम सुरहू पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें सुरहू की टीम विजयी रही। मौके पर मिशन बदलाव के भूषण भगत, राज कुमार, जीतेश मिंज, रामलखन, पंकज गोस्वामी, कांग्रेसी नेता अजीत गुड़िया, अजीत केरकेट्टा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व स्थानीय सदस्य मौजूद थे।

एक नजर में

कुडू में युवक की गोली मारकर हत्या, पत्नी और भाई घायल

कुडू लोहरदगा । थाना से महज दो किलोमीटर दूर लक्ष्मीनगर में मंगलवार शाम को मामूली विवाद में युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बचाने के क्रम में युवक की पत्नी तथा भाई घायल हो गया है। दोनों को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि लक्ष्मीनगर निवासी स्वर्गीय सुरेश्वर साहू को पुत्र विकास साहू मंगलवार शाम घर पर खाना खाने की तैयारी कर रहा था। इसी बीच दो युवक पैदल पहुंचे तथा विकास का नाम लेकर दरवाजा खोलने के लिए आवाज दिया। आवाज सुनकर विकास की मां ने कहा कि विकास घर पर नहीं है। बाहर के युवकों ने कहा कि लकड़ी का काम है, जैसे ही विकास ने दरवाजा खोला बाहर खड़े एक युवक ने यह कहते हुए गोली चला दिया कि यही विकास है। विकास को तीन गोली मारी गई. गोली की आवाज सुनकर विकास की पत्नी दौड़ी तो अपराधियों ने पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया । पत्नी को चाकू लगी। बगल से गोली की आवाज सुनकर भाई राजेश साहू पहुंचा तो दुसरे अपराधी ने राजेश पर गोली चला दिया। इससे राजेश के पीठ को छुकर गोली निकल गया। तीनों को कुडू सीएचसी पहुंचाया गया जहां विकास को मृत घोषित कर दिया गया जबकि पत्नी प्रतिमा देवी तथा भाई राजेश को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बिरसा मुंडा के उलगुलान हमारे लिए प्रेरणा : डुंगडुंग

लोहरदगा। यूथ कांग्रेस कमेटी के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर शंख नदी पुल स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने कहा कि बिरसा मुंडा नौजवान नेता के रूप में सभी मुंडाओं को एकत्र कर अंग्रेजों से लगान (कर) माफी के लिये आंदोलन किया। वे आदिवासी समाज के ऐसे नायक रहे, जिनको जनजातीय लोग आज भी गर्व से याद करते हैं। आदिवासियों के हितों के लिए संघर्ष करने वाले बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश शासन से भी लोहा लिया था। उनके उलगुलान और बलिदान ने उन्हें भगवान बना दिया उनके योगदान के चलते ही उनकी तस्वीर भारतीय संसद के संग्रहालय में लगी हुई है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष गुलाम जिलानी , नगर अध्यक्ष तौसीफ आलम, नगर उपाध्यक्ष मुशर्रफ रजा, कुरु प्रखंड अध्यक्ष विनोद भगत, लोहरदगा प्रखंड अध्यक्ष अजय मुंडा,रंजीत लकड़ा, अमस अंसारी,मुजामिल अंसारी,मनीष उरांव, आदि उपस्थित थे।

लोहरदगा में कैंसर जांच शिविर 19 नवंबर को

लोहरदगा। इमरजेंसी केयर के उपाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि 19 नवंबर को अग्रसेन भवन के प्रांगण में कैंसर डिटेक्शन वैन आयेगा। विगत 2 वर्षों से वे लगातार प्रयास कर रहे थे कि लोहरदगा जिले में भी लोगों को इसका लाभ मिल सके। मंहगे टेस्ट होने के कारण लोग समय रहते जांच नहीं करा पाते हैं और इस बीमारी के शिकार बन जाते हैं। इमरजेंसी केयर के कोषाध्यक्ष सजल कुमार ने कहा कि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत उपस्थित रहेंगे। अखिल भारतीय मारवाडी युवा मंच के द्वारा संचालित 4 करोड़ की अत्याधुनिक मशीनों से सुसज्जित कैंसर डिटेक्शन वैन में दिल्ली से आए विशेषज्ञों के द्वारा कैंसर का निशुल्क जांच किया जाएगा।

भंडरा पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

भंडरा । एसपी आर रामकुमार के निर्देशानुसार अपराध की घटनाओं में अंकुश लगाने के उद्देश्य से मंगलवार को भंडरा थाना पुलिस द्वारा भंडरा-लोहरदगा मुख्य पथ मसमानो मोड़ के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान भंडरा थाना पुलिस ने दो पहिया-चार पहिया वाहन के दस्तावेज की जांच की। जिसमें ऑनर बुक, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट, सीटबेल्ट की भी जांच की गई। मौके पर भंडरा थाना के अवर निरीक्षक विकास कुमार विश्वकर्मा ने बिना हेलमेट के वाहन चला रहे मोटरसाइकिल चालको को हिदायत देते हुए छोड़ा। साथ ही उन्होंने कहा कि यातायात नियम का पालन करना हर कोई के लिए जरुरी है। यातायात नियम के पालन से खुद के साथ-साथ दूसरे वाहन चालक की भी जिंदगी सुरक्षित रहती है।

भाजपा ने जनजातीय गौरव दिवस मनाया

भंडरा। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती जनजाति गौरव दिवस के रूप में वासुदेव उराँव की अध्यक्षता में ग्राम भैसमुन्दो के बूथ नंबर 82 बिशनपुर विधानसभा में मनाया। भाजपा जिला महामंत्री बालकृष्ण सिंह ने कहा कि बिरसा मुंडा ने देश के लिए कुबार्नी दी । आज हम स्वतंत्र हैं। उन्होंने सिर्फ जनजाति समाज का ही नही पूरे हिंदुस्तान को उनपर गर्व है,। अंग्रेजो के द्वारा उन्हें दंडित कर षड्यंत्र के तहत हत्या कर दी गई थी। हम उनके जयंती पर नमन करते हैं। समाज के लोगों से आग्रह करते हैं उनके दिखाए गए मार्ग पर चले और हम अच्छे समाज का निर्माण करें ।इस अवसर पर बालकृष्ण सिंह,बासुदेव उराँव ,सूरज यादव ,तिलका उराँव,अभिषेक सिंह,विवेक सिंह ,परुषोत्तम सिंह,कांति देवी,पुष्पा देवी,संध्या कुमारी सोनिया कुमारी ,विनीता कुमारी,फूलमती देवी,सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपाइयों ने बिरसा मुंडा को किया याद

कैरो। प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न गांवों के बूथ स्तर पर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं द्वारा बिरसा मुंडा की प्रतिमा में माल्यार्पण कर याद किया व उनकी जीवनी के बारे में चर्चा किया गया।मौके पर बजरंग उरांव, विसेस्वर प्रसाद दिन, विवेक प्रजापति, राजेन्द्र यादव,विनोद रविदास, बसंत महतो, गोविंद महतो, सुसेन महतो इत्यादि मौजुद थे।

स्थापना दिवस पर भंडरा में परिसंपत्ति वितरित

भंडरा । भंडरा प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को राज्य स्थापना सह परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्व प्रथम जिला परिषद सदस्य राजमनी उरांव, प्रखंड प्रमुख बरिया उरांव, 20 सूत्री उपाध्यक्ष जुगल भगत, विधायक प्रतिनिधि बिट्ठु उरांव, बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता व पंचायत के जनप्रतिनिधियों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के जीवन काफी संघर्ष भरा रहा है। देश के आजादी में उनका अहम योगदान रहा। हम सभी को उनके आदर्श को आत्मसात करने की जरुरत है। झारखंड राज्य का निर्माण उन्ही के जन्म दिन के दिन हुआ है। सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि देश के आजादी में भगवान बिरसा मुंडा का योगदान सर्वोपरि रहा है। इस दौरान अधिकारियों द्वारा भंडरा विभिन्न महिला मंडल के सदस्यों के बीच 18 लाख रुपये का वितरण किया गया। मौके पर परवेज अंसारी, आकाश यादव, विजय कुमार, भरत राम, नीलम मिंज, रउफ अंसारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

सती दादी के जन्मोत्सव पर कार्यक्रम कल

लोहरदगा। मारवाड़ी समाज द्वारा गुरुवार को मंगसीर नवमी के दिन श्री रानी सती दादी जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।उस दिन दादी मंदिर परिसर में समाज की महिलाओं के द्वारा दोपहर में मंगला पाठ की जाएगी, उसके उपरांत संध्या 6:00 बजे से बाहर से आ रहे भजन मंडलियों के द्वारा मनमोहक भजन जागरण का कार्यक्रम किया जाएगा,और इसी के बीच संध्या 7:30 बजे से सवामणी का प्रसाद प्रारंभ किया जाएगा।

गढ़वा के हर कोने से निकल रही विकास की किरण: मंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर मंगलवार को गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में राज्य स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा भी जयंती के मौके पर याद किये गये। कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

श्री ठाकुर ने नियुक्ति पत्र एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया। शिक्षा विभाग से कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की 15 शिक्षिकाओं को नियुक्ति पत्र दिया। साथ ही समाज कल्याण, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री सर्वजन पेंषन योजना, झारखंड खाद्य सुरक्षा योजना आदि के तहत परिसंपत्ति, राशन कार्ड आदि का वितरण किया गया। श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड आज 22 वर्षों का युवा राज्य हो गया है। 22 वर्षों में कई सरकारें आयी और गई, परंतु जिस

गढ़वा में नियुक्ति पत्र वितरण करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर।

उद्देष्य से झारखंड की स्थापना की गई थी वह पूरी नहीं हो सकी है। वर्ष 2019 में झारखंड वासियों ने झारखंडी जनमानस की सरकार को चुना है। तब से झारखंड चहुंमुखी विकास के पथ पर अग्रसर है। साथ ही मंत्री ने कहा कि गढ़वा वासियों ने जिस उम्मीद से उन्हें सेवा का मौका दिया है, उस पर वे पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास कर रहे हैं। राज्य के सबसे पिछड़े जिले गढ़वा में आज कोने-कोने से विकास की किरण निकल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के गठन के दिन से ही झारखंड को विकसित बनाने का संकल्प लिया गया है। झारखंड की हेमंत सरकार सभी मूलभुत सुविधाएं लोगों के घर-घर तक पहुंचा रही है। आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम को व्यापक सफलता मिल रही है। पिछले वर्ष इस कार्यक्रम के तहत जिले में एक लाख 40 हजार आवेदन प्राप्त हुए थे। इस वर्ष दो लाख 39 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें अब तक 75 प्रतिषत आवेदन का निष्पादन हो चुका है। इसका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है।

जनता यह समझ चुकी है कि झारखंड में सच्ची जनमानस की सरकार है। मंत्री ने कहा कि राज्य में प्रत्येक वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर सरकार कार्य कर रही है। ताकि राज्य के प्रत्येक व्यक्ति को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द पूरे देष में झारखंड

झारखंड स्थापना दिवस पर मिथिलेश ठाकुर ने किया नियुक्ति पत्र व परिसंपत्तियों का वितरण

अग्रणी राज्य बनेगा। मंत्री ने कहा कि गढ़वा में काफी कम समय में जितनी विकास कार्यों को किया गया है, उसे गिनाने में लंबा समय लग जाएगा। यहां हर जुबान पर गढ़वा का विकास बोल रहा है। मौके पर डीसी रमेश घोलप ने भी उद्गार व्यक्त किया।

मौके पर मुख्य रूप से डीडीसी राजश कुमार राय, एसपी अंजनी कुमार झा, सीआरपीएफ 172 बटालियन कमांडेंट आषीष कुमार झा, गढ़वा एसडीओ राज महेश्वरम, रंका एवं श्री बंषीधर एसडीओ, बीडीओ कुमुद कुमार झा, सीओ कुमार मयंक भूषण, भंडरिया बीडीओ बिपिन कुमार भारती, कार्यपालक दंडाधिकारी अरूण उरांव, पीएचडी के कार्यपालक अभियंता प्रदीप सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, नप अध्यक्ष पिंकी केशरी, अनिता दत्त तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, धीरज दुबे, नवीन तिवारी, सहित पदाधिकारी एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

निःस्वार्थ भाव से करता हूं सेवा: मिथिलेश ठाकुर

गढ़वा। गढ़वा विधायक सह पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के सौजन्य से उनकी माता स्व. विमला देवी ठाकुर एवं पिता स्वतंत्रता सेनानी स्व. कौशल कुमार ठाकुर की पुण्यस्मृति में निःशुल्क मेगा मोतियाबिंद ऑपरेशन षिविर का आयोजन किया गया। राज्य स्थापना दिवस के मौके पर सदर अस्पताल में आयोजित इस शिविर का उद्घाटन मंगलवार को श्री ठाकुर ने दीप प्रज्जवलित कर किया। लायंस क्लब गढ़वा फर्टीनिटी के सहयोग से इस शिविर का आयोजन 15 से 25 नवंबर तक किया जाएगा। शिविर में सभी मरीजों के लिए श्री ठाकुर के सौजन्य से लेंस, चश्मा, दवा, भोजन, रहने आदि की व्यवस्था की जाएगी।

एक नजर में

डायन बिसाही के मामले में तीन गिरफ्तार

चतरा। जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के हुमाजांग पंचायत स्थित भौंराज गांव निवासी डोमन यादव की पत्नी केशरी देवी,उम्र 40वर्ष को आत्महत्या करने के लिए मजबुर करने के तीन नामजद आरोपियों को प्रतापपुर थाना पुलिस ने मंगलवार की अहले सुबह गिरफ्तार कर लिया है।सभी आरोपी को जेल भेज दिया है। बताया जाता है कि गिरफ्तार आरोपियों में प्रतापपुर थाना क्षेत्र के भौंराज गांव निवासी शिवकुमार सिंह, इंद्रदेव पासवान तथा भुलन यादव का नाम शामिल है। मिली जानकारी के मुताबिक, इस संबंध में मृतिका केशरी देवी के भाई भोला यादव ने थाना में आवेदन देकर आरोप लगया था कि उसकी बहन को डायन बिसाही का आरोप लगाकर बहन को प्रताड़ित करने तथा मारपीट किया गया।थाना में दिए आवेदन में भोला यादव ने 13 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया है। उसने कहा है कि मेरी बहन को डायन बिसाही का आरोप लगाकर शारीरिक एवं मानसिक रुप से प्रताडित किया जाता था।इस प्रताडना से तंग आकर मेरी बहन घर में ही बंद रहती थी।लेकिन सोमवार के अहले सुबह उसने आत्महत्या कर ली थी।पुलिस मामले दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी में जुटी थी।तीन धराया है अन्य की तलाश जारी है। मृतका के भाई ने मीडिया कर्मियों को बताया कि बहन को लगातार तीन माह से डायन का आरोप लगाकर संतोष यादव, महेंद्र यादव जितेंद्र यादव, मनोज यादव, सुनीता देवी, रीता देवी आदि दर्जनों लोग प्रताड़ित कर रहे थे। लोगों ने बहन का जीना हराम कर दिया था। उन्होंने यह भी बताया कि दस दिन पहले की बात है, जब संतोष यादव का एक बच्चा बीमारी से ग्रस्त होकर मर गया। इसके बाद संतोष यादव ने अपने पूरे परिवार के साथ बहन पर डायन होने का आरोप लगा दिया।इतना ही नहीं आरोपियों ने मृत बच्चे का शव बहन के दरवाजे पर लाकर रख दिया। कहने लगे कि तुमने मेरे बच्चे को जादू टोना से मार डाला है। तुम इसे जिंदा करो। बहन लगातार सफाई देती रही, खुद को निर्दोष बताती रही, लेकिन आरोपी ने उसकी एक न सुनी। घर में घुस कर बहन की पिटाई करने लगे। उसे बुरी तरह पीटा गया। इस कदर की वह प्रताड़ना से तंग आ गई। उसने अंततः अपनी जान दे दी।

सिमरिया में धूमधाम से मना स्थापना दिवस

सिमरिया। प्रखंड मुख्यालय के किसान भवन परिसर में मंगलवार को झारखंड स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। समारोह का नेतृत्व राजद कार्यकताओं ने किया। समारोह भाकपा के कार्यकर्ता शामिल हुए। समारोह में भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा झारखंड के जल जंगल और जमीन को बचाने का संकल्प लिया गया। मौके पर मौजूद राजद प्रखंड अध्यक्ष गुड्डू आलम ने बताया कि बिहार से झारखंड का अलग होना एक ऐतिहासिक घटना है जिसे प्रत्येक झारखंड वासियों को समारोह पूर्वक चाहिए। झारखंड अलग होने से इस प्रदेश का विकास हुआ है और लोगों को हक अधिकार मिले हैं। वर्तमान हेमंत सरकार भी झारखंड को विकास के अध्ययन शिखर तक ले जाने के लिए संकल्पित हैं। झारखंड एक विकसित और खुशहाल प्रवेश बने यही कामना है. मौके पर राजद, भाकपा, झामुमो और कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे।

विशेष छापामारी अभियान में 11 वाहन जब्त

चतरा। उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार पूरे जिले भर में अलग अलग स्थानों पर बिना ई परिवहन चालान के परिचालन कर रहे वाहनों के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास द्वारा बताया गया कि दिनांक 14 नवंबर से15 नवंबर 2022 सुबह 8 बजे तक लगातार जिले में बिना ई परिवहन चालान के परिचालन कर रहे वाहनों के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान के दौरान 6 कोयला लदे वाहन जिसमें में से दो वाहन मौके से फरार हो गए।पकड़े गए चार वाहन एवं फरार दो वाहनों पर भी प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। बाकी चार वाहन जिसका चालान में प्लेस ऑफ डिलीवरी ऑफ मिनरल्स गलत एड्रेस के आधार पर विस्तृत जांच हेतु सिमरिया थाना को सुपुर्द कर दिया गया। टंडवा क्षेत्र में 02 स्टोन बोल्डर लदा हुआ हाईवा को वैध कागजात नहीं दिखाए जाने पर टंडवा थाना को सुपुर्द कर दिया गया है। पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन की जांच के क्रम में एक ट्रैक्टर को भंडारण स्थल से जप्त कर पत्थलगड़ा थाना को सुपुर्द किया गया। वहीं मंगलवार की सुबह जांच के क्रम में सदर थाना क्षेत्र के नगवां बायपास रोड पर 04 अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जप्त कर आवश्यक कार्रवाई हेतु सदर थाना चतरा को सुपुर्द किया गया वहीं मौके से फरार 02 अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पर भी प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही टण्डवा क्षेत्र में अवैध रूप से परिवहन कर रहे परिवहन चालक 02, चतरा सदर परिवहन चालक 04 एवं पत्थलगडा में 01 परिवहन चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है एवं वाहन मालिकों तथा संलिप्त लोगों के उपर चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। खनन पदाधिकारी ने बताया कि जिले में लगातार अलग अलग स्थानों पर अवैध परिवहन, भंडारण के विरूद्ध छापेमारी अभियान जारी रहेगा।

नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का शुभारंभ

चतरा। डीआरडीए स्थित प्रशिक्षण भवन हॉल में झारखंड राज्य स्थापना दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा के जयंती के अवसर पर उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र द्वारा संयुक्त रूप दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं कला जत्था के टीम के द्वारा साक्षरता पर आधारित गीत की प्रस्तुति की गई। साथ ही साक्षरता के महत्व से संबंधित विस्तृत जानकारी उपस्थित लोगों को दी गई। जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा सभी साक्षरता कर्मियों को चतरा जिला को पूर्ण साक्षर जिला बनाने हेतु संकल्प दिलाया गया। साथ ही उनके द्वारा बताया गया की यह कार्यक्रम का आज शुभारंभ किया गया है जो की 2027 तक चलाया जाना है। यह कार्यक्रम का उद्देश शत प्रतिशत लोगों को साक्षर बनाना है। उक्त कार्यक्रम में श्री सतीश चंद्र शर्मा डीपीएम, महेश्वर प्रसाद प्रधान सहायक तथा मुख्य साधन सेवी, साधन सेवी, स्वयं सेवी शिक्षक, सभी प्रखंडों के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक उपस्थित थे।

बिरसा मुंडा की जयंती धूमधाम से मनी

सतगावां (कोडरमा)। प्रखंड मुख्यालय सभागार में मंगलवार को धरती आवा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। वहीं बीडीओ वैद्यनाथ उरांव की अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरआत निर्धारित 9 बजे सुबह में सर्वप्रथम धूप जलाकर किया गया। जिसके उपरांत श्री उरांव के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। वहीं प्रखण्ड के सभी पदाधिकारी व कर्मी के द्वारा एक एक कर माल्यार्पण किया गया। मौके पर जेएसएस राजो पासवान, थाना प्रभारी आनन्द कुमार शाह, बीसीओ राजू रजक, सीडीपीओ संतोष कुमार, झारखण्ड सेवा संस्थान के सचिव मनोज दाँगी, विकास कुमार, मिथलेश यादव, प्रणव मुरारी, कन्हैया कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

गरीब परिवारों के बीच कंबल का वितरण

जयनगर (कोडरमा)। स्थापना दिवस के अवसर पर पंचायत भवन जयनगर पूर्वी में स्थापना दिवस व भगवान बिरसा मुंडा जयंती मनाया गया और भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया कौशर खान ने किया और गरीब परिवार, वृद्ध, बुजुर्ग, विधवा, विकलांग लोगों के बीच दिन मंगलवार को कंबल वितरण किया गया।

स्पीड न्यूज

झामुमो ने मनायी बिरसा मुंडा की जयंती

धुरकी। प्रखंड के डाक बंगला परिसर में मंगलवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत झामुमो प्रखंड अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार यादव ने भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय इतिहास में बिरसा मुंडा एक ऐसे नायक थे जिन्होंने भारत के झारखंड में अपने क्रांतिकारी चिंतन से 19वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में आदिवासी समाज की दशा और दिशा बदलकर नवीन सामाजिक और राजनीतिक युग का सूत्रपात किया। मौके पर सागिर अंसारी, शिवकुमार कोरवा, एहसान अंसारी, मुखिया सगुनी राम, तिरबेनी कोरवा, अरुण सिंह, प्रेमवंत सिंह, इसराइल खान सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम

केतार। अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध संघर्ष करने और जनजाति समाज के विकास में अहम भूमिका निभाने वाले आदिवासी जननायक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखंड के 22वां स्थापना दिवस सरस्वती शिशु विद्या मंदिर केतार में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान बिरसा मुंडा व भारत माता की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गान गाकर उपस्थित अतिथियों व अभिभावकों का स्वागत किया। इसके उपरांत नागपुरी गाने पर छात्राओं ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया।

छह हजार रुपये समेत मोबाइल व बाइक चोरी

भवनाथपुर। थाना क्षेत्र के कैलान बसकटिया के पास बरडीहा थाना क्षेत्र के लेभरी निवासी श्रीकांत यादव का तीन अज्ञात व्यक्ति द्वारा छह हजार रुपये नगद, मोबाइल व बाईक चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने भवनाथपुर थाना में तीन अज्ञात व्यक्ति के ऊपर चोरी करने की शिकायत की है। दिए आवेदन में श्रीकांत यादव ने बताया है कि वह अपने घर से कैलान स्थित अपने मामा के घर मोटरसाइकिल नंबर जेएच 03 एबी 8371 ग्लैमर गाड़ी तीन बजे आ रहा था। इसी दौरान बसकटिया जंगल के पास अपनी बाईक खड़ा कर शौच करने चला गया। जब कुछ देर के बाद वापस आया तो देखा कि तीन लोग बाईक को धक्का मारकर ले जा रहे है। जब मैने आवाज देकर पीछा किया तो बाईक स्टार्ट कर उक्त लोग भाग गए। जिसमे एक बैग में रखा छह हजार रु नगद एक मोबाइल भी था।

ग्रामीणों ने लगाया अवैध बालू पर प्रतिबंध

मझिआंव। बरडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत ओबरा गांव के बाकी नदी राम नगर छठ घाट एवं पुल के आसपास से बालू उठाव करने पर ग्रामीणों ने प्रतिबंध लगा दिया है। वहीं पुल सुरक्षा और बालू चोरी पर रोक लगाने को लेकर ओबरा पंचायत के समाजसेवी ग्रामीण करन उरांव,ओबरा पंचायत व समाजसेवी छोटे कुमार मेहता, कमलेश उरांव, दुर्गेश उरांव, राहुल राजा इनके साथ कई लोगों ने उपस्थित हो कर बकायदे नदी घाट पर बोर्ड भी लगाए गए हैं। ओबरा रामनगर छठ स्थल पूरी हर्षोल्लास के साथ छठ महापर्व मनाया जाता है रात के अंधेरे में बालू माफिया के द्वारा तेजी से उठाव किया जा रहा था इसी को देखते हुए ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि प्रतिदिन बालू उठाव होते रहेगा तो आने वाले समय में छठ करने के लोग काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

मझिगांव में पूर्व नक्सली सहित दो गिरफ्तार

मझिआंव। बरडीहा थाना प्रभारी प्रभार पंकज कुमार सिंदुरिया ने अलग अलग मामलों में पूर्व नक्सली सहित दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि कुछ दिन पहले परिजनों के साथ मारपीट के बाद असलाहा निकालने के मामले में लावा चम्पा गांव के अजय चौधरी को आर्म्स एक्ट के तहत जेल भेजा गया है।

कोडरमा में याद किये गये धरती आबा

कोडरमा। भगवान बिरसा मुंडा के जयंती एवं राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के सभी प्रखंड में भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसमें सभी बीडीओ, सीओ, प्रखंड, अंचल के पदाधिकारी, कर्मी के साथ साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्पित कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम के दौरान लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। वहीं चंदवारा प्रखंड अंतर्गत एसी अनिल तिर्की, बीडीओ व सीओ द्वारा लाभुकों को

डीसी, एसपी, एसी व एसडीओ ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर किया माल्यार्पण

मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत बकरी पालन की स्वीकृति पत्र, कंबल व जॉब कार्ड का वितरण किया गया। वहीं कोडरमा प्रखंड अंतर्गत बीडीओ द्वारा बिरहोरो को कंबल व जॉब कार्ड दिया गया।

इधर कोडरमा समाहरणालय परिसर में भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें उपायुक्त आदित्य रंजन, एसपी कुमार गौरव, एसी अनिल तिर्की व एसडीओ संदीप कुमार मीणा ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, डीइओ अलका जायसवाल, जिला योजना पदाधिकारी खोपलाल राम, डीएसडब्लूओ आरती कुमारी, नगर प्रशासक जितेंद्र कुमार जैसल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, एपीआरओ अविनाश कुमार समेत पदाधिकारी कर्मियों ने भी भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्पित कर उन्हें नमन किया।

बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण करे कोडरमा के डीसी।

डीसी ने सदर अस्पताल में एक्सरे मशीन और आयुष्मान केंद्र का किया उद्घाटन

कोडरमा। उपायुक्त आदित्य रंजन ने मंगलवार को सदर अस्पताल स्थित एक्स-रे मशीन और आयुष्मान केंद्र का उदघाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अस्पताल में एक्स-रे की सुविधा होने से अब मरीजों को इधर उधर भटकने की जरूरत नही पड़ेगी, बल्कि काफी कम शुल्क में यह सुविधा लोगों को शुलभ उपलब्ध होगा। आयुष्मान भारत योजना से बने केंद्र शुरू होने से मरीजों को ज्यादा से ज्यादा लाभ होगा। उपायुक्त अस्पताल के विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान भर्ती मरीजों से मिले और उनसे अस्पताल की ओर से दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में डीसीने अस्पताल भवन के अधूरे कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने, एमटीसी भवन का जल्द से मरम्मत करवाने आदि का निर्देश दिया। मौके पर एसडीओ सन्दीप कुमार मीणा, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, डीएस डॉ मनोज कुमार, डीपीएम महेश कुमार आदि मौजूद थे।

डोमचांच में आवास से लाखों रुपये की चोरी

डोमचांच (कोडरमा)। मसनोडीह में लाखों रुपये की चोरी का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार मसनोडीह डोमचांच निवासी लखन लाल मेहता पिता देवनारायण मेहता मसनोडीह डोमचांच निवासी ने अपने आवास से 9 लाख 45 हजार चोरी हो जाने को लेकर डोमचांच थाने में आवेदन दिया है। पुलिस मामले की छान-बीन में जुट गई।

युवती ने जहर खाकर आत्महत्या का किया प्रयास

कोडरमा। जयनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पेठियाबागी मे एक नाबालिक युवती जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। जिसकी पहचान दिलीप पंडित की 13 वर्षीय पुत्री ग्राम पेठियाबागी के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार घर में कुछ कहा सूनी हो जाने के कारण बाजार से जहर लाकर खा लेने से अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। जिसके बाद आनन-फानन में सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर द्वारा इलाज कर मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया।

जिंदगी तस्वीर और तकदीर भी : विशल्य सागरजी महाराज

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। समय अनमोल है समय को जो मनुष्य समझता है वो समय को मूल्यावान भी मानता है। इसलिए समय का मनुष्य को सद उपयोग करना चाहिए। वक्त के साथ जो चलता है, उसकी किस्मत भी बदलती है और किस्मत को लेकर कोई सोना खरीद लेता है तो जीवन को सोकर बर्बाद कर देता है। जीवन बहुत ही सुंदर है और अच्छे कर्म करने से जिंदगी भी है और तकदीर भी। उक्त बातें मंगलवार को झुमरीतिलैया के पानी टंकी रोड स्थित नये जैन मंदिर में जैन संत 108 विशल्य सागरजी महाराज ने श्री जैन समाज के तत्वाधान में आयोजित सार्वजनिक दिव्य संत्संग में कही। उन्होनें कहा कि समय की कीमत क्या होती है जो छात्र एक साल के फेल होता है, उससे पुछिये और एक दिन की कीमत क्या होती है, वो मजदूर से पुछिये कि उन्हें कोई कार्य नहीं

मिलता है तो वह सोचता है कि वह अजीविका कैसे चलायेगा। उसी तरह एक मिनट क्या होती है उनसे पूछिये जिनकी जिंदगी एक पल के लिए बच जाती है किसी व्यक्ति का ट्रेन एक मिनट के लिए छुट जाती है। मुनि श्री ने कहा कि हमेशा जोडने की कोशिश किजीए तोडने की नहीं। संसार में सुई बनकर रहिए सुई दो को एक कर देती है और कैंची एक को दो कर देती है। जीवन में चार चीजों को कभी मत तोडिये, विश्वास, रिश्ता और वचन जब टुटते हैं कोई आवाज तो नहीं होती लेकिन दर्द बहुत होता है। उन्हें आगे कहा कि गाय घास कर दुध देती है और सांप दूध पीकर जहर उगलता है। ऐसे में हमें गाय से सीखने की जरूरत है। पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहा कि सत्संग हमें महान बनाता है और अपने अंदर की आत्मा को जगाने की जरूरत है।

लाभुकों के बीच किया गया परिसंपत्ति का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के शुभ अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन कर लाभुकों के बीच कई योजनाओं का परिसम्पतियों वितरण किया गया। उपायुक्त अबु इमरान ने कार्यक्रम में आये हुए सभी पदाधिकारियों, जन प्रतिनिधियों, लाभुकों को स्वागत करते हुए अपने संबोधन में कहा कि 15 नवम्बर 2000 को झारखण्ड राज्य का गठन हुआ। झारखण्ड के वीर सपूत धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान एवं संघर्ष के कारण अंग्रेजों से मुक्त हो पायें। आज हमलोग झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस की 22वीं वर्ष गांठ मना रहे है। भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान एवं संघर्षों को याद कर चतरा जिला प्रशासन निरंतर विकास की ओर प्रयासरत है। वहीं मौके पर झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अन्तर्गत पांच लाभुकों के बीच कुल तैतालिस हजार रुपए का चेक दिया गया। सामाजिक सुरक्षा विभाग अन्तर्गत पेंशन से संबंधित कुल पांच लाभुकों को स्वीकृति पत्र, जेएसएलपीएस अन्तर्गत दो सखी मंडल जिसमें नौ सौ दीदी जुड़ी हुई

है को कैश क्रेडिट लिंकेज के तहत ग्यारह करोड़ की राशि एवं उत्पादक समूहों को कार्यशील पूंजी की राशि जिसमें दो उत्पादक समूह एवं दो स्वयं सहायता समूहों जिसमें 15 दीदी जुड़ी हुई है को पन्द्रह लाख का चेक दिया गया, पशु सखी को वितरित वैक्सीन बॉक्स के तहत जिसमें एक सौ सदस्य जुड़ी हुई है को इक्यानबे हजार चार सौ पचास रुपए का चेक, फूलो-झानों आशीर्वाद योजना अंतर्गत दो आजीविका संखी मंडल की दीदीयों को जिसमें 158 सदस्य शामिल है को पन्द्रह लाख अस्सी हजार का चेक दिया गया। वहीं श्रम विभाग के तहत प्रवासी श्रमिक योजना, मेधावी पुत्र/पुत्री छात्रवृत्ति योजना, मातृत्व प्रसुविधा योजना एवं अंत्येष्टि सहायता योजना अन्तर्गत कुल दो लाख दस हजार का चेक दिया गया। वहीं कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मण्डल, उप निदेशक सामाजिक-न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार उमेश कुमार राम, सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी, नगर परिषद अध्यक्ष गुंजा देवी, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, जफर खिजरी समेत पदाधिकारी, जन प्रतिनिधि, लाभुक उपस्थित थे।

बिरसा मुंडा के सपने को साकार कर रही है हेमंत सरकार : वैद्यनाथ राम

चंदवा में धूमधाम से मनायी गयी धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती

विधायक व अन्य अतिथियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

खबर मन्त्र संवाददाता

चंदवा। चंदवा-माल्हन-मैक्लुस्कीगंज पथ पर गुरीटांड स्थित भगवान बिरसा मुंडा स्मारक स्थल पर मंगलवार को स्वतंत्रता सेनानी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती धूमधाम के साथ मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत पाहन रामा मुंडा व जैलू पाहन के द्वारा विधिवत पूजन के साथ किया गया। विधिवत पूजन के उपरांत बतौर मुख्य अतिथ झामुमो के लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम, विशिष्ट अतिथि चंदवा बीडीओ विजय कुमार, लातेहार बीडीओ मेघनाथ उरांव, पड़हा राजा धनेश्वर उरांव, रामयश पाठक, बिस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझु, झामुमो नेता सितमोहन मुंडा, फादर जोसेफ एक्का समेत अन्य अतिथियों ने भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उन्हे नमन किया व उनके बताये पद चिन्हो पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर लातेहार विधायक वैद्यनाथ्र राम ने कहा कि कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में धरती आबा भगवान विरसा मुंडा ने अल्प समय में हीं अमिट स्थान बनाया है। उन्होने जल, जंगल और जमीन के लड़ाई के लिये आदिवासियों को संगठित कर अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ उलगुलान किया था। विधायक श्री राम ने युवाओं से अपील करते हुये कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी से प्रेरणा लेकर युवा समाज के विकास के लिए काम करें व समाज व्याप्त समस्याओं व कुरितियों को दूर करें।

भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करते विधायक व अन्य

इस दौरान हेमंत सरकार के द्वारा चलायी जा रही योजनाओं एवं कार्यो को लोगो के बीच रखते हुये विधायक वैद्यनाथ राम ने कहा कि हमारी सरकार गरीबों की सरकार है। सरकार गांव गांव जाकर विकास की गाथा लिख रही है। लंबे संघर्ष के बाद झारखंड राज्य बना है और आज आदिवासी बेटा राज्य का मुख्यमंत्री है। हमारे मुख्यमंत्री भगवान बिरसा मुंडा के सपने को साकार कर उनके सपने के अनुरूप झारखंड को गढ़ने का कार्य कर रही है। इसके पूर्व अतिथियों का पारंपरिक रिति-रिवाज के साथ स्वागत किया गया, उसके उपरांत माला पहनाकर एवं बैच लगाकर उन्हे सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर जतरा मेला का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सितमोहन मुंडा व बिनेश्वर उरांव ने किया। मौके पर राजकुमार साहू, बबन मुंडा, रामा पाहन, सुमन सुनिल सोरेंग, सकिंदर मुंडा, संजय दुबे, रामयश पाठक, बैजू मुंडा, जतरू मुंडा, बलकू मुंडा, मंजय उरांव, महेश उरांव, अनुप बड़ाईक समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

सीएम ने बारियातू में नवनिर्मित थाना भवन का किया ऑनलाइन उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

बारियातू। बारियातू नवनिर्मित थाना भवन का ऑनलाईन उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरने ने किया। इस मौके पर बारियातू में एसडीपीओ अजित कुमार सिंह, बालूमाथ इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार, बालूमाथ थानेदार प्रशांत प्रसाद, बारियातू टीओपी प्रभारी कुंदन कुमार ने सयुंक्त रूप से फीता काटकर व नारियल फोड़कर थाना का शुभारंभ किया। इस मौके पर पंडित जनार्दन पांडेय के द्वारा विधिवत पूजन भी करवाया गया। थाना उद्घाटन के पश्चात एसडीपीओ श्री कुमार ने उपस्थित प्रखंड वासियों से कहा कि बारियातू में नया थाना का उद्घाटन हो गया है। अब आप सभी को थाना से सम्बंधित किसी भी कार्य के लिए बालूमाथ नहीं जाना पड़ेगा। तीस वर्ष पूर्व जो भय आपके मन मे था वो बहुत हद तक दूर कर लिए है। आप सभी सहयोग करे। विधि व्यवस्था सहित सभी घटनाओं में विराम लगाना बड़ी बात नहीं है। थाना आप सभी का है। आप अपनी मर्जी से आये और थाना के सहयोग से सभी कार्य निष्पादित कराये। बालूमाथ इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार, थानेदार प्रशांत प्रसाद ने भी अपने अनुभव को साझा करते हुए सभी के सहयोग से करने का अपील किया। टीओपी प्रभारी कुंदन कुमार ने भी अपने एक वर्ष के कार्यकाल के अनुभव को साझा किया। थाना उद्घाटन के मौके पर प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी,उप प्रमुख निशा शाहदेव, सांसद प्रतिनिधि सतेंद्र सिंह,राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि रीगन कुमार सहित कई ग्रामीणों ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये। इधर बारियातू थाना के प्रथम थाना प्रभारी के रूप में मुकेश चौधरी ने अपना योगदान दिया। योगदान के पश्चात कहा कि बारियातू प्रखंड को अपराध व भयमुक्त बनाएंगे। विधि व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखेंगे। आमजन 24 घन्टे संपर्क कर सकते है। इसके ठीक पूर्व राज्य स्थापना दिवस के मौके पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बारियातू थाना भवन का ऑनलाइन उद्घाटन किया।

उद्घाटन करते पदाधिकारी

ग्रीन फील्ड एकेडमी में कई स्पर्धा आयोजित

चंदवा। चंदवा स्थित ग्रीन फील्ड सीनियर विंग परिसर में सोमवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती को बाल दिवस के रूप में धुमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बच्चों के बीच बिस्कुट रेस, पेंटिंग, फेस पेंटिंग, फैंसी ड्रेस कॉम्पटीशन, स्लो साइकलिंग आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिससे विद्यालय के बच्चे-बच्चीयों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत केक काटकर व पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र के समक्ष माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर लिया गया। इस दौरान विद्यालय के संचालक अरविंद सिंह ने पंडित नेहरू के जीवनी पर प्रकाश डाला व बच्चे से उनकी जीवनी से प्रेरणा लेने की बात कही। मौके पर विद्यालय परिवार से जुड़े लोग व काफी संख्या में विद्यार्थी मौजुद थे।

आजसू ने मनायी बिरसा मुंडा की जयंती

लातेहार। मंगलवार को आजसू पार्टी के द्वारा लातेहार आजसू कार्यालय में भगवान बिरसा मुंडा जयंती मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता अमित पाण्डेय ने की। वहीं श्री पांडेय ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी तथा जल, जंगल और जमीन के लिए अपनी आवाज बुलंद करने वाले क्रांतिकारी एवं झारखंड के वीर सपूत धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन तथा समस्त राज्यवासियों को जनजातीय गौरव दिवस की अनंत शुभकामनाएं दी।

श्योर सक्सेस सेंटर में मनाया गया बाल दिवस कार्यक्रम

मनिका। मनिका प्रखंड मुख्यालय के एस०बी०आई० रोड स्थित श्योर सक्सेस सेन्टर में बाल दिवस धूमधाम से मनाई गई। पंडित जवाहर लाल नेहरू जी के तस्वीर पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।संस्थान निदेशक दीपक कुमार ने बताया कि आज के बच्चे राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले हैं। उन्हें हर तरह से हमें तैयार करना है। उन्हें हर क्षेत्र में आगे लाने की आवश्यकता है। इस मौके पर बच्चों के बीच भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

आम लोगों को कठिनाई न हो इसके लिए पुलिस विभाग है तत्पर : डीआइजी

- पुलिस कर्मियों को कार्य करने में होगी सहूलियत: दिलु लोहरा
- सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित है भवन

खबर मन्त्र संवाददाता

छिपादोहर/बरवाडीह। झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने छिपादोहर में नवनिर्मित थाना भवन का ऑनलाइन उदघाटन किया। लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत छिपादोहर में नवनिर्मित थाना भवन के ऑनलाइन उदघाटन में बतौर मुख्य अतिथि पलामू डीआईजी आरके लकड़ा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहरा, प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय और सर्किल इंस्पेक्टर सीएस चौधरी सहित उपस्थित सभी अधिकारी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग उदघाटन समारोह के साक्षी बने। जहां डीआईजी आरके लकड़ा ने कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नवनिर्मित थाना भवन सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस है। इस खूबसूरत इमारत की तरह हम सभी पुलिस वालों को अपने आचरण को भी खूबसूरत और जनता के प्रति नरम बनाना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि आम लोगों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो इसके लिए पुलिस विभाग हमेशा तत्पर रहता है।

उदघाटन समारोह में उपस्थित प्रशासनिक पदाधिकारी व अन्य

जनता को सुरक्षा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है सरकार: राकेश सहाय : एसडीपीओ दिलु लोहरा ने कहा कि नव निर्मित भवन में पर्याप्त संख्या में कार्यालय कार्य एवं आवासन हेतु कमरों के साथ-साथ सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित है। जिससे थाना प्रभारी को कार्य करने में सहूलियत होगी तथा आंगतुकों, आमलोगों को भी सुविधा होगी। बीडीओ राकेश सहाय ने कहा कि सरकार जनता को हर प्रकार की सुरक्षा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बिना जन सहयोग के अपराध नियंत्रित नहीं किया जा सकता है।

कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोग : इधर थाना भवन के उदघाटन के पूर्व डीआईजी आरके लकड़ा को पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। वहीं मुख्यमंत्री द्वारा ऑनलाइन उदघाटन का लाइव प्रसारण भी लोगों के लिए किया गया था। उदघाटन होते ही अधिकारियों और उपस्थित लोगों के द्वारा ताली बजाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया।

जिसके बाद मुख्य गेट पर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना और नारियल फोड़कर अधिकारियों ने नए भवन में प्रवेश किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, वरिष्ट नेता रविंद्र राम, मुखिया वेरोनिका कुजूर, उप मुखिया दीपा देवी, थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह, छिपादोहर थाना प्रभारी विश्वजीत तिवारी, मनिका थाना प्रभारी सुभम कु.गिरी, समाजसेवी श्रवण सिंह, नजाम अंसारी, भाजपा नेता रामधनी सिंह, सुनील सिंह, दीपक तिवारी, सतीश यादव, कृष्णा प्रसाद, राजू प्रसाद, चंदन कुमार गुप्ता, मुसाफिर यादव, अशोक प्रसाद और दीपक प्रसाद समेत सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद थे।

छिपादोहर में नये थाना भवन का सीएम ने किया ऑनलाइन उदघाटन

एक नजर में

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में झारखंड स्थापना दिवस के साथ जनजातीय गौरव दिवस भी मनाया

बारियातु। प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में भैया बहनों ने हर्षोल्लास के साथ धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती व झारखंड स्थापना दिवस के साथ जनजातीय गौरव दिवस भी मनाया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि मनोहर भगत विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पलामू विभाग संघचालक जानकीनंदन राणा, विद्यालय के अध्यक्ष किशोर प्रसाद, पूर्व मुखिया प्रमोद उरांव, समाज सेवी झुलन भगत, अभिभावक रमेश उरांव, प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने संयुक्त रूप से मां शारदे व भगवान बिरसा मुंडा जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया । झारखंड स्थापना दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती के अवसर पर भैया बहनों ने झारखंडी लोक नृत्य एवं भगवान बिरसा मुंडा का आकर्षक झांकी प्रस्तुत किया गया साथ ही झूमर एवं झारखंड आधारित स्वागत गीत के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से उपस्थित मुख्य अतिथियों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। अतिथि परिचय प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम एवं मंच संचालन आचार्य लवकेश उपाध्याय ने किया। भगवान बिरसा मुंडा का जीवन परिचय आचार्य लक्ष्मण राम ने किया। अंत में वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। मौके पर सभी आचार्य, दीदी एवं भैया बहन उपस्थित थे।

सरयू प्रखंड कार्यालय में बिरसा मुंडा जयंती व झारखंड स्थापना दिवस मनाया गया

सरयू। नवसृजित सरयू प्रखंड कार्यालय समेत घासीटोला पंचायत, चोरहा पंचायत, गनेशपुर पंचायत सचिवालय में मनाया गया भगवान बिरसा मुंडा जयंती व राज्य स्थापना दिवस। वहीं सरयू प्रखंड विकास पदाधिकारी सालखु हेम्ब्रम ने तथा मुखिया प्रमिला देवी, अंकित देवी, पंचायत सेवक जितेन्द्र कुमार पाठक, रोजगार सेवक मुनेश्वर सिंह समेत अन्य पंचायत के कर्मियों ने भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर जन्मदिवस मनाया गया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी सालखु हेम्ब्रम ने बताया की भगवान बिरसा मुंडा जी का जन्मदिन 15 नवंबर 1875 में आज ही के दिन हुआ था। उन्होंने बताया कि झारखंड प्रदेश बिहार राज्य 15 नवंबर को अलग होकर बना था। जिसके लेकर राज्य स्थापना दिवस आज ही के दिन मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जी अंग्रेजो के खिलाफ जल जंगल जमीन और अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ अनेकों आंदोलन किए थे। झारखंड राज्य के रक्षा के लिए उन्होंने 25 साल के उम्र में जेल भी जाना पड़ा और लंबी बीमारी के कारण उनकी मृत्यु हो गई। आज पूरा देश बिरसा मुंडा के द्वारा की गई कार्यों को याद किया जाता हैं। जिसको लेकर देश भर में भगवान बिरसा मुंडा जी का जयंती मनाई जाती है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सालखु हेम्ब्रम, चोरहा पंचायत के मुखिया अंकिता, घासी टोला पंचायत के मुखिया, प्रमिला देवी, पंचायत सेवक जितेन्द्र कुमार पाठक, रोजगार सेवक मुनेश्वर सिंह, वार्ड सदस्य आशा कुमारी, दिक्कू सिंह समेत अन्य ग्रामीण कार्तिक उरांव, सुरेश सिंह, रोहित उरांव मौजूद थे।

मनिका प्रखंड में भाजपा ने धूमधाम से मनाई भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

मनिका। मनिका प्रखंड अंतर्गत स्थित भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्यालय मनिका में दिन मंगलवार को,मंडल महामंत्री धर्मजीत राय के अध्यक्षता में,भगवान बिरसा मुंडा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के शुरूआती सभी कार्यकताओं ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकित कुमार गोलू के द्वारा किया गया। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता भरत प्रसाद,गंगा प्रसाद यादव,रघुपाल सिंह,महेश सिंह,विश्वनाथ राय,कौशल किशोर प्रसाद,पंकज यादव,शंभू प्रसाद,सुमंत यादव,संदीप उरांव,विनोद यादव,देवधारी उरांव,धीरेंद्र यादव,बिट्टू कुमार,वृंदा देवी,पचु प्रसाद,बिरजू सिंह,प्रेमनाथ यादव,हीरा सिंह,अनिल यादव,समेत कई लोग उपस्थित थे।

इंटक की अगुवाई में मजदूरों ने चकला प्लांट के पास दिया धरना, मजदूरी भुगतान की मांग

चंदवा। बंद पड़े अभिजीत ग्रुप के मुख्य द्वार में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के निर्देश पर स्थानीय मजदूरों ने एक दिवसीय धरना देकर अपनी मजदूरी भुगतान की मांग की साथ हीं मजदूरों ने अभिजीत प्लांट से नियमों को ताक में रखकर स्क्रैप निकाले जाने का आरोप लगाते हुए आक्रोश व्यक्त किया। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शीतल साहू ने कहा कि कंपनी स्थानीय मजदूरों को दरकिनार कर बाहर के मजदूरों से स्क्रैप निकालने का काम कर रही है। स्थानीय दबंगों के द्वारा अभिजीत पावर प्लांट के महंगे उपकरणों को कूड़े के दाम में बेचा जा रहा है। उन्होंने समस्याओं को लेकर जल्द राजसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू को अवगत कराने की बात कही है। मजदूर हित को लेकर धरना प्रदर्शन करने वालों में पवन वर्मा, अख्तर खान ,शिवकुमार राम, रामचंद्र साहू ,हारून राशिद सुनीता देवी ,सीता देवी, आशा देवी ,प्रतिमा देवी सुशीला देवी ,मंजू देवी सुनीता देवी समेत सैकड़ों मजदूरों के नाम शामिल है।

कई प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

मनिका। मनिका प्रखंड मुख्यालय के एसबीआई रोड अंतर्गत स्थित एवरेस्ट कोचिंग सेंटर में 15 नवंबर मंगलवार को झारखंड के स्थापना दिवस एवं बिरसा मुंडा जयंती के शुभ अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से केक काटकर एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया। और झारखंड के स्थापना दिवस के अवसर पर एक दूसरे को बधाई दिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए क्विज प्रतियोगिता, संगीत एवं भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें कई विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और विजेता बने। भाषण प्रतियोगिता में जाविद कुमार एवं संगीत प्रतियोगिता में आरती कुमारी प्रथम स्थान प्राप्त किए।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। बालूमाथ मंडल कार्यालय एवं प्रखंड कार्यालय परिसर में मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा के अध्यक्षता में भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती धूम धाम से मनाई गई। सर्व प्रथम भगवान बिरसा मुंडा जी के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके पुष्प अर्पित कर सत सत नमन करते हुए मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने उनके विचारों पर रोशनी डालते हुए कहा की उनके त्याग और बलिदान के वजह से आज झारखंड के लोगो को उनका हक मिला है। पूर्व विधायक ने कहा की बिरसा मुंडा जी ने अंग्रेजो को लोहे के चने चबाने को मंजबूर कर दिया उनके वार के आगे अंग्रेज सैनिक धूल खाते भाग खड़े होते थे। मौके पर पूर्व विधायक प्रकाश राम, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, जिला कार्यसमिति संजय यादव, ओबीसी जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील पांडे, मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता, जिला कार्यसमिति पप्पू सिन्हा, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज शाह, भाजयुमो सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र प्रसाद, किसान मोर्चा जितेंद्र प्रसाद, अखिलेश पटाक, रविंद्र गुप्ता, विजय प्रसाद, पिंटू नायक, सरवन यादव, विजय गुप्ता, महावीर तुरी समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जयंती मनाते भाजपा कार्यकर्ता

बिरसा मुंडा की जयंती व झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर विकास मेला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। झारखंड राज्य स्थापना दिवस के मौके पर मंगलवार को स्टेशन रोड स्थित टॉउन हॉल में विकास मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विधायक वैद्यनाथ्र राम ने किया। जहां विधायक बैद्यनाथ राम ने वकास मेला के उदघाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि लातेहार जिला में पर्यटन की अपार संभावनायें हैं। यहां की नैसर्गिक खुबसूरती लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है। इसके अलावा खनिज संपदा की प्रचुरता है। उन्होने आगे कहा कि झारखंड अगल राज्य गठन होने के एक साल बाद पलामू से अलग हो कर लातेहार नया जिला बना। जिला बनने के बाद लातेहार काफी विकास किया है। उन्होने कहा कि झारखंड सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम काफी सफल रहा। काफी संख्या में ग्रामीणों ने इसका लाभ उठाया। उन्होने सरकार के द्वारा चलायी जा रही सावित्रीबाइ फुले किशोरी समृद्धि योजना की जानकारी दी। इस योजना का मुख्य उदेश्य स्कूलों से ड्राप आउट व बाल विवाह को रोकना है। विधायक ने कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना व मुख्यमंत्री पशुधन योजना समेत अन्य सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होने कहा कि हमें अपनी पांरपरिक संस्कृति व पहचान को बचा कर रखना है।

परिसंपत्ति का वितरण करते विधायक व अधिकारी

जिले को जल्द मिलेगी मेडिकल कॉलेज की सौगात: डीसी

उपायुक्त भोर सिंह यादव ने कहा कि झारखंड बनने के इन 22 सालों में काफी परिवर्तन आया है। उन्होने बताया कि लातेहार में आगामी दो साल में बाईपास सड़क बनाने का कार्य तकरीबन पूरा हो जायेगा। उन्होने कहा कि लातेहार में एक मेडिकल कॉलेज खोलने की प्रकिया चल रही है। जमीन चयन का कार्य तकरीबन पूरा हो गया है। कहा कि लातेहार में टूरिज्म की काफी संभावनायें है, इसे देखते हुए स्थानीय युवक व युवतियों को प्रशिक्षण दे कर रोजगार उपलब्ध कराने की योजना तैयार की जा रही है। उन्होने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में जिले में तकरीबन डेढ़ लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं और इनमें से 80 हजार आवेदनों को निष्पादित कर दिया गया है। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी व आईटीडीए निदेशक बिंदेश्वरी ततमा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, जिला समाज कल्याण, पेयजल आपूर्ति विभाग समेत अन्य विभागों के द्वारा नियुक्ति पत्रों का वितरण किया। विधायक श्री राम व उपायुक्त श्री यादव समेंत अन्य अतिथियों ने अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में परिसंपतियों का भी वितरण किया गया। मौके पर उपायुक्त भोर सिंह यादव, एसपी अंजनी अंजन, उप विकास आयुक्त सुरेंद्र कुमार वर्मा, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोतिनाथ नाथ शाहदेव, नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामनी तिर्की, जिप उपाध्यक्ष अनिता देवी, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरूण कुमार दुबे, एसडीओ शेखर कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी बंधन लांग, एनडीसी शिवेंद्र कुमार, प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा, बीडीओ मेघनाथ उरांव, अंकित पांडेय, वीरेंद्र पाठक व रंजीत कुमार आदि उपिस्थत थे। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कला दलों के द्वारा पांरपरिक आदिवासी लोक नृत्य व गीत प्रस्तुत किया गया।

धनबाद:बिरसा मुंडा ने बदल दी थी आदिवासियों की दशा और दिशा

झारखंड स्थापना दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनी

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। भगवान बिरसा मुंडा की 147वीं जयंती तथा झारखंड राज्य के 22 वें स्थापना दिवस के अवसर पर बैंक मोड़ स्थित बिरसा मुंडा चौक पर स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने धरती आबा के चरणों में पुष्पांजलि देकर तथा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद उपायुक्त ने समस्त जिले वासियों को झारखंड राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि भारतीय इतिहास में भगवान बिरसा मुंडा एक ऐसे नायक थे जिन्होंने अपने क्रांतिकारी चिंतन से उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में आदिवासी समाज की दशा और दिशा बदलकर नवीन सामाजिक और राजनीतिक युग का सूत्रपात किया। इस अवसर पर उपायुक्त संदीप सिंह, एसएसपी संजीव कुमार, डीडीसी शशि प्रकाश सिंह, अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता, निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद, ग्रामीण एसपी रेष्मा रमेशन, एसडीओ प्रेम कुमार तिवारी, नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार, डीपीओ महेश भगत, कार्यपालक दंडाधिकारी सुशांत मुखर्जी, अमर प्रसाद, अंशु पांडेय, शहीद बिरसा मुंडा स्मारक स्मृति संचालन समिति के संयोजक महादेव हांसदा, जे.पी. वालिया समेत बड़ी संख्या में लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित कर और उनकी प्रतिभा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।बैंक मोड़ के बाद पुलिस हाउस में स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर उपायुक्त, एसएसपी सहित अन्य पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

धरती आबा को नमन कर मनाया झारखंड स्थापना दिवस

सिन्दरी । बिरसा समिति सिन्दरी प्रांगण में झारखंड स्थापना दिवस व धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती को क्रांति दिवस के रूप में मनाया गया। लखी सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत बीआईटी सिन्दरी निदेशक डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह, एसीसी प्लांट निदेशक अतुल दत्ता, पूर्व विधायक आनंद महतो व अबुंज मंडल द्वारा धरती आबा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हुआ। समिति संस्थापक आनंद महतो ने बिरसा के उलगुलान विद्रोह को आदिवासी अस्मिता, स्वतंत्रता और संस्कृति बचाने का संग्राम बताया। इसके लिए एकजुटता जरूरी है। अंबुज मंडल ने कहा कि क्रांतिकारी बिरसा मुंडा ने आदिवासियों को अँग्रेजी सरकार के खिलाफ एकजुट कर उलगुलान का बिगुल फूँककर अद्भुत साहस दिखाया था। वरिष्ठ नेता सुरेश प्रसाद ने कहा कि धरती आबा ने अपने जीवन में स्वाभिमान व सामाजिक न्याय का अद्भुत पाठ पढ़ाया। इस मौके पर क्रिकेट में राष्ट्रीय व राजकीय स्तर पर अपना स्थान सुनिश्चित करने वाली झारखंड की बिटिया दुर्गा कुमारी महतो व रामा कुमारी महतो को बिरसा समिति ने सम्मानित किया। वहीं टीएमसी के चीफ इंजीनियर सुखदेव महतो ने राज्य स्तर के क्रिकेट खिलाड़ियों सुनीता कुमारी मुर्मू, पुष्पा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी मुर्मू, उर्मिला कुमारी, नेहा कुमारी, सीमा हेम्ब्रम व कोच श्री राम दूबे को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

एक नजर में

विधायक ने किया पीसीसी सड़क का शिलान्यास

पुटकी। मुनिडीह महतो बस्ती में ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, धनबाद जिलान्तर्गत मुनिडीह बस्ती महतो टोला से छातांटाँड़ बस्ती तक 1.13 किलोमीटर तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास धनबाद विधायक राज सिन्हा ने नारियल फोड़ कर किया।ओर कहा कि आज का दिन बहुत शुभ दिन है आज हमारा झारखण्ड 22 वर्ष का हो गया।और झारखंड स्थापना दिवस भी पूरा राज्य मना रहा है।और स्थापना दिवस पर विकाश के काम के लिये सड़क का शिलान्यास कर रहे है।हमारी ओर से राज्य वासियो को झारखंड स्थापना दिवस पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते है। वही मोके पर धनबाद प्रखंड प्रमुख आरती देवी,मुखिया मनोज सिंह, चक्रधर महतो,राजू सिंह,मनोज मालाकार आदि गण्यमान्य लोग मौजूद रहे।

विश्व पर्यावरण दिवस के विजेता सम्मानित

बेरमो। पर्यावरण दिवस के अवसर पर सीसीएल ढोरी एरिया द्वारा चित्रांकन और भाषण प्रतियोगिता के विजेता को मंगलवार को चपरी रेस्ट हाउस मा प्रमाण पत्र देकर उपहार और प्रमाण पत्र सम्मानित किया गया। जीएम मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा हमलोगों को पर्यावरण को सुरक्षित रखने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन प्रक्षेत्र के पर्यावरण पदाधिकारी गौरव कुमार ने किया। मौके पर एसओपी प्रतुल कुमारएएएडीओसीएम कुमार सौरभए एसओएम बी पी गुप्ताए एसओइएंडएम जयशंकर प्रसादएएसओ सेफ्टी अरविंद कुमार शर्माए एसओ सिविल उज्जवल कुमारए सीएसआर अधिकारी शैलेश प्रसादए एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर सीताराम उइकेए पर्यावरण पदाधिकारी गौरव कुमारए क्षेत्रीय में मटेरियल पदाधिकारी कुदन कुमारए तौकीर आलमएसहित श्रमिक संगठन के रवीन्द्र कुमार मिश्राए कुमार सिंहए ओमशंकर सिंहए कुंजबिहारी प्रसादए जयनाथ मेहता आदि उपस्थित थे।

दोहरा बिजली बिल आने पर विभाग को मिला सुधार का निर्देश

बोकारो/कसमार। कसमार प्रखंड के कसमार पंचायत में आयोजित शिविर में नोडल पदाधिकारी मनीषा वत्सए प्रमुख नियोती कुमारीए कसमार बीडीओ विजय कुमारए सीओ प्रदीप कुमार शुक्लाए जिप सदस्य अमरदीप महाराज मुखिया रईस कौशरए पंसस मंजू देवीए रवि कुमारए आदि मौजूद थे।शिविर में कई आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी हुआ। अनेक कल्याणकारी योजनाओं का आवेदन लाभुकों से लिया गया।शिविर में पहुंचे गोमिया के विधायक लंबोदर महतो एवं पूर्व विधायक सह राज्य सरकार के समन्वय समिति के सदस्य योगेंद्र महतो ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया। विधायक लंबोदर ने जहां सरकारी परिसंपत्तियों का वितरण किया तो पूर्व विधायक योगेंद्र ने वन विभाग के कर्मियों का शिविर में नहीं पहुंचने पर बोकारो डीएफओ से शिकायत की। वहीं गर्री एवं कसमार के कुछ बिजली उपभोक्ताओं का दोहरा बिजली बिल देने पर सुधार करने निर्देश विद्युत विभाग के कर्मियों को दिया गया।शिविर में कई विभागों के स्टाल लगाकर जरूरतमंदों से आवेदन लिया गया।

बलियापुर थाना क्षेत्र में मिला युवक का शव

खबर मन्त्र संवाददाता

बलियापुर। बलियापुर थाना क्षेत्र के प्रधानखंता पंचायत स्थित गोपीनाथडीह माझी टोला में मंगलवार की सुबह 24 वर्षीय पार्थो बनर्जी उर्फ बाटूल बनर्जी नामक युवक का शव मिला है।शव की खबर फैलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शंका व्यक्त की जा रही है कि हत्या की गई है। बलियापुर पुलिस तफ्तीश में जुटी हुई है। गांव के ग्रामीणों ने जानकारी दी मुखिया पति कन्हाई बनर्जी ने घटना स्थल पर पहुंचे। वहां कच्ची सड़क किनारे पार्थो का शव पड़ा था। फिर बलियापुर थाना प्रभारी को सूचना दी. विगत सोमवार को शाम 5 बजे घर से निकला था। वापस नहीं लौटने पर काफी खोजबीन की। किंतु पता नहीं चला। दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

आसपास ग्रामीणों से पूछताछ के दौरान बताया कि युवक प्रधानखंता पंचायत के नारायण कुल्ही निवासी आनंद बनर्जी का इकलौता सहारा था। शव से कुछ ही दूरी पर शराब बेचने वाले शेखर नामक आदिवासी के घर के समीप खून के धब्बे पाए गए हैं। उसके घर में युवक का उठना बैठना था। वह कभी कभार शराब का सेवन भी करता था। उसके सिर, हाथ और सीने में गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं। पूछताछ के लिए बलियापुर पुलिस एक व्यक्ति को थाना ले गई है। थाना प्रभारी पंकज वर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होता है। मामले की तफ्तीश की जा रही है। आवेदक की लिखित शिकायत पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

झरिया: भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश आईटी सेल प्रभारी ने उठाई मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

झरिया। झरिया विधानसभा जामाडोबा स्थित नए डिग्री कॉलेज को लेकर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश आईटी सेल प्रभारी बप्पी बाउरी ने प्रेस के माध्यम से यह मांग उठाया है कि झरिया के डिग्री कॉलेज का नाम संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ भीम राव आंबेडकर के नाम से होना चाहिए। बप्पी बाउरी ने कहा कि आगामी 26 नवंबर को संविधान दिवस है और उस दिन संविधान के अनुसार शासित है। जिसे संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर 1949 को ग्रहण किया गया तथा जो 26 जनवरी 1950 को प्रवृत्त हुआ। संविधान के निमार्ता बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के नाम से इस डिग्री कॉलेज को समर्पित करना चाहिए। इसकी घोषणा के लिए संविधान दिवस से बेहतर दिन और नहीं हो सकता। इस बाबत झारखंड के राज्यपाल को भी पत्र लिखा जाएगा। कहा कि राज्यपाल, मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को पत्र लिखूंगा। अगर जरूरत पड़ी तो धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह के माध्यम से लोकसभा, विधायक राज सिन्हा व विधायक अमर बाउरी के माध्यम से विधानसभा में यह उठाया जाएगा। भाजपा नेता बप्पी बाउरी ने कहा कि छह वर्ष पूर्व भाजपा की सरकार ने पूरे झारखंड में 38 नए डिग्री कॉलेज खोलने को तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने इसे मंजूरी दी थी।

झामुमो के युवा नेताओं ने मनायी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। मंगलवार को धनबाद विधानसभा अंतर्गत झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा जिला उपाध्यक्ष आकाश रवानी के बैंक मोड़ एसी मार्केट स्थित कार्यालय प्रांगण में भारत के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी जिन्होंने अल्पायु में अपनी शहादत देकर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ बिगुल फूंकने का काम किया भगवान बिरसा मुंडा के जयंती के शुभ अवसर पर उन्हें पुष्प माला चढ़ाकर जयंती मनाई गई। एवं इस मंगल अवसर पर झारखंड के स्थापना दिवस एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर उत्सव के रूप में मनाया गया। आकाश रवानी ने कहा कि आज झारखंड बेशक जवानी की दहलीज में कदम रख चुका है लेकिन जिस आशा और विश्वास के साथ झारखंडियों ने झारखंड अलग राज्य की स्थापना की थी वह अभी तक अधूरा है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड प्रगति की राह पर चल पड़ा है और अब ऐसा प्रतीत हो रहा है कि आने वाले दिनों में झारखंड उस लक्ष्य को भी प्राप्त कर लेगा जो हमारे झारखंड के शहीदों ने सपना देखा था। मौके पर झामूमो नेता मोहम्मद जमशेद आलम, स्पीच एंड डिवाइन के निर्देशक मोहम्मद मोइन अंसारी, काजल कुमारी, सोनाली गुप्ता, शुभम महतो दिनेश मंडल, अवध बिहारी, असलम अंसारी, सोहराब अंसारी, आलोक चक्रवर्ती, एसके सिंह, सोमनाथ पासवान, कृष्णा यादव, एवं अन्य उपस्थित थे।

दिव्यांग बच्चों ने मनाया झारखंड स्थापना दिवस

धनबाद। मंगलवार को जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम में झारखंड स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। पहला कदम स्कूल के लिए सौभाग्य की बात है कि झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर पहला कदम स्कूल के प्रांगण में आगमन हुआ सीआईएसएफ बीसीसीएल क्राइम ब्रांच से असिस्टेंट कमांडेंट एल. गौतम का जो कि बच्चों को झारखंड स्थापना दिवस की बधाई देने इंस्पेक्टर विनय कु. झा के साथ आये। स्कूल की गतिविधियों को नजदीकी से देख स्कूल के प्रयासों की तारीफ करते हुए कहा कि इस तरह के नेतृत्व में ही दिव्यांग हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहे है। इस अवसर पर अतिथियो द्वारा बढ़ती हुई ठंड को देखते हुए दिव्यांग बच्चों के उपयोग हेतु गर्म स्वेटर और टोपी का वितरण के साथ चॉकलेट भी बांटी गई। सचिव अनिता अग्रवाल के हाथों गौतम सर को दुपट्टा ओढ़ाकर मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। अतिथियो ने भविष्य में भी पहला कदम स्कूल के बच्चों का साथ निभाने का वादा किया। पहला कदम परिवार ने एल. गौतम की टीम का उनके सहयोग हेतु आभार प्रकट किया।

एनडी ग्रोवर की जयंती पर प्रार्थना सभा

खबर मन्त्र संवाददाता

बेरमो/कथारा। बेरमो के कथारा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल मे स्थापना दिवस के मौके पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिस कार्यक्रम मे सर्वप्रथम बिरसा मुंडा जी एवं नारायण दास ग्रोवर जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कक्षा ग्यारहवीं के छात्रा राबिया हक ने इन विशिष्ट व्यक्तित्व के जीवन पर प्रकाश डाला। कक्षा ग्यारहवीं कॉमर्स की छात्रा उमेरा अंजुम ने झारखंड स्थापना दिवस बिरसा मुंडा जयंती एवं कर्मयोगी महात्मा एनडी ग्रोवर जी के जीवन पर प्रश्नोत्तरी प्रस्तुत की। बच्चों से इनके जीवन एवं झारखंड राज्य आधारित प्रश्न पूछा गया जिसमें बच्चों ने बहुत ही उत्साह के साथ सभी प्रश्नों का उत्तर दिया। धर्म गुरु श्री तेजो मित्र पाठक ने प्रार्थना सभा में इन विशिष्ट व्यक्तियों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा इनके जीवन से हमें त्याग एबलिदान और विनम्रता सीखनी चाहिए । प्राचार्य विपिन राय ने आज के दिन की बधाई देते हुए इन महान आत्माओं को नमन किया। इस अवसर पर एक हवन का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा नवम के विद्यार्थी एवं शिक्षक ने भाग लिया।

डीआइ और महिला समिति ने बांटे पुरस्कार

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट के शिक्षा विभाग के तत्वावधान में एचआरडी सेंटर में एक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में सीईओ ;बीपीएससीएलद्ध के के ठाकुर समेत ईडी संजय कुमारए एस रंगानीएए श्रीवास्तवए चितरंजन महापात्राएजे दास गुप्ताएविभिन्न विभागों के सीजीएमएवरीय अधिकारी तथा विभिन्न विद्यालयों के बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।मुख्य अतिथि ने विभिन्न बीएसएल स्कूलों के बच्चों को विभिन्न विधाओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए 59 को श्रेष्ठ स्टूडेंट अवार्डए 16 को विशिष्ट अवार्ड तथा 6को मेधावी अवार्ड से सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शिफा अख्तर व विजया लक्ष्मी ने तथा श्रीमती पी एम नायर ने धन्यवाद ज्ञापन किया।एक अन्य कार्यक्रम में बोकारो महिला समिति की अध्यक्षए उपाध्यक्ष तथा कार्यकारिणी के सदस्यों ने समिति द्वारा संचालित बाल मंदिर तथा सौरभ शिशु मंदिर के बच्चों के बीच उपहार एवं फूड पैकेट वितरित किया।

मंत्री जगन्नाथ महतो ने राज्य स्थापना दिवस की दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। सेक्टर पांच स्थित बोकारो क्लब में राज्य स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सूबे के मंत्री जगरनाथ महतो शामिल हुए। मौके पर उपायुक्त कुलदीप चौधरीए पुलिस अधीक्षक चंदन झाए उप विकास आयुक्त कीर्ति श्री जीण्ए सीआरपीएफ कमांडेंट कमलेंद्र प्रताप सिंहए एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावतए सांसद धनबाद लोकसभा क्षेत्र प्रतिनिधि आर एन ओझाए पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष हीरालाल मांझी आदि जनप्रतिनिधिगण ध्विशिष्ट अतिथिगण उपस्थित थे। अपने संबोधन में मंत्री जगरनाथ महतो ने कहा कि आज भगवान बिरसा मुंडा की जयंती हैं। साथ ही आज राज्य का स्थापना दिवस भी है। उन्होंने दोनों के लिए जिला वासियों को बधाई दी। कहा कि राज्य सरकार द हेमंत सरकार ने पिछले तीन वर्षों में केवल काम किया है। सभी विभागोंध्परियोजनाओं में काम हुआ है और सभी के लिए काम हुआ है।पिछले दिनों माननीय मुख्यमंत्री के बोकारो आगमन पर जिले में कुल 542ण्00 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटनध्शिलान्यास एवं 34ण्00 करोड़ की परिसम्पति का वितरण किया गया था। पुनः आज राज्य स्थापना दिवस पर इस कार्यक्रम के माध्यम से 119ण्74 करोड़ की कुल 61 योजनाओं का उद्घाटनध्शिलान्यास तथा 73ण्00 करोड़ की परिसम्पति का वितरण किया गया।

भगवान बिरसा के बताये मार्ग पर चलें

उन्होंने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। माननीय मंत्री ने जिले के अधिकारियों के कार्य द कर्तव्य पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी को बधाई दी एवं आगे भी अपने दायित्वों का निर्वाहन करने करने की बात कहीं।मौके पर उपायुक्त श्री चौधरी ने कहा कि आज का दिन दोहरी खुशी का दिन है। हमें भगवान बिरसा के द्वारा दिखाए गए मार्ग को आत्मसात करने की जरूरत हैं और ऐसा हम करने का संकल्प लेते हैं।मौके पर विभिन्न स्कूली छात्र द छात्राओं द्वारा संथाली नागपुरी हिंदी संगीत पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।लोक जागरण परसा सांस्कृतिक दल सुषमा नाग की टीम द्वारा नागपुरी झुमर नृत्य द संगीत प्रस्तुत किया। संगीत कला अकादमी बोकारो द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया। मौके पर जिला प्रशासन के सभी पदाधिकारीध्कर्मी विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के जिलाध्यक्ष प्रतिनिधि आम जनता मौजूद थी।

पेज एक का शेष

भगवान भरोसे नहीं ...

250 युवाओं को जेपीएससी के माध्यम से अफसर की नौकरी मिली है। इनमें 30-32 बच्चे तो बीपीएल परिवार से थे।

ऐतिहासिक मायने रखती है 11 नवंबर की तारीख : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के लिए 11 नवंबर का दिन बहुत ही ऐतिहासिक दिन रहा है। 11 नवंबर के दिन ही सीएनटी कानून बना था। 11 नवंबर के दिन ही सरकार ने सरना धर्म कोड विधेयक को विधानसभा से पारित किया था। 11 नवंबर के दिन ही हमारी सरकार ने 1932 खतियान आधारित स्थानीयता और नियुक्ति तथा सेवाओं में आरक्षण वृद्धि का विधेयक पारित करने का काम किया है। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन, ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम, श्रम नियोजन तथा प्रशिक्षण विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के महासचिव अविनाश पांडेय, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, पुलिस महानिदेशक नीरज सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, कार्मिक सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

इस मौके पर कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय, मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता और राज्यसभा सदस्य महुआ माजी समेत तमाम नेताओं ने हेमंत सोरेन सरकार के कामकाज की जम कर तारीफ की।

उलिहातू तीर्थ यात्रा...

सुखराम मुंडा ने बताया कि राष्ट्रपति ने उनसे स्थानीय आदिवासी भाषा मुंडारी में बात की। मालूम हो कि पिछले साल से केंद्र सरकार बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मना रही है। वीर बिरसा मुंडा की जन्मस्थली, जिसे लोग स्थानीय भाषा में 'बिरसा ओड़ा' कहते हैं, वहां सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंच रहे हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को इस राज्य की पहली महिला राज्यपाल होने का भी गौरव प्राप्त है। द्रौपदी मुर्मू का झारखंड में छह साल एक माह अठारह दिनों का कार्यकाल रहा। वे इस दौरान विवादों से बेहद दूर रहीं। बतौर कुलाधिपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने कार्यकाल में झारखंड के विश्वविद्यालयों के लिए चांसलर पोर्टल शुरू कराया। विश्वविद्यालयों के कॉलेजों के लिए एक साथ छात्रों का ऑनलाइन नामांकन शुरू कराया। विश्वविद्यालयों में यह नया और पहला प्रयास था। राज्य राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम ऐसे कई बेहतरीन फैसले दर्ज हैं।

टाना भगत को भी 12 किलोमीटर पहले रोका : झारखंड के कई जिलों से लगभग 30 की संख्या में हर साल टाना भगत पहुंचते हैं। इस बार भी टाना भगत पहुंचे हैं। उन्हें भी भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू से 12 किमी पहले रोक दिया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के झारखंड दौरे के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इतंजाम किये गये हैं। उलिहातू में कार्यक्रम की कवरेज करने पहुंचे पत्रकारों को सुरक्षा की दृष्टि से कार्यक्रम स्थल से 12 किमी पहले ही रोक दिया गया है। राष्ट्रपति के कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों को विशेष पास दिया गया है।

सीएम हेमंत ने ...

जानकारी के अनुसार सीएम हेमंत सोरेन ने इडी से 17 की जगह 16 नवंबर को ही बुलाने की अपील की थी। वह 16 नवंबर को ही इडी दफ्तर जा कर उसके सवालों का जवाब देना चाह रहे थे। इडी ने तकनीकी कारणों का हवाला देकर उनकी अपील नहीं मानी। हालांकि सीएम के पत्र को लेकर कोई भी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

स्पीड न्यूज

झारखंड स्थापना दिवस पर भगवान बिरसा को श्रद्धांजलि

बोकारो। झारखण्ड की अस्मिता के संघर्ष के प्रतीक भगवान बिरसा मुंडा की जयन्ती पर बोकारो स्टील के निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाशए ईडी संजय कुमारए सुरेश रंगानीए अमिताभ श्रीवास्तवए चितरंजन महापात्राए जे दास गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने नया मोड़ पर स्थापित भगवान बिरसा की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर निदेशक प्रभारी ने कहा कि वीर बिरसा मुंडा की जीवनी और उनके आदर्श हमें चुनौतियों का सामना करने और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेणना देता रहेगा। उन्होंने सभी को बिरसा जयंती और झारखंड स्थापना दिवस की बधाई भी दी।अन्यान्य कार्यक्रम में अलग.अलग समय पर नया मोड़ स्थित भगवान बिरसा की प्रतिमा पर बोकारो विधायक बिरंचि नारायणएजिला प्रशासन के पदाधिकारियोंएराजनीतिक व सामाजिक संगठनों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

एक नये सफर की शुरुआत कार्यक्रम आयोजित

बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट से नवम्बर में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों हेतु मानव संसाधन विकास केंद्र के मुख्य प्रेक्षागृह में एक नए सफर की शुरूआत नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सीनियर डीएमओ ;चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएद्ध डॉ साकेत मिश्रा और योग विशेषज्ञ डॉ विनय योग ने इस्पात कर्मियों को स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया तथा उप महाप्रबंधक ;वित्त एवं लेखाद्ध एस के राय एवं चीफ मैनेजर एसबीआईएचास राजेश कुमार ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। सुश्री तृप्ति ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया।

राजगंज में जरूरतमंदों को मिला कंबल

राजगंज। राजगंज के बालिका मध्य विद्यालय परिसर में राजगंज की ग्रीन समिति नामक पर्यावरण सुरक्षा को समर्पित सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भानु प्रताप कुम्हार फाउंडेशन की ओर से सैकड़ो की संख्या में मौजूद गरीब ,लाचार,विकलांग,विधवा व बुजुर्गो के बीच कम्बल वितरण किया गया।कम्बल वितरण स्व भानु प्रताप के सुपुत्र आनंद कुम्हार व मोहन कुम्हार की अगुआई में की गई।इस अवसर पर मुख्य रूप से राजगंज मुखिया बन्दना बारुई, सुनील साव, संदीप अग्रवाल, सुबोध चौरसिया, राहुल कुमार,मिथुन चौरसिया, सौरभ चौरसिया, सूरज सोनी,गौतम साव, सुरेश चौरसिया सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

भारत माता मंदिर न्यास समिति ने बिरसा मुंडा को किया याद

बेरमो/तेनुघाट कोर्ट। तेनुघाट शिविर संख्या संख्या 2 मे भारत माता मंदिर न्यास समिति की ओर से भगवान बिरसा मुंडा जयंती और झारखंड स्थापना दिवस भारत माता मंदिर परिसर में मनाया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष इदेश्वरी चौबेए उपाध्यक्ष गौतम कुमारए प्रवक्ता देवानन्द तिवारीए कोषाध्यक्ष लक्ष्मी कांत प्रसादए पांडव कुमार पाण्डेयए मुकेश कुमारए आशा रानी चौबेए शिवानी पाण्डेयए कैलु यादव सहित अन्य लोग मौजुद थे।

बंदियों ने मनाई भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

बेरमो/तेनुघाट कोर्ट। तेनुघाट जेल में जेल प्रशासन और बंदीओ के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उनकी फोटो पर माल्यार्पण और पुष्प गुच्छ अर्पित किया गया। इस अवसर पर बंदियों के द्वारा आदिवासी नृत्य के साथ .सथ ढोल नगाड़ा भी बजाया गया। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाते समय बंदियों में काफी उत्साह नजर आया। जेलर नीरज कुमार ने बताया कि हमें बिरसा मुंडा के आदर्शों को अपनाते हुए उनके बताए हुए मार्गदर्शन के ऊपर चलना चाहिए। जिससे हम अपने राज्य को विकास की ओर ले जा सकते हैं। उन्होंने अपील की वे यहाँ से निकलकर एक अच्छे नागरिक बनें।

जम्मू : धरती पर चिनार के सुर्ख पत्तों की कालीन

श्रीनगर। कश्मीर में इनदिनों मौसम अलग ही अंदाज में देश-दुनिया को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। चारों और लाल सुर्ख रंग के चिनार के पत्ते एक अलग ही फिजा का एहसास दिला रहे हैं। कश्मीर में पतझड़ का मौसम घाटी में रंग बिखेर रहा है। यहां के स्थानीय लोगों के साथ साथ यहां पहुंचे पर्यटकों का मन भी मोह रहा है। पतझड़ का यह मौसम न सिर्फ कश्मीर की सुंदरता में रंग बिखेर रहा है, बल्कि यहां आए पर्यटकों का मन भी मोह ले रहा है। पतझड़ कश्मीर को एक अनोखे अंदाज में पेश करता दिख रहा है। श्रीनगर का निशात मुगल बाग हो, शालीमार मुगल बाग हो या फिर चिनार बाग हर जगह चिनार के पेड़ों की सुंदरता देखते बन रही है। रौंगटे खडे. करने वाली ठंड और नजारों में बिखरे चिनार के सुर्ख पत्तों की लाली सांसों को थमा देती है, जिसे अनुभव करने के लिए आजकल देश-विदेश से पर्यटक कश्मीर घूमने आ रहे हैं। उधर, प्रदेश प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी से पहाड़ बर्फ की सफेद चादर में ढक गए हैं। गुलमर्ग, गुरेज, टनमर्ग, सोनमर्ग, सादना टॉप, राजदान, माछिल, में हिमपात से अलग ही नजारा देखने को मिल रहा है।

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर देश भर में कार्यक्रम

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आदिवासियों के भगवान बिरसा मुंडा की 147वीं जयंती पर मंगलवार को उन्हें याद किया तथा श्रद्धांजलि अर्पित की। आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जयंती पर महाराष्ट्र के वाशिम जिले में राहुल गांधी ने कहा, 'आदिवासी देश के मूल मालिक हैं और उनके अधिकार सबसे पहले आते हैं।' भाजपा संविधान पर प्रतिदिन हमला करती है क्योंकि वह यह स्वीकार नहीं करना चाहती कि दलितों, आदिवासियों और गरीबों को अधिकार मिलने चाहिए।

जनजातीय समुदाय की कई विशेषताएं अनुकरणीय देश के विकास से जुड़ा है उनका विकास : द्रौपदी मुर्मू

एजेंसी

शहडोल। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर कहा कि जनजातीय समुदाय की कई विशेषताएं अनुकरणीय हैं और उनका विकास देश के विकास से जुड़ा है। श्रीमती मुर्मू मध्यप्रदेश के शहडोल जिले के लालपुर में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस के राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहीं थीं। इस अवसर पर सीएम शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा भी मौजूद थे। समारोह में राष्ट्रपति मुर्मू ने राज्य में पेसा एक्ट (अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायतों का विस्तार संबंधी अधिनियम) संबंधित नियमावली

भी जारी की। कार्यक्रम में ही सीएम चौहान ने राज्य में पेसा एक्ट लागू करने की औपचारिक घोषणा की थी। इस अवसर पर श्रीमती मुर्मू ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस के इस समारोह में सभी जनजातियों के लोग उपस्थित हैं, जो उनके प्रति जनजातीय समुदाय के विशेष प्रेम का परिचायक है। उन्होंने इतने व्यापक स्तर पर आयोजित इस समारोह के लिए राज्य सरकार को साधुवाद भी दिया। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार इस समुदाय के विकास कार्यों में जुटी है। इस वर्ग का विकास देश के विकास से सीधे तौर पर जुड़ा है।

मंत्री की अभिव्यक्ति की आजादी पर फैसला सुरक्षित

नयी दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इस मुद्दे पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया कि क्या सार्वजनिक पदाधिकारियों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है। जस्टिस अब्दुल नजीर के नेतृत्व में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। जस्टिस नजीर के अलावा बेंच के अन्य जज जस्टिस बीआर गवई, एएस बोपन्ना, वी रामसुब्रमण्यम और बीवी नागरत्ना थे। क्या कोई मंत्री सरकार के खिलाफ बोल सकता है? अदालत सार्वजनिक पदाधिकारियों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से संबंधित मुद्दों पर विचार कर रही थी। इस मामले में यह शामिल है कि क्या कोई मंत्री केंद्र सरकार की कानून और नीति के खिलाफ बोलने के लिए भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का दावा कर सकता है।

भारत के महान्यायवादी आर वेंकटरमणि ने सुनवाई के दौरान कहा कि इस मामले में पूछे गए सवाल भौतिक नहीं हैं।

श्रद्धा मर्डर केस : 35 टुकड़ों में से करीब 13 मिले

नयी दिल्ली। राजधानी दिल्ली में लिव इन पार्टनर की हत्या मामले में महरौली पुलिस ने आरोपी आफताब को कोर्ट में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर लिया है, ताकि श्रद्धा वालकर के शव के टुकड़ों को ढूंढा जा सके और पूरी साजिश का पदार्फाश किया जा सके। पुलिस को सोमवार शाम तक शव के 35 टुकड़ों में से करीब 13 मिल गए हैं। सभी टुकड़े हड्डियों में रूप में मिल रहे हैं। आफताब पुलिस को ये कहकर गुमराह करता रहा कि झगड़ा होने के बाद श्रद्धा छोड़कर चली गई है।

जी20 शिखर सम्मेलन : पीएम मोदी ने एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा

वैश्विक चुनौतियों से दुनिया तबाह

● मोदी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि जब गौतम बुद्ध और महात्मा गांधी की धरती पर जी-20 की बैठक होगी, तो हम सभी एकसाथ विश्व को शांति का ठोस संदेश देंगे

एजेंसी

बाली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंडोनेशिया के बाली के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। जी-20 शिखर सम्मेलन के एक सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कई मुद्दों पर अपनी बात रखी और भारत का रुख स्पष्ट किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन, कोविड-19 वैश्विक महामारी और यूक्रेन संकट के कारण उत्पन्न वैश्विक चुनौतियों ने दुनिया में तबाही मचा दी है और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला चरमरा गई है। भारत की जी-20 की आगामी अध्यक्षता के संदर्भ में पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि जब गौतम बुद्ध और महात्मा गांधी की धरती पर जी-20 की बैठक होगी, तो हम सभी एकसाथ विश्व को शांति का ठोस संदेश देंगे।

रूस-यूक्रेन को मोदी का मैसेज, डिप्लोमेसी पर लौटना होगा : इंडोनेशिया की धरती से पीएम मोदी ने रूस और यूक्रेन में जारी जंग पर दो टूक में कहा कि डिप्लोमेसी के रास्ते पर लौटना ही होगा। पीएम ने कहा कि मैंने बार-बार कहा है कि हमें यूक्रेन में युद्ध-विराम और कूटनीति के रास्ते पर लौटने का तरीका तलाशना होगा। पिछली शताब्दी में द्वितीय विश्व युद्ध ने दुनिया में कहर बरपाया था। यूक्रेन संघर्ष पर उन्होंने बातचीत के माध्यम से संकट को हल करने का आह्वान दोहराया।

आज भी होगी वैश्विक नेताओं से मुलाकात

पीएमओ ने ट्वीट किया कि जी20 शिखर सम्मेलन से इतर पीएम मोदी आज इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो, स्पेन के पीएम पेड्रो सांचेज, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और सिंगापुर के पीएम ली सीन लूंग के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। उन्होंने सेनेगल के राष्ट्रपति और अफ्रीकी संघ के अध्यक्ष मैकी साल से भी मुलाकात की।

जब डिनर पार्टी में टकरा गये मोदी-जिनपिंग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच ये मुलाकात जी20 नेताओं की डिनर पार्टी के दौरान हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने शिष्टाचार के साथ मुलाकात की। ये रात्रिभोज इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो द्वारा आयोजित किया गया था। शी और पीएम मोदी की मुलाकात का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें दोनों नेता हाथ मिलाकर बात करते हुए नजर आ रहे हैं। बता दें कि दोनों के बीच यह मुलाकात पहले से तय नहीं थी। दोनों नेताओं के बीच ये मुलाकात काफी ध्यान आकर्षित किया है।

बाली में भारत का बाहुबल, मोदी से हाथ मिलाने खुद आगे आये बाइडेन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन बाली में चल रहे जी 20 सम्मेलन में हिस्सा ले रहे है। इस बीच एक वीडियो सामने आया है जिसमें देखा जा सकता है कि सम्मेलन के लिए अपनी जगह पर बैठने से पहले बाइडेन खुद पीएम मोदी के पास आते हैं और उनसे हाथ मिलाते हैं। इसके बाद दोनों नेताओं के बीच कुछ देर बातचीज भी होती है जिसके बाद बाइडेन मोदी के कंधे पर हाथ रखते हुए फिर से उनसे हाथ मिलाते नजर आते हैं। इस दौरान पीएम मोदी उनसे कुछ कहते हैं जिसे सुनकर वो हंस पड़ते हैं। इस दौरान भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी मौजूद होते हैं।

जी20 के मंच पर दो भारतीय

इंडोनेशिया के बाली में जी20 शिखर सम्मेलन में दुनियाभर के दिग्गज नेताओं का जमावड़ा लगा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक-एक कर वैश्विक नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। मगर एक मीटिंग जिसने सबसे ज्यादा ध्यान खींचा, वो था ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और पीएम मोदी की। वैश्विक मंच पर दो हिंदुस्तानियों की इस मुलाकात पर सभी की निगाहें रुक गईं। पिछले महीने सुनक के सत्ता संभालने के बाद से दोनों के बीच यह पहली आमने-सामने हुई बातचीत थी। पीएमओ ने एक ट्वीट में कहा, 'बाली में जी20 शिखर सम्मेलन के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऋषि सुनक ने चर्चा की'। इससे पहले अक्टूबर में ब्रिटेन का प्रधानमंत्री बनने के बाद ऋषि सुनक और पीएम मोदी के बीच बातचीत हुई थी।

भारतीय समुदाय से बोले मोदी 2014 के बाद बदल गया भारत

अब स्पीड और स्केल पर कर रहा काम

एजेंसी

बाली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडोनेशिया के बाली में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत के टैलेंट, टेक्नोलॉजी, इनोवेशन, इंडस्ट्री ने आज दुनिया में अपनी पहचान बनाई है। अब भारत छोटा सोचता ही नहीं है। स्टैच्यू बनाएगा तो सबसे बड़ा, स्टेडियम बनाएगा तो सबसे बड़ा। 10 में से एक यूनिकॉर्न भारत का होता है।

2014 से अमेरिका की कुल आबादी के बराबर बैंक खाते खोले गए। 2014 से पहले के और अब के भारत में अंतर है। आज भारत स्पीड और स्केल पर काम कर रहा है। आज भारत तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। 2014 के पहले 2014 के बाद के भारत में बहुत बड़ा फर्क स्पीड और स्केल का है। आज भारत अभूतपूर्व स्पीड से काम कर रहा है। अप्रत्याशित स्केल पर काम कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी में आज विश्व की भारत से अपेक्षाएं हैं, जो आशाएं हैं, भारत उन्हें भी अपनी जिम्मेदारी के रूप में देखता है। आज अपने विकास के लिए भारत जब अमृतकाल का रोडमैप तैयार करता है, तो उसमें दुनिया की आर्थिक राजनीतिक आकांक्षाओं का भी समावेश है। आज जब भारत आत्मनिर्भर भारत का विजन सामने रखता है, तो उसमें ग्लोबल गुड की भावना भी समाहित हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में हमने देखा है, भारत ने दवाइयों से लेकर वैक्सीन तक जरूरी संसाधनों के लिए आत्मनिर्भरता हासिल की है।

उसका लाभ पूरी दुनिया को मिला। भारत के सामर्थ्य ने कितने ही देशों के लिए एक सुरक्षा कवच का काम किया है।

बाली का माहौल ऊर्जा देता है : मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि इंडोनेशिया, बाली आने के बाद हर हिंदुस्तानी को एक अलग ही अनुभूति होती है, एक अलग ही एहसास होता है। मैं भी वही वाइब्रेशन महसूस कर रहा हूं. बाली का माहौल ऊर्जा देता है। इंडोनेशिया ने परंपरा को जीवंत रखा है। इंडोनेशिया के साथ भारत का हजारों सालों का रिश्ता है। ओडिशा में बाली महोत्सव मनाया जा रहा है। इंडोनेशिया के विकास में आप लोग योगदान दे रहे हैं। सिंधि परिवार ने यहां बेहतरीन काम किया है।

दुनिया की आबादी 800 करोड़ तक पहुंची

विशेषज्ञों ने बढ़ती वैश्विक आबादी को भारत के लिए बताया अवसर

एजेंसी

नयी दिल्ली। दुनिया की आबादी 800 करोड़ के आंकड़े को पार कर रही है। जनसंख्या के इस आंकड़े को कहीं चिंता के तौर पर देखा जा रहा है तो कुछ विशेषज्ञों ने इसे भारत के लिए 'अवसर' करार दिया है। इनका कहना है कि लोगों को संसाधन के निमार्ताओं के तौर पर देखा जाना चाहिए। साथ ही जोर दिया कि फोकस इक्विटी और इक्वैलिटी पर होना चाहिए। साथ ही बुजुर्ग होती आबादी के लिए सतर्कता और सावधानी भी होनी चाहिए।

800 के आंकड़े तक पहुंची वैश्विक आबादी

मंगलवार को दुनिया की आबादी 800 करोड़ के आंकड़े तक पहुंच गई। इन आंकड़ों में बड़ी हिस्सेदारी भारत की है। संयुक्त राष्ट्र ने भारत का नाम लेते हुए कहा कि यहां की आबादी 17.7 करोड़ है। वहीं चीन की आबादी 7.3 करोड़ है। पीएफआइ ने कहा कि इतनी बड़ी आबादी की खुशहाल और स्वस्थ जिंदगी के लिए बेहतर प्लानिंग के लिए भारत इसे अवसर के तौर पर देख सकता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, 11 जुलाई को जारी विश्व जनसंख्या परिप्रेक्ष्य 2022, 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस पर रिलीज किया गया था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि वैश्विक जनसंख्या 1950 से ही सबसे कम दर के साथ बढ़ रही है। 2020 में तो यह दर 1 फीसद से भी कम हो गई थी।

स्वास्थ्य में सुधार का दे रहा संकेत : संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि वैश्विक आंकड़ा सार्वजनिक स्वास्थ्य में बड़े सुधार का संकेत देता है जिसने मृत्यु के जोखिम को कम किया है और जीवन प्रत्याशा में वृद्धि की है। वैश्विक निकाय ने कहा कि यह पल मानवता के लिए संख्याओं से परे देखने और लोगों व पृथ्वी की रक्षा के लिए अपनी साझा जिम्मेदारी को पूरा करने का एक स्पष्ट आह्वान है और शुरूआत सबसे कमजोर लोगों के साथ होनी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने शिवसेना के दोनों धड़ों के विवाद पर जल्द फैसला लेने को कहा

नयी दिल्ली। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को दिल्ली हाईकोर्ट से तगड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने शिवसेना पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न के इस्तेमाल पर रोक लगाने के निर्वाचन आयोग के अंतरिम आदेश के खिलाफ दायर उद्धव ठाकरे की याचिका खारिज कर दी है। इसके साथ ही कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा कि वह शिवसेना के दो धड़ों के बीच जारी विवाद पर जल्द से जल्द फैसला करे।

सेंसेक्स 300 अंक चढ़ा

मुंबई। शेयर बाजार में मंगलवार के कारोबारी सेशन में कई बार उतार-चढ़ाव देखने को मिला। बाजार बंद होते समय सेंसेक्स 248.84 अंकों की मजबूती के साथ 61872.99 अंकों पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 74.25 अंकों की मजबूती के साथ 18,403.40 अंकों के लेवल पर बंद हुआ।

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जैकलीन फर्नांडीज को मिली जमानत

नयी दिल्ली। 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को बड़ी राहत मिल गई है। पटियाला हाउस कोर्ट ने मंगलवार को अभिनेत्री को 2 लाख रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि में एक जमानतदार पेश करने की शर्त पर जमानत दी है।

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पुरुष हॉकी टीम घोषित

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया ने 26 नवंबर से एडिलेड में शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया के आगामी दौरे के लिए 23 सदस्यीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा मंगलवार को की। भारत 13 जनवरी से शुरू होने वाले हॉकी पुरुष विश्व कप भुवनेश्वर-राउरकेला 2023 की तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैच खेलेगा।

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिये भारतीय टीम : कृष्ण बहादुर पाठक, श्रीजेश रवींद्रन, जरमनप्रीत सिंह, सुरेंद्र कुमार, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), अमित रोहिदास (उपकप्तान), जुगराज सिंह, मनदीप मोर, नीलम संजीप एक्स, वरुण कुमार, सुमित, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, शमशेर सिंह, नीलकांत शर्मा, राजकुमार पाल, मोहम्मद रहील मौसीन, आकाशदीप सिंह, गुरजंत सिंह, मनदीप सिंह, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह।

कीरोन पोलार्ड ने आइपीएल से संन्यास लिया

मुंबई। वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर और आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले कीरोन पोलार्ड ने भारत की सबसे बड़ी लीग से संन्यास का एलान कर दिया है। अब वह टीम के साथ एक नए रोल में दिखेंगे। मुंबई इंडियंस ने पोलार्ड को बैटिंग कोच नियुक्त किया है।

न्यूजीलैंड ने बोल्ट, गप्टिल को टीम से बाहर रखा

क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड ने नये दौर में प्रवेश का अंदेशा देते हुए अनुभवी ओपनर मार्टिन गप्टिल और तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट को भारत के खिलाफ होने वाली सीमित ओवर शृंखलाओं के लिये टीम में शामिल नहीं किया है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच 18 नवंबर से शुरू होने वाली टी20 शृंखला शुरू होनी है, जबकि तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज 25 नवंबर से खेली जाएगी।

स्पीड न्यूज

चैनपुर में मनाया गया स्थापना दिवस

चैनपुर। चैनपुर प्रखण्ड मुख्यालय के पंचायत सचिवालय भवन में मंगलवार को भगवान बिरसा मुण्डा जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस मनाया गया। चैनपुर मुखिया शोभा देवी, पंचायत समिति सदस्य आशा लकड़ा सहित सभी जनप्रतिनिधियों ने भगवान बिरसा मुण्डा के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि दी और उनके सपनो को पूरा करने हेतु समृद्ध राज्य के निर्माण का संकल्प लिया। वहीं झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर क्षेत्र के कई गरीब असहायो के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर वार्ड सदस्य ख्रीस्तोफर लकड़ा, रेखा तिर्की,रश्मि भारती,उमा भगत,संदीप भगत,अरविंद मौर्य सहित कई लोग मौजूद थे।

भाजपा ने बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि

डुमरी। भारतीय जनता पार्टी डुमरी मंडल के द्वारा मंडल अध्यक्ष श्री विजय प्रसाद केसरी के नेतृत्व में झारखंड स्थापना दिवस और जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मौके पर नितेश गुप्ता (प्रिंस), अनिरुद्ध चौधरी, ताराचंद जयसवाल, अमित सिंह, सुखराम नायक, सतेंद्र महतो, मुकेश कुमार अन्य भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

भगवान बिरसा मुंडा के योगदानों का भुलाया नहीं जा सकता : राकेश प्रसाद

भुरकुंडा (रामगढ़)। भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा द्वारा मंगलवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाई गई। मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा के नेतृत्व में कार्यक्रम की शुरूआत झारखंड राज्य के पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित वीर बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। मौके पर राकेश प्रसाद ने बिरसा मुंडा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग चलने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के योगदानों को भुलाया नहीं जा सकता। मौके पर एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष कुमेल उरांव, एसटी मोर्चा के अध्यक्ष अखिलेश टोप्पो, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमितेश सिंह, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष लक्ष्मी देवी, भुरकुंडा मंडल के सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह, ओबीसी मोर्चा दक्षिणी प्रमंडलीय सह प्रभारी योगेश दांगी, जिला मंत्री संजीव कुमार बावला, अशोक सोनी, शंकर प्रसाद, ज्योति सिंह, अमिता, देवकुमार सिंह, सोनू कुशवाहा, प्रेम दुबे, नरेश जयसवाल, शैलेश कुशवाहा, अनिल पासवान, आनंद मंडल, अनिल कुमार हंसदा, कार्तिक मुर्मू, राजकुमार साव, राकेश सिन्हा सहित दर्जनों भाजपाई मौजूद थे।

हर्षोल्लास के साथ भगवान बिरसा मुंडा की मनाई गई जयंती

कुजू। आदिवासी क्लब सारूबेड़ा के द्वारा मंगलवार को बिरसा स्थल, सारुबेडा कॉलोनी में भगवान बिरसा मुण्डा जी की 147 वाँ जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रेरणा पदाधिकारी ओपी सिंह व कुज्जू ओपी प्रभारी धनंजय प्रसाद मौजूद थे। आदिवासी रीति रिवाज के अनुसार आगत अतिथियों का स्वागत आदिवासी नृत्य, गाजे-बाजे व लोटा में पानी लेकर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा जी की तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पित किया गया।

चाचा नेहरू हर बच्चे को भारत का भविष्य मानते थे : अजय पांडेय

बासल (रामगढ़)। पतरातू उच्चरिंगा औद्योगिक क्षेत्र में स्थित जिंदल फाउंडेशन द्वारा संचालित ओमप्रकाश जिंदल कम्युनिटी कलेज में सोमवार को समारोह पूर्व धूमधाम से बाल दिवस मनाया गया। समारोह को संबोधित करते हुए संस्थान के प्राचार्य अजय पांडेय कहा कि पंडित नेहरू के बताए मार्ग पर चलकर ही हम देश राज्य और समाज का विकास कर सकते हैं। बाल दिवस वह दिन है जो हर किसी को स्कूली दिनों की याद दिलाता है। उन्होंने बताया कि हर साल 14 नवंबर को स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु की जन्म दिवस के दिन मनाया जाता है।

भगवान बिरसा मुंडा हमारे आदर्श हैं हम सभी को उनका अनुशरण करना चाहिए :जेपी पटेल

पैंकी में आयोजित बिरसा मुंडा जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए स्थानीय विधायक जेपी पटेल

खबर मन्त्र संवाददाता

कुजू। भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंगलवार को भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप मे मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्र के पैंकी चौक स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर विधायक जयप्रकाश भाई पटेल व मौजूद अन्य भाजपा कार्यकताओं द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी व संचालन महामंत्री सुनील प्रसाद साहू ने किया। धन्यवाद ज्ञापन रामचंद्र मुंडा ने किया। बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने मांडू विधानसभा क्षेत्र के सभी लोगों को झारखंड अलग राज्य स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के संधर्ष एवं अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ उनके नारा अंग्रेजों भारत छोड़ो की ललकार ने देश की आजादी में अहम भूमिका निभाई थी। आज हम सब उनके ऋणी हैं। आज इस प्रमुख दिवस को देश के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी ने जनजातीय गौरव दिवस की रूप मे पिछले वर्ष घोषित किया था, जो हमारे आदिवासी भाई-बहनों के प्रति उनके सम्मान को दशार्ता हैं। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजू चतुवेर्दी, मंडल अध्यक्ष मनोज गिरी, सुनिल साहू, रंजन फौजी, आनंद बेदिया, बलराम महतो, चन्द्रशेखर चौधरी, किरण देवी,उमेश साव,रमेश वर्मा ,दीनदयाल कुमार, निरज झा,प्रिया करमाली,राजेश करमाली,हरि महतो,नरोत्तम सिहं,सोनू कुशवाहा, धीरज कुमार, प्रवीण सोनू,अर्जुन यादव, बिनोद बिहारी महतो, मुकेश ठाकुर, प्रदीप शर्मा, राजेश करमाली, रवि साहू, पूर्व मुखिया अशोक कुमार, चंद्रशेखर चौधरी, अर्जुन कुशवाहा, विनोद प्रसाद, अरुण कुशवाहा, रामेश्वर महतो, इंद्रदेव ठाकुर, सौदान सिंह, वासुदेव गिरी, प्रोफेसर जग्गू महतो, विजय गिरी, लोकनाथ रजवार, पिंटू लाला, मनोज महतो, मुकेश पाठक सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कार्यक्रम में शामिल लोग

बिरसा मुंडा के अधूरे सपने को पूरा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धाजंलि होगी : नारायण चंद्र

भदानीनगर (रामगढ़)। लपंगा पंचायत के कोल कंपनी में मंगलवार को फ्रेंड्स क्लब के तत्वावधान में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती सह झारखंड की स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक, सांसद प्रतिनिधि सुमंत कुमार सिंह, भाजपा एससी मोर्चा के जिला प्रभारी जुगल नायक व भदानीनगर मंडल उपाध्यक्ष अनूप कुमार ठाकुर ने भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर माल्यार्पण कर की। मौके पर श्री भौमिक ने बिरसा मुंडा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के अधूरे सपने को पूरा करना हमसबों का दायित्व है। इसके पूर्व फ्रेंडस क्लब द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर आकाश करमाली, दीपक करमाली, सूबेदार एचएन यादव, छोटू करमाली, अनिल वेदिया, लालजी पंडित? ओमप्रकाश गुप्ता, राजा छोटू, राजू करमाली, गणेश राम, शेरू नायक, आनंद कुजूर, अजय रविंद्र आदि मौजूद थे।

ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों की छुपी प्रतिभा निखरती है : अमित

सौंदा पब्लि स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। सौंदा पब्लिक स्कूल सौंदा बस्ती में बाला दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सचिव अमित कुमार साहू ने पंड़ित जवाहर लाल नेहरू के तस्वीर पर माल्यार्ण कर व दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर जूनियर वर्ग के बच्चों के लिए बिस्कुट रेस, बलून रेस व म्यूजिकल चेयर रेस का आयोजन किया गया। वहीं सीनियर वर्ग के लिए कला, निबंध, रंगोली, मेहंदी, तीन पैरों का दौड़, मैथेमेटिक्स रेस आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। सफल प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए सचिव अतिम साहू ने कहा कि ऐसे आयोजनो से बच्चों की छुपी प्रतिभा निखरती है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ इस तरह के प्रतियोगिताओं से बच्चों में नये उर्जा का संचार होता है। श्री साहू ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास ही विद्यालय का उद्देश्य है। विद्यार्थियों को हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के लिए विद्यालय प्रबंधन हर सार्थक कदम उठाती रहेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक विजय पांडेय, नीरज सिन्हा, नित्यानंद, संजय, सुमन, अर्पणा, चंचला, नेहा सिन्हा, शालू, प्राची आदि का योगदान रहा।

दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते सचिव अमित साहू

बिरसा मुंडा महान स्वतंत्रता सेनानी थे: बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

घाघरा। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय घाघरा सहित कई शिक्षण संस्थानों में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने माला पहना कर श्रद्धांजलि दी। वहीं स्वामी विवेकानंद ज्ञान भारती स्कूल घाघरा में सामूहिक रूप से शिक्षक व विद्यार्थियों ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती व झारखंड स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया। मौके पर बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने कहा बिरसा मुंडा महान स्वतंत्रता सेनानी थे जो देश के लिए 25 वर्ष की उम्र में शहीद हो गए। वहीं विवेकानंद ज्ञान भारती स्कूल के निदेशक भवानी प्रसाद राय ने कहा भगवान बिरसा मुंडा के जयंती के अवसर पर हमारा राज्य झारखंड को बिहार से अलग कर झारखंडियों को अपना हक दिया गया। राज्य ही नहीं पूरा देश भगवान बिरसा मुंडा के ऋणि है। इस मौके पर मुख्य रूप से बीडीओ विष्णुदेव कच्छप,उपप्रमुख शिवा देवी,आसिष सोनी,अमित ठाकुर, राजेश उरांव, राजेश पंडित, भवानी प्रसाद राय, लीलावती उरांव, तरुण वर्मा, महेंद्र एक्का, अनिता देवी, दीपिका कुमारी, रिंकी कुमारी, रजनी कुमारी, रूपा कुमारी, सावित्री देवी, पार्वती देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

बिरसा मुंडा की जयंती पर उन्हें नमन करते बीडीओ

रायडीह में मना जनजाति गौरव दिवस

कार्यक्रम को संबोधित करते मिशिर कुजूर

रायडीह। रायडीह प्रखण्ड के केमटे पंचायत अंतर्गत लाटू चारटोली में जनजाति गौरव दिवस मनाया गया। जिसमें वनवासी कल्याण केन्द्र के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एच पी नागू, संगठन मंत्री संदीप कपेश्वर, भाजपा जिला महामंत्री मिशिर कुजूर, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में गरीब और असहाय वृद्धों को कम्बल का वितरण किया गया। इस अवसर पर मिशिर कुजूर ने कहा कि ये धरती हमारे धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की है और हमे हमारी जनजाति को पहचाने की जरूरत है। क्योंकि अभी की सरकार हमारे विरोध में काम कर रही है। कोई भी ऐसा मंत्री नहीं हमारे बिरसा मुंडा की प्रतिमा को नमन किया। बनवासी कल्याण केंद्र के संगठन मंत्री संदीप कपेश्वर ने कहा कि हम सभी की जाति भगवान के द्वारा बनाई गई है। इसे आप धरती पर बदल नहीं सकते है इसलिए सभी कोई अपने आप को पहचानीये। इस मौक पर मुखिया बिश्वनाथ बड़ाईक, हीरा प्रसाद सिंह देवनंदन सिंह दामोदर साहू, उमेश जी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासियों के योगदानों का भुलाया नहीं जा सकता : प्राचार्य विजयंत कुमार

भुरकुंडा (रामगढ़)। एला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल भुरकुंडा द्वारा राज्य स्थापना दिवस के मौके पर मंगलवार को प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभातफेरी में शामिल विद्यार्थी झारखंडी संसति व आदिवासी परिधान पहन इसे रोचक बना दिया था। इससे पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य विजयंत कुमार द्वारा बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। मौके पर उन्होंने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में आदिवासियों के योगदानों को भुलाया नहीं जा सकता। प्रभात फेरी बिरसा चौक से लेकर विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए पुनः स्कूल प्रांगण पहुंचा। इस दौरान बिरसा मुंडा अमर रहे के नारे से क्षेत्र गूजता रहा। वहीं स्कूल परिसर में विद्यालय के बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक भाषण, कविता, नारे, निबंध आदि प्रस्तुत किए गए। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा संथाली गीत पर सांसतिक नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक मोहनलाल बेदिया, ष्ण कुमार, अंजू पटेल, धर्मेश कुमार सोनी, जय किशोर महतो, सूरज देव सिंह, कुमार विश्वक्सेन, सिद्धार्थ कुमार, गौरव कुमार, शबाना खातून, ललिता देवी, बबीता सिंह, सरिता कुमारी, वर्षा टेटे, सीमा हेंब्रम, सोनी कुमारी, सीमा मुंडा, गीता कुमारी, वैभव कुमार, नीतू सिंह आदि का विशेष योगदान रहा।

झामुमो जिला अध्यक्ष ने सभी को माला पहनाकर किया पार्टी में स्वागत

खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। जेएमएम जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के नेतृत्व में जिला कार्यालय में लोहरा समाज की केंद्रीय अध्यक्ष बालमुकुंद लोहरा ने अन्य पार्टी के कार्यकताओं के साथ झामुमो का दामन थामा। मौके पर जिलाध्यक्ष मुजम्मिल अहमद सभी को माला पहनाकर पार्टी में शामिल किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मुजम्मिल अहमद ने कहा कि भाजपा लाख कोशिश कर ले लेकिन अपने नापाक मंसूबे में कभी कामयाब होने वाली नहीं है। जिस तरह से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड को सवारने में लगे हैं और झारखंड के विकास की गति को तेज बढ़ा रहे हैं। लोग दिन-ब-दिन झामुमो में शामिल हो रहे हैं इसी को देखते हुए भाजपा के केंद्रीय नेताओं ने हेमंत सोरेन को तरह तरह के इल्जाम लगाकर बदनाम करने का काम कर रहे हैं। जो कभी कामयाब नही होगा। बालमुकुंद लोहरा ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता ग्रहण करते हुए कहा की बालमुकुंद लोहरा ने कहा जेएमएम के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन के कुशल नेतृत्व एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष सह झारखंड के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व से प्रभावित होकर मैं झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता ग्रहण कर रहा हूं। सदस्यता ग्रहण करने वालों में महेश लोहरा,विजय बहादुर लोहरा, शंकर लोहरा, राजेश लोहरा, बीनू लोहरा, सुरेश उरावं , बंधन उरावं , चंदर लोहरा, संतराम लोहरा, अर्जुन लोहरा, भूषण लोहरा, विजय लोहरा, परमेश्वर लोहरा ,श्याम लोहरा, महिंद्र लोहरा, दिनेश लोहार, पंचम लोहरा, रमेश लोहरा ,अरुण लोहरा, श्यामलाल लोहरा, अजय लोहरा, कुलदीप लोहरा, सचिन लोहरा, मोहन लोहरा, ललुआ लोहरा, जितेंद्र लोहरा, विमला देवी ,राजमणि लोहरा, राजकुमारी लोहरा, शुकरमनी लोहरा, कलावती लोहरा, बसंत लोहरा , प्रमोद लोहरा ,बंगाली लोहरा ,सरवन लोहरा ,रामजन्म लोहरा, सीताराम लोहरा, संतोषी लोहरा, मुनि लोहरा ,लाली लोहरा, फुलमनी लोहरा, प्रेम लोहरा, नीमा लोहरा, रतनग लोहरा, हीरालाल लोहरा आदि सैकड़ों लोगों ने सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर जिला सचिव अनिल उरांव , उपाध्यक्ष ,मुकेश साहू, तिवारी उरावं, केंद्रीय सदस्य सरीता भगत, समीद अंसारी,सहदेव उरावं ,परवेज अंसारी ,जय उरावं ,शंकर उरावं सहित कई लोग मौजूद थे।

एक नजर में

वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने बिरसा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

मेदिनीनगर। वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने जिला सचिव विकाश यादव की अध्यक्षता में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयंती मनायी। प्रमंडलीय अध्यक्ष प्रिंस सिंह ने कहा की भगवान बिरसा मुंडा ने आजादी की लड़ाई लड़ने के साथ-साथ जनजातीय समाज के उत्थान और सनातन संस्कृति की रक्षा करते हुए राष्ट्र के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी । मौके पर जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह, विकास यादव, मोहित साहु ,विपिन यादव , निशांत दुबे ने अपने विचार व्यक्त किये। मौके वाईजेकेएसएफ जीएलए कॉलेज के अमित यादव, अभय यादव, निरंजन सिंह, जेएस कॉलेज अध्यक्ष अमित यादव, प्रियांशु कुमार, अभय कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी स्वास्तिक सिन्हा समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विहिप और बजरंग दल ने किया जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन

मेदिनीनगर। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती समारोह को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग ने जनजातीय गौरव दिवस के रूप में आयोजित किया। सर्वप्रथम विश्व हिंदू परिषद् बजरंग दल पलामू के प्रतिनिधि मंडल स्टेशन रोड स्थित बिरसा मुंडा के स्मारक पर माल्यार्पण करके उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डाला। मौकेपर बजरंग दल संयोजक संदीप कुमार दास ने भी भगवान बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। मौके पर विवेक कुमार चौबे, नगर विहिप उपाध्यक्ष विकाश कुमार कश्यप, नगर कार्य समिति सदस्य उमेश कुमार साहू, बजरंग दल नगर सह संयोजक रंजन राज, सूरज कुमार, बाशु कुमार, रिंकू कुमार, मनीष वर्मन शामिल थे।

करंट से बिजली मिस्त्री की मौत

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के दो नंबर टाउन स्थित एक निजी घर में बिजली का काम कर रहे बिजली मिस्त्री की मौत करंट लग जाने के कारण घटनास्थल पर ही हो गया। ज्ञात हो कि रामचंद्र शर्मा के पुत्र रोशन कुमार शर्मा वार्ड नंबर 20 निवासी सुनील यादव के घर में बिजली का काम कर रहे थे। जब वह बिजली के पोल पर चढ़कर लाइन को ठीक कर रहा था। उस वक्त 11 हजार वोल्ट विद्युत प्रवाह तार में हो रहा था अचानक रोशन तार के चपेट में आ गया।और पोल से नीचे गिर पड़ा। जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मौत होने के बाद सुनील यादव के परिजन अपने घर में ताला लगा कर भागने में सफल रहे। जबकि उसी मुहल्ला के निवासी भूषण सिंह अपने घर में बुलाकर बिजली का काम करवाया था। इसके बाद सुनील यादव की पत्नी ने मृतक रोशन शर्मा को अपने घर का लाइन ठीक करने को कहा और जैसे ही रोशन बिजली के पोल पर चढ़कर लाइन ठीक कर रहा था। कि उसकी मौत हो गई। इसके छोटे-छोटे तीन बच्चे हैं।परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो रखा है।इस मामले की तहकीकात में पुलिस जुट चुकी है।

भगवान बिरसा के अधूरे कार्यो को पूरा करने की जरूरत : सतीश

मेदिनीनगर। स्टेशन रोड बिरसा चौक पर आजसू पार्टी ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रध्दांजलि दी । काफी संख्या में आजसू पार्टी के कार्यकताओं ने जयंती पर नमन करते हुए माल्यार्पण किया।आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सह गढवा जिला प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि हमारी पार्टी भगवान बिरसा जयंती पर नमन करते हुए संकल्प लेती हैं झारखण्ड राज्य का जल जंगल जमीन को लुटने नहीं देंगे। झारखंड राज्य के स्थापना का उद्देश्य आज भी अधूरा है आजसू पार्टी संघर्ष के बदौलत राज्य का नव निर्माण करेगी। मौके पर केंद्रीय सचिव बिकेश शुक्ला, केंद्रीय सचिव इम्तियाज अहमद नजमी, केंद्रीय सचिव बिजय मेहता, जिला उपाध्यक्ष तुलसी शुक्ला, जिलाध्यक्ष संतन मेहता ने कहा कि अब झारखण्डी जनता करवट ले रही हैं राज्य बेहतर बनेगा। कार्यक्रम में आजसू छात्र संघ के पलामू जिला अध्यक्ष राहुल मिश्रा, छात्र नेता अभिषेक राज, बिनित शुक्ला, कमल शुक्ला, आशीष सिंह, आर्यन राज, नितीश मिश्रा, जिला के बरिष्ठ नेता संजू सिंह, लौकेश सिंह, चन्द्र शेखर सिंह छोटू, शिव शंकर प्रसाद, नरेन्द्र पाण्डेय, अधिवक्ता शक्ति सिंह, मंजीत मेहता, प्रेमकांत तिवारी, आजसू बुद्धिजीवी मंच के जिलाध्यक्ष डा0 श्यामदेव मेहता आदि सैकड़ों लोग शामिल हुए।

अभाविप ने प्रभात फेरी निकाल कर किया भगवान बिरसा को याद

मेदिनीनगर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पलामू के द्वारा जनजातीय गौरव दिवस सह झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रमंडलीय कार्यालय गणपति धर्मशाला से प्रभात फेरी की शुरूआत कर मेदिनीनगर रेलवे स्टेशन तक पहुंच कर स्टेशन के समीप अवस्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। प्रभात फेरी एवं माल्यार्पण कार्यक्रम की नेतृत्व मेदिनीनगर नगर इकाई के नगर मंत्री रामा शंकर पासवान ने किया। मौके पर उपस्थित जिला संयोजक अभय वर्मा ने कहा कि आदिवासी महानायक और स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुण्डा की जीवनी हम सभी के लिए प्रेरणादाई है। मौके पर नगर मंत्री रामा शंकर पासवान, विश्वविद्यालय प्रांत सह प्रमुख आनंद पांडे, जिला सहसंयोजक रोहित देव, विपिन यादव, प्रकाश पांडेय, उत्कर्ष तिवारी, राहुल कुमार चेरो आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

40 गरीबों के बीच उप प्रमुख ने किया कंबल का वितरण

घाघरा। घाघरा प्रखंड उपप्रमुख शिवा देवी ने टांगर शिकवार गांव में 40 असहाय गरीबों के बीच कंबल का वितरण मंगलवार को किया । इस क्रम में टांगर शिकवार अखड़ा के समीप सभी को कंबल प्रदान किया गया। मौके पर उप प्रमुख से ग्रामीणों ने गांव की बस्ती में पीसीसी पथ की मांग की। वही प्रखण्ड उपप्रमुख शिवा देवी ने कहा कि ठंड को देखते हुए सरकार द्वारा लोगों के बीच कंबल दी गई थी। जिसका वितरण वैसे लोग जो असहाय गरीब है उनके बीच की गई। मौके पर भाजयुमो अध्यक्ष असीस कुमार सोनी, अमित ठाकुर,दीपक चौरसिया,देवी ठाकुर,अगन मुंडा,जितवा मुंडा,जानकी देवी,गहनी देवी,हुस्नी देवी,गीता देवी,बासो देवी,फूलों देवी, सहित कई महिला पुरुष उपस्थित थे।

युवक व युवतियों को दिया गया प्रमाण पत्र

गुमला। झारखंड राज्य स्थापना दिवस तथा बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर पुलिस केन्द्र गुमला में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के नवयुवकों व नवयुवतियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के उपरांत राज्य स्थापना दिवस पर उनके बीच एसपी ऐहतेशाम वकारिव के द्वारा प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष चंद्र लाल सहित कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

राज्य स्थापना दिवस पर जिला स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित

गुमला। झारखंड राज्य के 22 वें स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को ज़िला स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट फेज 2 का आयोजन अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ उपायुक्त सुशांत गौरव द्वारा द्वीप प्रज्वलित करके किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने सभी अनुमंडल के टीमों से मुलाकात की एवं उनका मनोबल बढ़ाते हुए टूर्नामेंट के लिए शुभकामनाएं दी। जिला स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट 2022 (फेज 2) में बसिया, गुमला तथा चैनपुर अनुमंडल के टीमों ने भाग लिया। फुटबॉल टूर्नामेंट में बसिया अनुमंडल की टीम विजेता रही। वहीं गुमला अनुमंडल दूसरे तथा चैनपुर अनुमंडल की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया।